नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009
वर्ष : 12
अंक : 41
सोमवार, 07 से 13 नवम्बर 2022
मूल्य : 5 रू प्रति
रू 250 वार्षिक

बॉलीवुड से अच्छी फिल्में ईडी व सीबीआई बना रही : मुख्यमंत्री 03
जी-20 का नेतृत्व मिलना भारत के विश्व महाशक्ति बनने की दिशा में बड़ा कदम है 08

# NCR समाचार

रूस-यूक्रेन युद्ध व क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा 10
टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की ऐतिहासिक जीत 11


इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in
BY C.R.O. TEAM
twitter-@ncrsamacharlive
भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

यामी गौतम अभिनीत लॉस्ट का इफ्फी में प्रीमियर 12

# भारत दुनिया की उम्मीदों का केन्द्र बिन्दु बन गया है : मोदी

विशाखापत्तनम, एजेंसी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत दुनिया की उम्मीदों का केन्द्र बिन्दु बन गया है क्योंकि हम विकास की नई गाथा लिख रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ऐसे में, जब कई देश संघर्ष कर रहे हैं, दुनिया बहुत उत्सुकता से हमारी ओर देख रही है। कुछ देश आवश्यक वस्तुओं की कमी का, तो कुछ देश ऊर्जा संकट का सामना कर रहे हैं। लगभग हर देश अपनी अस्थिर अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित है।

आंध्र विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान से बुनियादी ढांचा विकास की विभिन्न योजनाओं की शुरूआत करने के बाद मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में निराशा के माहौल के बीच भारत प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा, ह्यह्ययह इसलिए संभव हुआ है कि भारत अपने नागरिकों की उम्मीदों और जरूरतों को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए काम कर रहा है। हमारी प्रत्येक नीति, प्रत्येक फैसले का लक्ष्य आम आदमी के जीवन को बेहतर बनाना है। मोदी ने कहा, आजादी के अमृत काल में देश विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा, विकास की यह यात्रा बहुआयामी है। इसमें आम आदमी के जीवन की जरूरतें भी जुड़ी हुई हैं तथा बेहतर और आधुनिक बुनियादी ढांचा का निर्माण भी शामिल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बुनियादी ढांचे पर अलग-अलग विचारों के चलते देश को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने समन्वित विचार को महत्व देने का नया रुख अपनाया है।

उन्होंने कहा, समन्वित विचार के साथ बुनियादी ढांचे का विकास पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय कार्य योजना के जरिये संभव हुआ है। इससे न केवल विकास को गति दी है, बल्कि परियोजनाओं की लागत भी घटा दी है।

# दिल्ली में प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने पर 1 हफ्ते में करीब 6,000 वाहनों का कटा चालान

एनसीआर समाचार



दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में बिगड़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए 4 नवंबर को लगाए गए। प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए दिल्ली में एक सप्ताह में लगभग 6,000 वाहनों का चालान किया गया।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, 11 नवंबर की सुबह 6 बजे तक 5,882 बीएस-ककक पेट्रोल और बीएस-क्ट डीजल वाहनों को रोका / चालान किया गया। वाहनों से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पिछले सप्ताह बीएस-ककक पेट्रोल और बीएस-क्ट डीजल वाहनों के चलने पर प्रतिबंध लगाया गया था। एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं जैसे आपातकालीन वाहनों को इस श्रेणी से छूट दी गई थी।

दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को इर-ककक और इर-क्ट वाहनों पर प्रतिबंध नवंबर तक बढ़ा दिया। एक अधिकारी ने कहा, "अगर आने वाले दिनों में शहर में वायु गुणवत्ता का स्तर बिगड़ता है तो प्रतिबंधों को और बढ़ाया जा सकता है।"

परिवहन विभाग ने प्रदूषण प्रतिबंधों का उल्लंघन करने के लिए दिल्ली में पंजीकृत 204 मध्यम माल और भारी माल वाहनों के चालान भी जारी किए। दिल्ली में ऐसे 16,213 पंजीकृत डीजल वाणिज्यिक वाहन हैं।

आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि 6 नवंबर तक प्रवर्तन विभाग ने 991 ट्रकों को सीमाओं पर रोक दिया और लगभग 691 ट्रकों को शहर में प्रवेश करने की अनुमति दी गई।

चार पहिया डीजल एलएमवी या हल्के मोटर वाहन चलाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया था और लगभग 82 ऐसे वाहनों को नियमों का उल्लंघन करने के लिए रोका / चालान किया गया था। दिल्ली में कुल 3 लाख डीजल वाहन और 2 लाख पेट्रोल वाहन हैं, जिनमें से ज्यादातर ऐसी कारें हैं जो इर-श्क अनुपालन नहीं करती हैं।

# गुजरात चुनाव : भाजपा ने जारी की 6 नामों की दूसरी सूची

अहमदाबाद, एजेंसी।




गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने 6 प्रत्याशियों की दूसरी सूची जारी की है। पहली सूची में 160 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की गई थी। दूसरी सूची के बाद अभी और 26 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा करना बाकी है।

एक दिन पहले शुक्रवार को भाजपा ने अपने 40 स्टार प्रचारकों के नाम की घोषणा कर चुनाव अभियान को गतिशील किया है। दूसरी सूची में भाजपा ने सूरत की चौरासी सीट से सीटिंग विधायक झंखना पटेल का टिकट काटकर भाजपा के जिला प्रमुख और प्रदेश अध्यक्ष सी आर पाटिल के करीबी संदीप देसाई को टिकट दिया है।

शनिवार को जिन सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए गए हैं उनमें धोराजी से महेंद्र भाई पाडलिया, खंभालिया से मुलुभाई बेरा, कुतियाना से ढेलिबेन मालदेभाई ओडेदरा, भावनगर पूर्व से सेजल राजीव कुमार पांड्या, डेडियापाड़ा से हितेश देवजी वसाया और चोयार्सी विधानसभा सीट से संदीप देसाई को टिकट दिया है। इस तरह भाजपा ने 182 सीटों में से 166 के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। उम्मीदवारों की पहली सूची में 160 नाम शामिल थे। गौरतलब है कि 182 विधानसभा सीटों वाले गुजरात में दो चरणों में मतदान होना है।

# जी-20 में डिजिटल पर रहेगा बल

नई दिल्ली, एजेंसी।




केंद्र सरकार अगले साल वहां आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में वैश्विक डिजिटल सार्वजनिक साधनों पर केंद्रित एक अलग इकाई रखने की योजना बना रही है। बिजनेस स्टैंडर्ड को पता चला है कि इसके तहत अन्य देशों को इंडिया स्टैक की विशेषज्ञता एवं आर्किटेक्चर की पेशकश की जाएगी।

भारत द्वारा पेश की गई दो सबसे बड़ी डिजिटल सार्वजनिक साधनों में ओपन सोर्स आर्किटेक्चर ऑफ आधार और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) शामिल हैं। सरकार देश भर में भुगतान, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण और कल्याणकारी योजनाओं के तहत हस्तांतरण में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के बाद वैश्विक स्तर पर क्यूआर-आधारित सत्यापन एवं भुगतान सेवाओं का विस्तार करने की कोशिश कर रही है। सूत्रों ने कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान डिजिटल सार्वजनिक साधनों पर केंद्रित एक अलग इकाई होने से इंडिया स्टैक के प्रौद्योगिकी समाधान को लागू करने के फायदों के बारे में जागरूकता फैलाने में भी मदद मिलेगी।

इंडिया स्टैक में सरकार समर्थित सेवाओं जैसे आधार, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई), ई-साइन, डिजिलॉकर आदि के ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर ऐप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस (एपीआई) शामिल हैं। ओपन-सोर्स मॉडल ने बड़े पैमाने पर कंप्यूटर भाषाओं के अलावा आर्किटेक्चर, एपीआई, लाइब्रेरी या लेक्सिकॉन, यूजर इंटरफेस और ऐप तैयार किए हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हरेक दो सप्ताह में एक बार विभिन्न देशों के प्रतिनिधिमंडलों का दौरा होता रहता है। आधार जैसी सेवाओं का अनोखापन यह है कि वे एक ओपन-सोर्स आर्किटेक्चर पर संचालित हैं। इससे यह सुनिश्चित होता है कि यह काफी विश्वसनीय और सस्ती है। इसने अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका के विकासशील देशों में काफी दिलचस्पी पैदा की है। ओपन नेटवर्क का उपयोग करने के पीछे विचार यह है कि डिजिटल परिवेश के सभी सदस्यों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। ऐसे में ऐप्लिकेशन डेवलपर इन्फ्रास्ट्रक्चर, मंजूरियों और ऐक्सेस के बारे में चिंता करने के बजाय बेहतर उपभोक्ता अनुभव और उत्पादों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

# संसद का शीतकालीन सत्र : इस बार नवंबर की बजाय 7 दिसंबर से हो सकता है शुरू

नई दिल्ली।



संसद का शीतकालीन सत्र आमतौर पर हर वर्ष नवंबर महीने के तीसरे सप्ताह के आसपास शुरू होता है लेकिन इस बार यह सत्र दिसंबर के महीने में शुरू होने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू हो सकता है और इसके 29 दिसंबर तक चलने की संभावना है। हालांकि, संसद के शीतकालीन सत्र की तारीखों को लेकर अंतिम और औपचारिक फैसला संसदीय मामलों की कैबिनेट समिति को ही करना है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, यह शीतकालीन सत्र संसद भवन के पुराने भवन में ही आयोजित किए जाने की संभावना ज्यादा है हालांकि सत्र की शुरूआत से पहले संसद भवन की नई इमारत का प्रतीकात्मक उद्घाटन भी किया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक, अगले वर्ष का पहला सत्र यानी बजट सत्र का आयोजन नए भवन में किया जा सकता है। आपको बता दें कि, दिसंबर महीने के पहले सप्ताह में 1 दिसंबर और 5 दिसंबर को गुजरात में मतदान होना है। गुजरात के इस चुनाव के लिए भाजपा, कांग्रेस और आप सहित अन्य कई राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत गुजरात में झोंक रखी है। इसलिए यह कहा जा रहा है कि गुजरात विधान सभा चुनाव की तारीखों की वजह से ही इस बार संसद का शीतकालीन सत्र मतदान के बाद यानी 7 दिसंबर से शुरू किया जा सकता है। हालांकि इसे लेकर अंतिम निर्णय और आधिकारिक घोषणा होनी अभी बाकी है।

# भारत वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अमेरिकी समर्थन मांगना जारी रखेगा : सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि भारत वैश्विक आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए अमेरिका पर निर्भर रहेगा। उन्होंने अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन के साथ भारत-अमेरिका आर्थिक वित्तीय साझेदारी की 9वीं बैठक से पहले अपनी शुरूआती टिप्पणी में यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा, हम वैश्विक आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक समन्वित तरीके से और बहुपक्षवाद को मजबूत करने के लिए अमेरिका के निकट सहयोग पर भरोसा करना जारी रखेंगे। सीतारमण ने आगे कहा कि भारत एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधानमंत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति के बीच महत्वपूर्ण और लगातार बातचीत और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के माध्यम से हमारे मजबूत संबंधों को मजबूत किया गया है। येलेन, जो पहले नई दिल्ली की एक दिवसीय यात्रा पर आई थीं, उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, हमें उम्मीद है कि हमने जो आपसी समझ बनाई है, वह हमारे साझा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने में मदद करेगी, जिसमें जलवायु परिवर्तन के अस्तित्व के जोखिम को कम करना, बहुपक्षीय संस्थान प्रदान करना और कई विकासशील देशों द्वारा सामना किए गए कर्ज के बोझ को दूर करना शामिल है।

# राष्ट्रपति पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर चौतरफा घिरे ममता के मंत्री


कोलकाता, एजेंसी।

पश्चिम बंगाल के कारागार मंत्री अखिल गिरी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उनका एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें वह राष्ट्रपति के लुक को लेकर शर्मनाक टिप्पणी कर रहे हैं। उनकी इस अभद्र टिप्पणी पर वहां मौजूद सैकड़ों तृणमूल कार्यकर्ता और नेता तालियां बजाते नजर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार गिरी ने यह टिप्पणी गुरुवार को पूर्व मेदनीपुर के नंदीग्राम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए की थी। भारतीय जनता पार्टी की बंगाल इकाई ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर यह वीडियो देर रात साझा किया है। इसमें अखिल गिरी कह रहे हैं, शुभेंदु अधिकारी कहते हैं कि मैं देखने में सुंदर नहीं हूं। हम राष्ट्रपति पद का सम्मान करते हैं लेकिन क्या कभी आपने अपनी राष्ट्रपति की सूरत देखी है? इस बयान को लेकर अखिल गिरी की चौतरफा आलोचना हो रही है। भाजपा ने उनकी टिप्पणी को तृणमूल कांग्रेस की आदिवासी विरोधी रवैये का परिचायक करार देते हुए कड़ी आलोचना की है। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा है कि ममता बनर्जी और उनके लोग शुरूआत से ही आदिवासियों के घोर विरोधी रहे हैं। जब देश के राष्ट्रपति के तौर पर पहली बार एक आदिवासी महिला के नाम का प्रस्ताव भाजपा ने दिया तब ममता बनर्जी ने उनका समर्थन नहीं किया।

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
कार्यालय:
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62
फोन:
8888883968,
9811111715

# दिल्ली एमसीडी चुनाव को लेकर केजरीवाल ने जारी किया घोषणा पत्र

एनसीआर समाचार



दिल्ली MCD चुनाव 2022 के लिए दिल्ली CM अरविंद केजरीवाल द्वारा आम आदमी पार्टी का घोषणा पत्र आज यानी शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने देश की राजधानी को और सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए घोषणापत्र में 10 गारंटी दी हैं। MCD चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने ये 10 वादे किए हैं,

1. कूड़े के पहाड़ का निपटारा करेंगे।
2. वसूली बंद होगी।
3. पार्किंग की समस्या समाप्त होगी।
4. आवारा जानवरों का समाधान होगा।
5. बेहतर सड़कें-गलियां बनाई जाएंगी।
6. शिक्षा-स्वास्थ्य को और बेहतर करेंगे।
7. सुंदर पार्क बनाए जाएंगे।
8. MCD कर्मचारियों को वेतन समय पर मिलेगा।
9. व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा।
10. भ्रष्टाचार खत्म होगा।

दिल्ली उट केजरीवाल ने कहा, 'आज हम आम आदमी पार्टी के घोषणापत्र में 10 गारंटी जारी कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी जो कहती है वही करती है, आप की गारंटी कभी नहीं टूटती। दूसरी पार्टियां भी पहले घोषणापत्र जारी करते हैं, लेकिन पूरा नहीं करते, फिर बाद में एक संकल्प पत्र लाते हैं। पिछली बार इन्होंने वादा किया कि निगम का पैसा सीधा केंद्र से लाएंगे, लेकिन ये 1 चवन्नी भी ला नहीं पाए। इनके नेता कहते है कि, केजरीवाल पैसे नहीं देता। एक भी गली को इन्होंने मरम्त नहीं की। कूड़ा मुक्त दिल्ली की बात कही, लेकिन गंदगी से नालियां भरी पड़ी हैं।

आगे उन्होंने कहा, 'BJP ने कहा था कि, कूड़े के पहाड़ को दिल्ली से पूरी तरह से खत्म कर देंगे और अब कह रहे हैं कि, कूड़े के पहाड़ तो हर शहर में होते हैं। लंदन-टोक्यो में कहां हैं कूड़े के पहाड़? मार्केट की सफाई की बात की। सदर जाकर देखिए कूड़ा भरा रहता है। इन्होंने कहा कि, भ्रष्टाचार खत्म करेंगे, फिर अपने सभी पार्षदों के टिकट काट दिए। भ्रष्टाचार बीजेपी करती है और जेल आप नेता सत्येंद्र जैन को भेजते हैं और तो और इन्होंने हमारे काम रोकने का प्रयास किया है। योगा क्लास तक रुकवा दी पर मैंने रुकने नहीं दी।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि, दिल्ली को सुंदर बनाएंगे। कूड़े के पहाड़ खत्म करेंगे। नए कूड़े के पहाड़ बनने नहीं देंगे। कूड़ा मैनेजमेंट करेंगे। लंदन-पेरिस से लोग बुलाएंगे, सड़कों और गलियों की सफाई करेंगे। भ्रष्टाचार मुक्त MCD बनाएंगे। बिल्डिंग के नक्शे पास कराने की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। हर लेंटर पर पैसे देना बंद होगा। घर के निर्माण के लिए नियम लाएंगे। ब्लैक मैलिंग रोकेंगे। पार्किंग की व्यवस्था होगी। बेहतर प्लान बनाएंगे। आवारा पशुओं से निजात दिलाएंगे। नगर निगम की सड़कों को ठीक करेंगे। नगर निगम स्कूल और अस्पताल बेहतर बनाएंगे। नगर निगम के पार्क बेहतर बनाएंगे। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करेंगे और हर कर्मचारी को 1 तारीख को सैलरी देंगे। व्यापारियों के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया आसान करेंगे। तरह-तरह की फीस खत्म करेंगे। इंस्पेक्टर राज खत्म करेंगे और सील दुकाने खोलेंगे।

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली – 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें।

## प्रधानमंत्री ने हिमाचल के मतदाताओं से नया कीर्तिमान बनाने की अपील की

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं से लोकतंत्र के पर्व में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने की अपील की। श्री मोदी ने ट्वीट में कहा, ÷आज हिमाचल प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों के लिए मतदान का दिन है। मैं देवभूमि के सभी मतदाताओं से पूरे जोश के साथ लोकतंत्र के त्योहार में भाग लेने और मतदान का नया कीर्तिमान बनाने का अनुरोध करता हूं।

प्रधानमंत्री ने उन युवा मतदाताओं को भी बधाई दी जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा, इस अवसर पर पहली बार मतदान करने वाले राज्य के सभी युवाओं को मेरी विशेष शुभकामनाएं। हिमाचल प्रदेश के 68 विधानसभा क्षेत्रों में 55 लाख से अधिक मतदाता मतदान करेंगे। नतीजे आठ दिसंबर को घोषित किए जाएंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी मतदाताओं से बड़ी संख्या में मतदान करके मजबूत सरकार चुनने की अपील की। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने भी राज्य के लोगों से मतदान प्रक्रिया में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने का आग्रह किया।

## फिलिस्तीन ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का किया स्वागत

**रामल्ला / एजेंसी।** फिलिस्तीन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पेश किए प्रस्तावों में चार प्रस्तावों को अपनाने का फैसला किया है। इसमें एक फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजरायली बस्तियों को अवैध करार देना भी शामिल है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फिलिस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी ने शुक्रवार को एक प्रेस बयान में कहा कि फिलिस्तीन ने प्रस्ताव के पक्ष में संयुक्त राष्ट्र के वोट और इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय समर्थन का स्वागत किया है। अल-मलिकी ने कहा, ये फैसले हमारे फिलिस्तीनी लोगों के वैध अधिकारों की पुष्टि करते हैं, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण आत्मनिर्णय का अधिकार और फिलिस्तीनी (शरणार्थियों) का अपने घरों में लौटने का अधिकार है।

शुक्रवार को, संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति ने इजरायल-फिलिस्तीनी मुद्दों पर चार प्रस्तावों को अपनाया, जिनमें से दो फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के जनादेश का विस्तार करने और फिलिस्तीनी शरणार्थियोंको सहायता प्रदान करने के पक्ष में थे।

बाकी दो प्रस्ताव फिलिस्तीनी शरणार्थियों की संपत्ति और उनके राजस्व के पक्ष में हैं। इसके अलावा, यह प्रस्ताव पूर्वी यरुशलम और सीरियाई गोलन समेत कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्र में इजरायली बस्तियों और प्रथाओं के खिलाफ हैं। फिलिस्तीनी 1967 में इजरायल के कब्जे वाले क्षेत्रों में एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य स्थापित करना चाहते हैं, जिसमें वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी और पूर्वी यरुशलम को अपनी राजधानी के रूप में शामिल किया गया है।

## रूस ने 200 और अमेरिकियों के देश में प्रवेश पर लगाई पाबंदी

**मास्को/ एजेंसी।** रूस के विदेश मंत्रालय ने वाशिंगटन द्वारा लगाए गए रूस विरोधी प्रतिबंधों के जवाब में 200 और अमेरिकी नागरिकों के अपने देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, नए ब्लैकलिस्ट किए गए लोगों में अधिकारी और उनके करीबी रिश्तेदार, कंपनियों के प्रमुख, रसोफोबिक अभियान में शामिल विशेषज्ञ और पैरवीकार शामिल हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के हवाले से मंत्रालय द्वारा जारी सूची के अनुसार अब तक 1,073 अमेरिकी नागरिकों के रूस में प्रवेश करने पर पाबंदी लगा दी गई है।

## तीन सत्रों में तेजी के रुख के बाद पाकिस्तानी रुपये में आई गिरावट

**इस्लामाबाद/ एजेंसी।** केंद्रीय बैंक के अनुसार पिछले तीन लगातार सत्रों में तेजी के रुख के बाद पाकिस्तानी रुपये (पीकेआर) में गिरावट आई है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के हवाले से कहा कि शुक्रवार को इंटरबैंक मार्किट में ग्रीनबैक का कारोबार 221.64 पीकेआर पर हुआ। आधिकारिक आंकड़ों से पता चला कि अमेरिकी डॉलर गुरुवार को 221.42 पीकेआर पर बंद हुआ, और सप्ताह के अंत में स्थानीय मुद्रा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 0.22 पीकेआर, या लगभग 0.10 प्रतिशत की गिरावट आई।

हाल ही में एसबीपी का विदेशी मुद्रा भंडार साप्ताहिक आधार पर 956 डॉलर मिलियन कम होकर लगभग 7.95 बिलियन डॉलर तक गिर गया है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार में कमी पाकिस्तान के लिए महत्वपूर्ण है। भुगतान संतुलन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पाकिस्तान को एक आमद की जरूरत है। भंडार में यह गिरावट दक्षिण एशियाई देश की विनिमय दर की स्थिति पर काफी दबाव डाल रही है।

# कोरोना महामारी में भारत ने पड़ोसी देशों को वैक्सीन दान कर पहुंचाई सहायता :उपराष्ट्रपति

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** देशों की मदद की, भारत ने उस समय पड़ोसी देशों को सहायता प्रदान की और कंबोडिया, थाईलैंड, सिंगापुर, मलेशिया, फिलीपींस, इंडोनेशिया, वियतनाम, लाओस को वैक्सीन दान कर मानवता की रक्षा की। यह बात देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कंबोडिया में कही। उपराष्ट्रपति नोम पेन्ह में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर मौजूद रहे।




ज्ञात रहे कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को आसियान-भारत स्मारक शिखर सख्मेलन और 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए तीन दिवसीय यात्रा पर कंबोडिया शुक्रवार को पहुंचे हैं। यहां पहुंचने पर कंबोडिया के डाक एवं दूरसंचार मंत्री सी. वांदेथ ने उनकी अगवानी की। इस अवसर पर धनखड़ ने कहा कि दोनों देश सदियों पुरानी सभ्यता से जुड़े हैं।

उपराष्ट्रपति शुक्रवार को कंबोडिया की राजधानी पहुंचे भारतीय प्रवासियों को संबोधित किया। धनखड़ ने कहा कि दोनों देश समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को साझा करते हैं और सदियों पुरानी सभ्यता से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि भारत में अवसरों से भरा हुआ है। हमारा देश सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन के मंत्र पर चलकर आर्थिक विकास के पथ पर बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कंबोडिया की राजधानी में प्रवासी भारतीयों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी के साथ यहां आकर बेहद खुशी हुई। वास्तव में भारत और कंबोडिया राजनयिक संबंधों के 70 साल पूरे होने का यह एक विशेष अवसर है। यह वर्ष भारत-आसियान मैत्री वर्ष के साथ भारत-आसियान संबंधों की 30वीं वर्षगांठ भी है। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भारत के कदमों को लेकर धनखड़ ने कहा कि भारत ने आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने का मील का पत्थर हासिल कर लिया है। गौरतलब है कि वे शनिवार को नोम पेन्ह में आसियान-भारत स्मारक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके बाद 13 नवंबर को वे 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसमें आसियान के 10 सदस्य देश ब्रूनेई दारुसलाम, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओ पीडीआर, मलेशिया, म्यांमा, सिंगापुर, थाईलैंड, फिलीपीन और वियतनाम शामिल हैं। इसके अलावा इस शिखर सम्मेलन में आठ संवाद साझेदार भारत, चीन, जापान, कोरिया गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अमेरिका और रूस भी शामिल होंगे। इस साल आसियान-भारत संबंधों की 30वीं वर्षगांठ है और इसे आसियान-भारत मैत्री वर्ष के तौर पर मनाया जा रहा है।

## धनखड़ ने कम्बोडिया के प्रधानमंत्री से मिलकर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

**नोम पेन्ह/नई दिल्ली/ एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कम्बोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन से शनिवार को मुलाकत करके मानव संसाधन, बारूदी सुरंगों को हटाने और विकास परियोजनाओं सहित अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने पर चर्चा की। आसियान-भारत सम्मेलन से इतर दोनों देशों ने संस्कृति, वन्यजीव और स्वास्थ्य के क्षेत्र में चार समझौतों पर हस्ताक्षर किये।




सम्मेलन को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा कि उन्होंने आसियान सम्मेलन के सफल अध्यक्षता के लिए कम्बोडिया के प्रधानमंत्री को बधाई दी। दोनों देशों के बीच जिन चार समझौतों पर हस्ताक्षर किये गए हैं उनमें स्वास्थ्य एवं औषधि के क्षेत्र में सहयोग, जैवविविधता संरक्षण और सतत वन्यजीव प्रबंधन शामिल है। इसके तहत कम्बोडिया में फिर से बाघों को बसाने की परियोजना भी शामिल है।

आईआईटी जोधपुर और कम्बोडिया के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बीच अनुसंधान, विकास और सांस्कृतिक विरासत के डिजिटल दस्तावेजीकरण में तकनीक के उपयोग के क्षेत्र में समझौता हुआ। कम्बोडिया के सिएम रीप स्थित वाट राजा बो पैगोड की पेंटिंग के संरक्षण और देखभाल (जिसमे उनकी मरम्मत भी शामिल है) के लिए वित्तपोषण संबंधी समझौता भी हुआ। इस साल आसियान-भारत संबंधों के 30 साल पूरे हो गए हैं और 2022 को आसियान-भारत मित्रता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

## इराकी बलों ने 5 आईएस आतंकवादियों को मार गिराया

**बगदादन/ एजेंसी।** इराकी सुरक्षा बलों ने सलाहुद्दीन प्रांत में आईएस के पांच आतंकवादियों को मार गिराया और तीन अन्य को पकड़ लिया। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इराकी युद्धक विमानों ने प्रांत में आईएस के ठिकानों पर हवाई हमला किया, जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए। एक प्रांतीय सुरक्षा सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि हवाई हमले ने प्रांत के पूर्वी हिस्से में तुज खुमार्तो इलाके में आईएस के ठिकाने को निशाना बनाया। इस बीच, इराकी संयुक्त अभियान कमान के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि आंतरिक मंत्रालय के एक खुफिया बल ने इराक की राजधानी बगदाद से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में तरमियाह इलाके में आईएस के तीन संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ लिया। बयान के अनुसार, आतंकवादियों ने कबूल किया कि उन्होंने 2021 और 2022 के बीच तरमियाह में तीन नागरिकों को मार डाला और उन्होंने इराकी बलों के खिलाफ बम हमले किए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीनों में इराकी सुरक्षा बलों ने चरमपंथी उग्रवादियों की गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए अभियान चलाए हैं।

## यूक्रेन का खेरसॉन शहर रूस के कजे से मुत

**कीवन/ एजेंसी।** रूस के पीछे हटने के फैसले के बाद यूक्रेन द्वारा खेरसान पर फिर से कब्जा करने से वहां जश्न का माहौल है। 24 फरवरी के आक्रमण के बाद रूस द्वारा के कब्जे में आने वाला खेरसान पहला शहर था। कीव के रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को कहा गया कि रूसी सैनिकों के पीछे हटने को रूस के लिए एक बहुत बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है।

कीव के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा खेरसान यूक्रेन के नियंत्रण में लौट रहा है, इसने रूसी सैनिकों से आत्मसमर्पण का आग्रह किया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने मॉस्को में पत्रकारों से कहा कि कोई भी हथियार या सैन्य उपकरण नहीं छोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि हटने की प्रक्रिया के दौरान कर्मियों, हथियारों, सैन्य उपकरणों आदि का कोई नुकसान नहीं हुआ।

कोनाशेनकोव ने संवाददाताओं से कहा कि 30 हजार से अधिक रूसी सैनिकों और लगभग 5 हजार उपकरणों को वापस ले लिया गया है। यूक्रेन में देश के कमांडर ने बुधवार को खेरसॉन से रूस की वापसी की घोषणा की। हालांकि गुरुवार को किसी भी रूसी पीछे हटने का कोई सबूत नहीं था।

बीबीसी ने बताया कि शुक्रवार को रूसी सैनिकों की वापसी के बाद खेरसॉन की सड़कों पर स्थानीय लोगों के वीडियो सोशल मीडिया पर आने लगे, यूक्रेन का राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और यूक्रेन के सैनिकों के आते ही नारे लगने लगे। राष्ट्र के नाम अपने रात के संबोधन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा, आज एक ऐतिहासिक दिन है। हम खेरसॉन को पुन~ प्राप्त कर रहे हैं। हमारे सैनिक शहर की ओर बढ़ रहे हैं। लेकिन विशेष इकाइयां पहले से ही शहर में हैं। खेरसॉन के लोगों ने यूक्रेन को कभी नहीं छोड़ा।

## राहुल और प्रियंका ने हिमाचल के लोगों से राज्य के भविष्य के लिए मतदान की अपील की

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने हिमाचल प्रदेश के लोगों से बड़ी संख्या में मतदान की अपील करते हुए शनिवार को कहा कि वे राज्य के भविष्य को संवारने में योगदान दें।

राहुल गांधी ने ट्वीट किया, ÷हिमाचल वोट करेगा ओपीएस (पुरानी पेंशन योजना) के लिए, हिमाचल वोट करेगा रोज़गार के लिए, हिमाचल वोट करेगा हर घर लक्ष्मी के लिए। आइए, भारी संख्या में मतदान कीजिए और हिमाचल की प्रगति और खुशहाल भविष्य के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दीजिए।

राज्य में कांग्रेस के चुनाव प्रचार की कमान संभालने वाली प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, प्रिय हिमाचल वासियों, आप सब अपने व अपने प्रदेश के हालातों को भलीभांति समझते हैं। अपनी परिस्थितियों को देखते हुए पूरी सूझबूझ से मतदान का कर्तव्य निभाएं व हालातों को बदलने व हिमाचल के भविष्य को बुनने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। जय हिंद। जय हिमाचल।

## ईरान में हालात को लेकर विशेष सत्र आयोजित करेगा संरा मानवाधिकार आयोग

**जिनेवा/ एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ईरान में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ सरकार



की कार्रवाई, पत्रकारों को धमकियां और मानवाधिकार उल्लंघन के अन्य मामलों के मद्देनजर विशेष सत्र आयोजित करने जा रहा है। आयोग जर्मनी और आइसलैंड के राजनियक अनुरोध पर 24 नवंबर को यह सत्र आयोजित किया जा सकता है।

जर्मनी ने शुक्रवार को आयोग को एक पत्र भेजा था, जिसमें ईरान में विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के संदर्भ में बिगड़ती मानवाधिकार स्थिति से निपटने के लिए विशेष सत्र आयोजित करने का अनुरोध किया गया था। आयोग के 47 सदस्यों में से कम से कम एक तिहाई ने इस अनुरोध का समर्थन किया है।

ईरान में 16 सितंबर को धर्माचार पुलिस की हिरासत में 22 वर्षीय युवती महसा अमीनी की मौत हो गई थी, जिसके बाद वहां सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए थे। इस दौरान ईरान में कथित तौर पर मानवाधिकार उल्लंघन के कई मामले सामने आए हैं। 'ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स' नामक निगरानी समूह के अनुसार ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 328 लोगों की मौत हो चुकी है और 14,825 अन्य को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# जयराम ने सिराज और अनुराग ठाकुर ने भोरंज में किया मतदान

**शिमला/ एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के आज हो रहे चुनाव में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने परिवार सहित सिराज विधानसभा क्षेत्र तथा केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने परिवार सहित समीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भोरंज मतदान बूथ पर मतदान किया।



राज्य में नौ बजे तक 4.54 प्रतिशत मतदाना हुआ है। मुख्यमंत्री ने पत्नी साधना ठाकुर और दो बेटियों चंद्रिका और प्रियंका के साथ सिराज के बगलामुखी मंदिर में मत्था टेका और इसके बाद मुहारग मतदान बूथ पर मतदान किया। उन्होंने दावा किया राज्य में इस बार रिवाज बदलेगा। भाजपा की ही सरकार बनेगी और पहले से ज्यादा सीटें जीतेंगे। वहीं जे पी नड्डा, उनकी पत्नी मल्लिका नड्डा तथा बेटे के हरीश नड्डा ने मतदान करने से पूर्व बिलासपुर जिले के झंडूता के स्थानीय मंदिर में मत्था टेका।

श्री नड्डा ने मीडिया से बातचीत में राज्य में हुये विकास और जनकल्याण कार्यों के बूते पर पुन~ भाजपा की सरकार बनने का दावा किया। मल्लिका नड्डा ने इस मौके पर कहा कि मतदाता अपने विवेक से मतदान करेंगे तथा राज्य और देश में हुये विकास तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोरोनाकाल में की गई सेवाओं को अवश्य ही लोग ध्यान में रखेंगे।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने परिवार सहित समीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भोरंज मतदान बूथ पर मतदान किया। पुरानी पेंशन बहाल करने के कांग्रेस के वादे को लेकर श्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि पेंशन बंद करने और एनपीएस लाने वाली कांग्रेस ही थी। कांग्रेस 2012 में राज्य में सत्ता में थी तब क्यों नहीं पुरानी पेंशन बहाल की। कांग्रेस ने हिमाचल का विशेष दर्जा वापिस लिया जिसे मोदी सरकार ने बहाल किया। केंद्र की भाजपा सरकार ने हिमाचल को आईआईटी और एम्स जैसे बड़े संस्थान दिये।

राज्य की भाजपा सरकार ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के अनेक कार्य किये तथा इन पर मुहर लगाएगी और भाजपा को पहले से भी ज्यादा सीटें देकर पुन~ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही झूठे वादे करती रही है। कांग्रेस ने 2003 और 2012 में हर घर से एक व्यक्ति को रोजगार देने की बात कही थी लेकिन सत्ता में आने पर भूल गई। जनता को कांग्रेस का असली चेहरा मालूम है।

वहीं राज्य के दिवंगत मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की सांसद पत्नी प्रतिभा सिंह और उनके पुत्र बिक्रमादित्य सिंह ने पूजा करने के बाद मतदान किया और कांग्रेस विधायक दल के नेता मुकेश अग्निहोत्री भी मतदान कर चुके हैं।

# ईरानी विदेश मंत्री व संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर की बातचीत





**तेहरान/ एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा करते हुए फोन पर बातचीत की। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) और आईएईए के बीच तकनीकी वार्ता के संबंध में टिप्पणी करते हुए, आमिर-अब्दुल्लाहियन ने शुक्रवार को दोनों पक्षों के बीच सहयोग को उचित बताया।

ईरानी विदेश मंत्री ने 2015 के परमाणु समझौते के पुनरुद्धार के बारे में ईरान और अमेरिका के बीच संदेशों के हालिया अप्रत्यक्ष आदान-प्रदान की भी शुरुआत की, जिसे औपचारिक रूप से संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के रूप में जाना जाता है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार अमीर-अब्दोलाहियन ने यमन में संघर्ष विराम के रखरखाव के प्रयासों को जारी रखने पर जोर दिया।

ईरानी विदेश मंत्री ने कहा, ईरान युद्धविराम के विस्तार और संयुक्त राष्ट्र के साथ सहयोग में मदद करने के लिए एक भूमिका निभाना जारी रखेगा। युद्धविराम की निरंतरता और यमन की घेराबंदी को पूरी तरह से हटाने से संबंधित कोई भी निर्णय यमन के नेताओं और लोगों के साथ मिलकर लिया जाएगा।

आमिर-अबोल्लाहियन ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की आगामी बैठक में ईरान विरोधी मुद्दों को उठाने के कुछ पश्चिमी सरकारों के प्रयासों की आलोचना की। साथ ही ईरान और पश्चिम के बीच संबंधों पर मानवाधिकार परिषद में एक राजनीतिक कदम के नकारात्मक नतीजों के खिलाफ चेतावनी भी दी।

वहीं, गुटेरेस ने ईरान और अन्य खाड़ी तटवर्ती देशों के साथ हुई हालिया बैठक का जिक्र किया। जिसमें क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक नए प्रारूप के गठन की आशा व्यक्त की गई, जो इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देगा। उन्होंने कूटनीति पर जोर देने के लिए ईरान की सराहना की और कहा कि जेसीपीओए का पुनरुद्धार सभी पक्षों के हितों की गारंटी देगा। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने ईरान और आईएईए के बीच सहयोग जारी रखने को भी एक सकारात्मक कदम बताया।

# मुर्मू पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मंत्री को बर्खास्त किया जाएः मुंडा

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने पश्चिम बंगाल के सुधार प्रशासन राज्य मंत्री अखिल गिरि की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर की गयी अभद्र टिप्पणी को महिलाओं एवं आदिवासी समाज का अपमान करार देते हुए उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। अर्जुन मुंडा ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि मूर्मू पर की गयी अभद्र टिप्पणी की जितनी निंदा की जाए, कम है। इससे देश के 10 करोड़ से अधिक आदिवासी समाज के लोग बहुत आहत हुए हैं। इससे लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हुआ है। मुख्यमंत्री ममता




बनर्जी को स्पष्ट करना चाहिए कि गिरि ने यह टिप्पणी किसके कहने पर की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर होता है। राष्ट्रपति विदेशों में देश का प्रतिनिधित्व करता है। गिरि ने मुर्मू के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करके देश का अपमान किया है। ममता बनर्जी को उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए और देश से माफी मांगनी चाहिए। मुंडा ने कहा कि सन्थाल आदिवासी समाज की महिला मुर्मू को राष्ट्रपति बनाने पर पूरा विश्व भारत की सराहना कर रहा है। भारत के लोकतांत्रिक, स्पर्शी और समावेशी देश होने पर सभी को गर्व है। उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान देना तृणमूल कांग्रेस की मंशा पर भी सवाल खड़ा करता है। इससे स्पष्ट होता है कि अशांति फैलाने के लिए ऐसी टिप्पणी जानबूझकर की गयी है। गौरतलब है कि गिरि ने पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम में एक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेन्दु अधिकारी की उनके विरुद्ध की गयी टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था, हम किसी का आकलन उसकी शक्ल-सूरत से नहीं करते। हम राष्ट्रपति के पद का सम्मान करते हैं लेकिन आपकी राष्ट्रपति दिखती कैसी हैं। अखिल गिरि ने बाद में हालांकि अपनी टिप्पणी पर सफाई देते हुए कहा कि वह राष्ट्रपति पद का सम्मान करते हैं लेकिन अधिकारी उन्हें लंबे समय से निशाना बना रहे थे। वह अधिकारी पर बहुत गुस्सा थे और इसी कारण उनकी जबान फिसल गयी थी।

## एक नजर

### बेटी की फीस जमा कराने के लिए जमानत मिली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में एक आरोपी को एलएलबी पाठ्यक्रम में अपनी बेटी के लिए शुल्क की व्यवस्था करने के लिए दस दिन की अंतरिम जमानत दी है। याचिकाकर्ता पिछले नौ महीने से न्यायिक हिरासत में है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आरोपी की हरकतों से परिवार को परेशानी नहीं होनी चाहिए। न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने कहा कि शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 15 नवंबर है। दिल्ली पुलिस ने याचिकाकर्ता की बेटी के प्रवेश के संबंध में तथ्य की पुष्टि करते हुए एक स्थिति रिपोर्ट दायर की है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में अंतरिम जमानत नहीं बढ़ाई जाएगी और याचिकाकर्ता दस दिनों की अवधि समाप्त होने के बाद आत्मसमर्पण करेगा। इस संबंध में जेल अधीक्षक को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। याचिकाकर्ता को वर्तमान मामले में भगोड़ा घोषित किया गया था और उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। वह एक अन्य आपराधिक मामले में भी शामिल था।

### ब्लू लाइन पर आज प्रभावित रहेगी मेट्रो सेवा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्लू लाइन मेट्रो के तहत द्वारका सेक्टर 21 से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी के रूट पर मोती नगर और कीर्ति नगर के बीच होने वाला मेंटेनेंस वर्क 13 नवंबर को होगा। इसलिए 13 नवंबर की सुबह 7 बजे तक रमेश नगर मेट्रो स्टेशन से कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशन तक की सेवा बाधित रहेगी। यह जानकारी दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के प्रवक्ता अनुज दयाल ने दी है। ब्लू लाइन रूट के मोती नगर और कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशन के बीच मेंटेनेंस के काम की शुरूआत 13 नवंबर को होगी। इस वजह से रमेश नगर मेट्रो स्टेशन से कीर्ति नगर सेक्शन पर सुबह 7 बजे तक मेट्रो सेवा रद्द रहेगी। इस दौरान मोती नगर मेट्रो स्टेशन भी बंद रहेगा। मेट्रो से जानकारी के अनुसार बाकी स्टेशनों पर सेवा पहले की तरह ही बहाल रहेगी। 13 तारीख को द्वारका सेक्टर 21 से नोएडा जाने वाली रूट पर मेट्रो का परिचालन द्वारका सेक्टर 21 से रमेश नगर तक होगी और फिर कीर्ति नगर से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी और वैशाली तक सेवा बहाल रहेगी। हालांकि 7 बजे के बाद स्टेशनों पर भी सेवा पहले की तरह बहाल कर दी जाएगी। हालांकि इस दौरान रमेश नगर और कीर्ति नगर के बीच मेट्रो यात्रियों के लिए मेट्रो की तरफ से फ्री फीडर बस सेवा का इंतजाम किया गया है।

### नगर निगम चुनाव : बहुजन समाज पार्टी ने 31 उम्मीदवारों की सूची जारी की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम चुनाव के नामांकन की आखिरी तारीख नजदीक आते ही सभी छोटी-बड़ी पार्टियों ने अपने-अपने उम्मीदवारों की सूची जारी करनी शुरू कर दी है। एआईएमआईएम, बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी, एनसीपी, जनता दल यूनाइटेड, शिरोमणि अकाली दल बादल ऐसे कई राजनीतिक दल इस बार दिल्ली के चुनावी दंगल में उतरते नजर आएंगे। इस बीच अब बीएसपी ने भी अपने 31 उम्मीदवारों की लिस्ट एमसीडी चुनाव के मद्देनजर जारी कर दी है। इस बार चुनावों के अंदर आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच में सीधे तौर पर कड़ा मुकाबला एमसीडी चुनावों के अंदर माना जा रहा है। वहीं इस सबके बीच छोटे राजनीतिक दल बड़ी संख्या में इस बार एमसीडी चुनावों के अंदर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रहे हैं।

# बॉलीवुड से अच्छी फिल्में ईडी व सीबीआई बना रही : मुख्यमंत्री

## दिल्ली में चालू रहे योगा क्लास, मुख्यमंत्री ने आमलोगों से मांगा सहयोग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नगर निगम (एमसीडी) चुनाव को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा पर जमकर हमला बोला। उन्होंने ईडी और सीबीआई की कार्रवाई पर तंज कसते हुए कहा कि पीएमओ से स्क्रिप्ट भेजा जाता है, वही स्क्रीप्ट पढ़ी जाती है और फिल्म बनाई जाती है।

आजकल बॉलीवुड से अच्छी फिल्में ईडी व सीबीआई बना रही है। वहीं मनीष सिसोदिया के फोन बदलने के मामले पर उन्होंने कहा कि अगर कुछ किया है तो जेल भेज दो। ईडी आजकल फिल्म प्रोडक्शन कम्पनी बन गई है। ईडी के डायरेक्टर अब फिल्म डायरेक्टर बन गये है। वहीं केजरीवाल ने सुकेश चंद्रशेखर को भाजपा स्टार प्रचारक बताते हुए कहा कि उसे भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना देना चाहिए। जिससे भाजपा की रैली में भीड़ आ सके।

प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री ने उपराज्यपाल (एलजी) पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एक तरफ दिल्ली सरकार जहां दिल्ली की जनता के हित के लिए योजनाएं बना रही है और उसे लागू कर रही हैं, तो दूसरी तरफ एलजी उन योजनाओं को लागू करने में अड़ंगा डालना चाहते हैं। केजरीवाल ने कहा कि पिछले दिनों दिल्ली की जनता को योग कराने के लिए दिल्ली सरकार ने जो योजनाएं शुरू की थी उसे एलजी ने बंद कराने के आदेश दिए।

2 दिनों तक योगा की क्लास बंद भी रही। लेकिन फिर आम लोगों ने ही मिलकर तय किया तब दिल्ली सरकार ने अपने दम पर योगा की क्लासेस शुरू करवा दी। अब सरकार की इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए समाज के कई लोग सहयोग करना चाहते हैं। सभी ने तय किया कि योगा क्लास बंद नहीं होने देंगे। उन्होंने लोगों से भी सहयोग मांगा है।

उन्होने ने कहानी सुनाते हुए कहा कि देवदत्त बाग में हंस को देख उस पर तीर चला मारने की कोशिश की, तो वहीं दयालु स्वभाव के सिद्धार्थ ने उसकी जान बचाई। केजरीवाल बोले हंस किसका हो ? मारने वाले का या बचाने वाले का तो मामला राजा के दरबार में पहुंचा। राजा ने हंस पर छोड़ दिया कि वह तय करे कि हंस किसके साथ रहेगा। हंस ने सिद्धार्थ के चुना। इस कहानी को सुनाते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक तरफ दिल्ली सरकार जहां जनता के हितों के लिए काम कर रही है, वहीं एलजी देवदत्त की तरह जनता के प्रति भाव रखते हैं।

देवदत्त की तरह एलजी ने जनता पर तीर चलाया। हमने सिद्धार्थ की तरह योग क्लास जारी रखवाई। बाकी रोजाना की तरह सुबह और शाम योगा की क्लास चल रही है। कई लोगों को मैसेज आए हैं कि कंट्रीब्यूट करना चाहते हैं। कुछ लोगों ने कहा कि योग का खर्चा हम देंगे।

केजरीवाल कहा कि वह आज एक फोन नंबर जारी कर रहे हैं, एक योगा टीचर को सुबह शाम के 15 हजार रुपये महीना देते हैं। जो-जो लोग एक, दो या तीन टीचर का वेतन उठाना चाहते हैं, वो वाट्सएप पर मैसेज करें। इसका नंबर 7277972779 है।

### दिल्ली नगर निगम चुनाव : 'आप' की पहली सूची जारी होते ही पार्टी में विरोध शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की पहली सूची जारी होते ही पार्टी में विरोध शुरू हो गया है। वार्ड नंबर 222 राम नगर वार्ड पर रिजर्व कैटेगरी कैंडिडेट अनिल गौतम को सामान्य सीट पर लड़ाने का विरोध हो रहा है।

अनिल गौतम की उमीदवारी को लेकर राम नगर में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने नारेबाजी कर विरोध जताया और पूर्व विधायक व आप नेता सरिता सिंह के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना है कि पार्टी ने सही उमीदवार को मैदान में नहीं उतारा है। वहीं, बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक राम सिंह नेताजी के नेतृत्व में आप कार्यकताओं ने मीटिंग की। इस मीटिंग के दौरान आप नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने जमीनी कार्यकताओं को दरकिनार कर दिया है।

## हत्या के मामले में वांछित बदमाश को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में क्राइम ब्रांच नॉर्दर्न रेंज 1 की टीम ने हत्या के मामले में फरार एक वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया है। यह बदमाश गिरफ्तारी से बचने के लिए अपनी पहचान और पता बदलकर पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। स्पेशल सीपी रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान, गोल्डी के रूप में हुई है जो उत्तम नगर के मोहन गार्डन इलाके का निवासी है। आरोपी पर हत्या सहित पांच मामले दर्ज हैं।

डीसीपी ने बताया कि, 6 जून 2014 को आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उत्तम नगर थाना इलाके में नौशाद नामक व्यक्ति और उसके दोस्त पर चाकू और पत्थर से जानलेवा हमला किया था। इसके बाद वह फरार हो गया था। वहीं घायलों को अस्पताल ले जाया गया था जहां इलाज के दौरान नौशाद की मौत हो गई थी। घटना के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गोल्डी सहित उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि कोर्ट के ट्रायल के दौरान 2018 में गोल्डी को बेल मिली, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था।

इस दौरान वांछित और भगोड़े अपराधियों की तलाश में जुटी क्राइम ब्रांच नॉर्दर्न रेंज 1 की टीम को एक सूचना मिली, जिसपर प्रतिक्रिया करते हुए डीसीपी रोहित मीणा और एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में और इंस्पेक्टर आलोक कुमार रंजन के नेतृत्व में इंस्पेक्टर संजय कौशिक, एएसआई रमेश और अन्य की टीम ने उत्तम नगर स्थित नवादा मेट्रो स्टेशन के पास ट्रैप लगाकर आरोपी को दबोच लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि नौशाद से उसकी रंजिश थी, इसलिए उसने उसकी हत्या कर दी। उसने यह भी बताया कि कोर्ट से बेल मिलने के बाद उसकी शादी हुई, जिसके बाद उसने पुलिस से बचने के लिए अपना पता बदल लिया था। इस दौरान वह पहचान छुपाकर विजय के रूप में ड्राइवर का काम कर रहा था।

## चोरी के पुराने मामले में दो भगोड़े गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के बवाना थाना पुलिस ने 31 साल पुराने चोरी के मामले को सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें एक आरोपी की मौत की सूचना तीस हजारी कोर्ट को दी गई थी और वह कागजों में मृत दिखाया गया था। यह दोनों आरोपी तीस हजारी कोर्ट द्वारा भगोड़े घोषित किए गए थे जो अब पुलिस सलाखों के पीछे हैं।

अलीपुर इलाके में वर्ष 1991 में घर से पंखा चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था, जिसमें आरोपी की पहचान अर्जुन सिंह और चरण सिंह के रूप में हुई थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन बाद में वह जमानत पर बाहर आ गए। वर्ष 1998 में तीस हजारी कोर्ट ने अलीपुर पुलिस की अर्जी पर दोनों को भगोड़ा घोषित कर दिया था, जिसके बाद कोर्ट को सूचना मिली कि दोनों आरोपियों में से एक आरोपी अर्जुन सिंह की मौत हो चुकी है। पुलिस द्वारा ऑपरेशन प्रहार के तहत भगोड़ा घोषित आरोपी को पकड़ने के लिए एक टीम का गठन किया गया और आरोपी चरण सिंह की तलाश शुरू की गई। एसीपी मनीष लाडला की देखरेख में एसएचओ राकेश कुमार यादव की टीम ने एक बदमाश की सूची निकाली। इसके तहत चरण सिंह और अर्जुन सिंह के मामले पर काम किया गया, क्योंकि कोर्ट में अर्जुन सिंह को मृत घोषित कर दिया गया था इसलिए चरण सिंह की तलाश के लिए पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की। पुलिस जानकारी के अनुसार दोनों आरोपी पाकिस्तान से बंटवारे के वक्त भारत आए थे। ऐसे लोग अलीपुर, फरीदाबाद और कई अन्य जगहों पर रह रहे थे। पुलिस उस वक्त वहां पहुंची जहां से चरण सिंह की जमानत करवाई गई थी, जिसके बाद पुलिस फरीदाबाद के गांव पहुंची जहां पुलिस को धार्मिक स्थल पर चरण सिंह प्रवचन देता हुआ मिला।

चरण सिंह से पूछताछ में जो खुलासा हुआ उसने सभी को चौंका कर रख दिया। चरण सिंह ने बताया कि अर्जुन अभी जिंदा है और वह जंगलों में छिपकर लकड़ी काटने का काम कर रहा है।

## राजेंद्र पाल गौतम के पीछे केजरीवाल की हिंदू विरोधी मानसिकता : गौरव भाटिया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस कांफ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने केजरीवाल को ढोंगी, निकम्मा और डरपोक कहा। कहा कि केजरीवाल चुनावी हिंदू हैं। राजेन्द्र पाल गौतम ने हिंदू देवी देवताओं को लेकर अपमानजनक शब्द जरूर प्रयोग किए थे, लेकिन हिंदू विरोधी मानसिकता केजरीवाल की ही थी। गौरव भाटिया ने केजरीवाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर ऐसा क्या कारण है कि अरविंद केजरीवाल हिंदू धर्म का विरोध करने वाले और विरोधी मानसिकता रखने वाले लोगों से दूरी नहीं बना पा रहे हैं। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चुनावी हिंदू बताते हुए कहा कि आखिर ऐसी कौन सी मजबूरी है कि जो लोग देश में नफरत फैलाते हैं, देश को बांटने की बात करते हैं, उनका साथ केजरीवाल देते हैं। आम आदमी पार्टी ने जो स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की है उसमें राजेन्द्र पाल गौतम भी हैं जों हिंदू देवी-देवताओं को नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल अपने मंत्री को बर्खास्त करके दिखावा करते हैं और दूसरी तरफ निगम चुनाव के लिए जब स्टार कंपैनर की लिस्ट जारी होती है तो उसमें राजेन्द्र पाल गौतम का नाम भी शामिल होता हैं। इससे स्पष्ट है कि जो भी हिंदू देवी-देवताओं के लिए अपमानित शब्द का प्रयोग किया है वह शब्द भले ही राजेन्द्र पाल गौतम के थे लेकिन सोच अरविंद केजरीवाल की हैं।

भाटिया ने कहा कि गोपाल इटालिया का नाम गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया गया है। जबकि यह वही गोपाल इटालिया हैं जिनका कहना है कि मंदिर महिलाओं का शोषण करने का अड्डा है। ऐसे लोगों को स्टार प्रचारक के रुप में शामिल करके नफरत फैलाने काम अरविंद केजरीवाल कर रहे हैं। उन्होंने अरविंद केजरीवाल पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनाव आते ही हनुमान चालीसा का पाढ़ पढ़ना, हिंदू मंदिरों में जाना जैसे दिखावों के बारे में आप लोगों को पता लग चुका है।

## बस यात्रियों से बदमाशों ने की लूटपाट, पुलिस ने तलाश शुरू की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुर इलाके में कुछ लुटेरे चाकू की नोक पर आरटीवी बस (मिनी बस) में लूटपाट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

घटना शुक्रवार देर शाम की है, जहां मयूर विहार फेस 3 से एक मिनी बस नोएडा मोड़ होते हुए सीलमपुर जा रही थी। जैसे ही बस लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के पास पहुंची, बस में सवार चार-पांच लुटेरे चाकू की नोक पर करीब एक दर्जन यात्रियों के मोबाइल, पर्स और कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। यात्रियों में कई महिलाएं भी शामिल हैं। बस में सवार यात्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि वह नोएडा मोड़ से बस में सवार हुए थे। चांद सिनेमा के पास चार-पांच लड़के बस में सवार हुए।

बदमाशों ने शास्त्री अस्पताल के पास चाकू दिखाकर ड्राइवर से गाड़ी रोकने को कहा। इसके बाद उन्होंने बारी बारी करीब एक दर्जन यात्रियों के कीमती सामान लूटकर फरार हो गए। बस मालिक विनोद कुमार ने बताया कि इससे पहले भी बस में लूट की कई घटनाएं हो चुकी है लेकिन पुलिस में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## विभिन्न पार्टी के कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का हाथ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में एमसीडी चुनाव का बिगुल बजते ही राजनीतिक उठापटक का दौर भी शुरू हो गया है। इसी क्रम में दिल्ली के सुल्तानपुरी में गत दिवस अलग-अलग राजनीतिक पार्टियों को छोड़कर सैकड़ों कार्यकताओं ने कांग्रेस का 'हाथ' थामा। इस मौके पर सुल्तानपुर माजरा विधानसभा से पांच बार विधायक रहे दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष जयकिशन ने सभी कार्यकताओं को पार्टी का टोपी और पटका पहना कर उनका पार्टी में स्वागत किया। वहीं पार्टी में शामिल हुए कार्यकताओं ने भी कांग्रेस की जीत के नारे लगाए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक जयकिशन ने भाजपा और आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जनता का दोनों ही पार्टियों से मोह भंग हो गया है, इसलिए इस बार लोग कांग्रेस पर भरोसा कर रहे हैं। उन्होंने आगामी निगम चुनाव में अप्रत्याशित जीत का दावा करते हुए कहा कि, कांग्रेस हमेशा गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों की आवाज उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी। इस दौरान कांग्रेस में शामिल हुए कार्यकताओं ने भी कहा कि दोनों ही पार्टियों के शासनकाल में आम आदमी त्राहिमाम कर रहा है, इसलिए सभी ने कांग्रेस का हाथ दामन थामा है। बता दें कि हर बार चुनाव का दौर शुरू होते ही कार्यकताओं के पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टियों में शामिल होने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

## पंजाब का आर्म्स सप्लायर दिल्ली में हथियारों के साथ गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आउटर नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के समय पुर बादली थाने की पुलिस टीम ने एक इंटरस्टेट आर्म्स सप्लायर को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है। आर्म्स सप्लायर हथियारों की खेप की डिलीवरी के लिए अपने दो साथियों से मिलने पहुंचा था। लेकिन इससे पहले कि वह अपने मंसूबों में कामयाब हो पाता पुलिस ने उसे दबोच लिया। डीसीपी देवेश महाला ने मामले पुष्टि करते हुए बताया कि इस मामले में गिरफ्तार आरोपी की पहचान, जसविंदर उर्फ सौरभ के रूप में हुई है। ये पंजाब के मोगा का रहने वाला है। इसके पास से दो बैग में, मैगजीन सहित नौ इंप्रोवाइज्ड पिस्टल के अलावा नौ मैगजीन बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि कैप्टन विक्रम बत्रा चौक (मुकरबा चौक) पर पिकेट लगा कर चेकिंग कर रही एएसआई मुकेश कुमार और कॉन्स्टेबल जितेंद की टीम की नजर आजादपुर मंडी की तरफ से आये एक संदिग्ध शख्स पर पड़ी, जो कंधे पर दो बैग लेकर वहां पहुंच कर दो अन्य लोगों से मिला। शक के आधार पर पुलिस टीम ने उससे पूछताछ की और बैग में रखे सामानों के बारे के पूछा, जिस पर वो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद पुलिस टीम ने उससे बैग की तलाशी लेने की बात कही, जिस पर तीनों भागने लगे। लेकिन सतर्क पुलिस ने बैग सहित वहां पहुंचे संदिग्ध को दबोच लिया। बैग की तलाशी में मैगजीन सहित नौ इंप्रोवाइज्ड पिस्टल के अलावा नौ मैगजीन बरामद किया गया, जिसे जब्त कर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

## एमसीडी चुनाव : दिल्ली में छोटी राजनीतिक पार्टियां बिगाड़ सकती हैं आप और भाजपा का खेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली में हो रहे इस बार के एमसीडी चुनाव में बड़ी संख्या में छोटे राजनीतिक दलों की एंट्री के बाद मुकाबला बेहद दिलचस्प होता दिख रहा है। जेडीयू, शिरोमणि अकाली दल (बादल) एआईएमआईएम और बीएसपी के अलावा अन्य छोटे राजनीतिक दलों की ओर से प्रत्याशियों को एमसीडी चुनाव दंगल में उतारने से बड़े राजनीतिक दल बीजेपी और आप को सीधे वोट शेयर के मामले में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

जदयू की नजर बिहार और पूर्वांचलियों पर : जनता दल यूनाइटेड के दिल्ली अध्यक्ष दयानंद राय ने बातचीत के दौरान बताया कि इस बार एमसीडी चुनाव में जदयू पूरी ताकत के साथ उतरने जा रही है। दिल्ली जहां पर भी बिहार और पूर्वांचल के लोग बड़ी संख्या में हैं, वहां से जदयू के उम्मीदवार उतारे जाएंगे। दयानंद राय ने स्पष्ट तौर पर कहा कि दिल्ली में चाहे वह आम आदमी पार्टी हो या फिर बीजेपी दोनों पूर्वांचल और बिहार से आने वाले लोगों की लगातार उपेक्षा करते रहे हैं। जिसका जवाब पूर्वांचल की जनता निगम चुनावों में देगी।

बड़े राजनीतिक दलों के वोट शेयर पर पड़ेगा असर : राजधानी दिल्ली में एमसीडी चुनाव में इस बार आप और बीजेपी के बीच टक्कर मानी जा रही है। दिल्ली की राजनीतिक गलियारे में हाशिए पर पहुंच चुकी कांग्रेस अपने अस्तित्व को बचाने के लिए चुनावी दंगल में उतरने जा रही है। इन सबके बीच एमसीडी चुनाव में छोटे राजनीतिक दलों की बड़े स्तर पर उतरने के साथ मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। दरअसल 2007, 2012 ओर 2017 के एमसीडी चुनाव नतीजों पर गौर किया जाए तो करीब 30-35 सीटें हर बार ऐसी होती हैं जिनसे इन छोटी पार्टियों के या निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत होती है।

तकरीबन इतनी ही सीटें ऐसी होती हैं जहां ये छोटी पार्टियां आप, बीजेपी और कांग्रेस के लिए टोटल वोट शेयर के मामले में परेशानी पैदा करती हैं। एआईएमआईएम, आजाद समाज पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, शिरोमणि अकाली दल (बादल), बहुजन समाज पार्टी, एमसीपी जैसे कई छोटे राजनीतिक दल दिल्ली के एमसीडी चुनाव में अपने उम्मीदवारों को उतारने जा रहे हैं। जिसका सीधा असर वोट शेयर पर पड़ सकता है। दरअसल एमसीडी के चुनाव में हर वार्ड में हार-जीत का अंतर कुछ सौ वोट से लेकर कुछ हजार वोट का होता है। ऐसे में बड़ी संख्या में छोटे राजनीतिक दलों के चुनावी दंगल में उतरने से न सिर्फ हार-जीत के अंतर पर असर पड़ेगा बल्कि बड़े राजनीतिक दलों आप और बीजेपी के वोट शेयर पर इसका सीधा असर पड़ना तय माना जा रहा है।

ओवैसी की एआईएमआईएम ने किया है गठबंधन : पिछले कुछ समय से देश में कहीं भी हो रहे चुनाव में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है और उसे सफलता भी मिल रही है। इस बार दिल्ली के एमसीडी चुनाव में एआईएमआईएम पहली बार अपनी किस्मत आजमाने जा रही है। कलीमुल हफीज ने बातचीत में बताया कि इस बार एआईएमआईएम आजाद समाज पार्टी के साथ गठबंधन में मिलकर दिल्ली के अंदर एमसीडी का चुनाव लड़ने जा रही है। 68 सीटों पर जहां एआईएमआईएम अपने उम्मीदवार उतारेगी वही 32 सीटों पर आजाद समाज पार्टी अपने उम्मीदवार उतारेगी। कुल 4 सीटों पर एआईएमआईएम अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा भी कर चुकी है। एआईएमआईएम इस बार ज्यादातर मुस्लिम बहुल इलाकों में चुनाव लड़ने जा रही है। जहां आम आदमी पार्टी की अच्छी पकड़ है वहां एआईएमआईएम सेंधमारी करने की पूरी कोशिश करेगी।

शिरोमणि अकाली दल (बादल) पूरी ताकत से मैदान में : शिरोमणि अकाली दल (बादल) ने इस बार एमसीडी के चुनाव में पूरी ताकत के साथ उतरने की तैयारी कर ली है। सरदार परमजीत सिंह सरना को अकाली दल की ओर से एमसीडी चुनाव की पूरी जिम्मेदारी दी गई है। परमजीत सिंह सरना ने बातचीत में बताया कि दिल्ली के अंदर सभी सिख बहुल वार्डों में शिरोमणि अकालीदल (बादल) की ओर से अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी पूरी कर ली गई है और सभी जगह अकाली दल पूरी ताकत के साथ चुनाव में उतरेगा और जीत दर्ज करेगी। हालांकि किस सीट पर कौन सा उम्मीदवार अकाली दल की ओर से उतारा जाएगा, ये रविवार शाम तक तय होगा। इसके अलावा आजाद समाज पार्टी 32 सीटों पर इस बार एमसीडी के चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारने जा रही है। बहुजन समाज पार्टी और अन्य छोटे-बड़े राजनीतिक दल से अपने उम्मीदवार बड़ी संख्या में उतार रहे हैं। जिसे लेकर रविवार तक तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी। निर्दलीय उम्मीदवार भी इस बार बड़ी संख्या में नामांकन भरने जा रहे हैं। ऐसे में इस बार के एमसीडी चुनाव बेहद दिलचस्प होने वाले है।

पार्षदों पर दलबदल कानून लागू नहीं होता : दिल्ली के एमसीडी चुनाव को लेकर हाल ही में सामने आए कुछ निजी संस्थानों के ओपिनियन पोल की बात की जाए तो उसमें किसी को भी बहुमत मिलता हुआ नजर नहीं आ रहा है। आम आदमी पार्टी हो या बीजेपी दोनों को ही लगभग 100 से 120 सीटें मिलती हुई नजर आ रही हैं। बीजेपी का वोट शेयर 42 फीसद अनुमानित है॥ आप का वोट शेयर भी 40 फीसद रहने का अनुमान है। अगर नतीजे ओपिनियन पोल के अनुसार ही आए तो ऐसे में छोटे राजनीतिक दल, जिनके पास छोटी संख्या में ही सही सीटें होंगी, वे दिल्ली में एकीकृत हो चुकी एमसीडी में सरकार बनाने में न सिर्फ महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे बल्कि उनके हाथ में सत्ता की चाबी भी हो सकती है।

## एक नजर

### दिल्ली एनसीआर में एक बार फिर महसूस किए गए भूकंप के झटके




दिल्ली एनसीआर में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। समय 8:00 बजे के करीब। यह झटके पहले के मुकाबले कम थे लेकिन बीते दिनों देर रात 2:00 बजे दिल्ली एनसीआर समेत भारत के कई राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे जो कि काफी तीव्र थे उस वक्त की अगर बात करें तो भूकंप के झटकों की तीव्रता 5.7 मापी गई थी। बीते दिनों जब देर रात 2:00 बजे दिल्ली-एनसीआर समेत 7 राज्यों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे उसकी ठीक अगले दिन सुबह 6:30 पर उत्तराखंड में फिर से भूकंप के झटके उत्तराखंड वासियों को महसूस हुए थे। पिछले कुछ दिनों में लगातार भारत में कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं जिसको लेकर लगातार वैज्ञानिक लोगों को सतर्क कर रहे हैं। हालांकि अभी तक आए भूकंप से किसी भी तरह के जान माल का नुकसान नहीं हुआ है।

### दिल्ली की वायु गुणवत्ता फिर 'बहुत खराब' श्रेणी में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शहर के कुछ हिस्सों में धुंध की परत के साथ, बीते कुछ दिनों में मामूली सुधार के बाद दिल्ली की वायु गुणवत्ता शुक्रवार को फिर से 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार शहर में न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि सामान्य से एक पायदान ऊपर है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े बताते हैं कि राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 331 रहा। एक्यूआई शून्य से 50 के बीच 'अच्छा', 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच संतुलित', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 बहुत खराब और 401 से 500 तक 'खतरनाक' माना जाता है। विभाग ने कहा कि बीती रात साढ़े आठ बजे वायु में सापेक्षिक आर्द्रता 79 फीसदी थी। मौसम विभाग ने अनुमान जताया कि अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहेगा।

### नाबालिग लड़की से मस्जिद में छेड़खानी करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के मौजपुर इलाके में 10 साल की एक लड़की से कथित तौर पर मस्जिद के अंदर छेड़खानी की गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मोहम्मद इमरान (24) को घटना के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है, जिसकी सूचना जाफराबाद थाने को बुधवार को दी गई थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की लज्जा भंग करने) और 341 (सदोष अवरोध) और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा 10 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने कहा कि आरोपी इमरान बिहार के किशनगंज का निवासी है। वह छात्रों को मस्जिद में पढ़ाता था। उन्होंने कहा कि इमरान अब न्यायिक हिरासत में है। पिछले महीने, उत्तर पूर्वी दिल्ली के करावल नगर इलाके में एक मदरसे में 11 साल के लड़के के साथ कथित तौर पर कुकर्म करने के मामले में एक मौलवी को गिरफ्तार किया गया था।

### जिनके नाम वारंट हैं, वे गारंटी नहीं दे सकते: आप के वादों पर भाजपा का हमला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनावों के लिए 10 वादों की घोषणा के बाद उस पर निशाना साधते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कहा कि जिनके नाम पर वारंट जारी हैं, वे गारंटी नहीं दे सकते। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में ईमानदार सरकार का वादा करने वालों ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सबूतों को नष्ट करने के लिए 1.2 करोड़ रुपये के 140 मोबाइल फोन बदल दिये। उन्होंने आरोप लगाया कि आबकारी नीति घोटाले में दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत 34 लोगों ने अपने डिजिटल लेनदेन को छिपाने के लिए 140 मोबाइल फोन बदल डाले। पात्रा ने आरोप लगाया, सिसोदिया ने यह सब (मुख्यमंत्री) अरविंद केजरीवाल के निर्देशों पर किया। आप ने आज इससे पहले 4 दिसंबर को होने वाले एमसीडी चुनाव के संबंध में 10 गारंटी की घोषणा की। इस बारे में पूछे गये सवाल के जवाब में पात्रा ने कहा, जिनके खिलाफ वारंट जारी हैं, वे गारंटी नहीं दे सकते। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति की एक प्रति पिछले साल अधिसूचित होने से पहले लीक हो गयी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के दोस्तों को लाभ पहुंचाने के लिए यह नीति लायी गयी थी।

# दिल्ली के तापमान में गिरावट शुरू, अगले छह दिनों में और गिरने की संभावना

एनसीआर समाचार



दिल्ली में पिछले दो दिनों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। शनिवार तड़के न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है जो साल के इस समय के सामान्य से एक डिग्री कम और इस महीने का अब तक का सबसे कम तापमान है। शुक्रवार को तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस था।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान के मुताबिक, 18 नवंबर तक न्यूनतम तापमान में गिरकर 11 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने की संभावना है।

अगले छह दिनों में अधिकतम तापमान में इसी तरह की गिरावट देखने को मिल सकती है, जो 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहेगा। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस था, जो साल के इस समय के लिए सामान्य से एक डिग्री कम था, और 8 नवंबर को 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। यह 18 नवंबर तक लगभग 26 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। आईएमडी के पूर्वानुमान के अनुसार, सुबह 13 से 18 नवंबर तक हल्का कोहरा देखने की भी संभावना है। शनिवार सुबह 8.30 बजे तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आस-पास था।

वहीं पश्चिमी विक्षोभ के 13 नवंबर से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना के साथ, 13 और 14 नवंबर को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड के अलग-अलग हिस्सों, जम्मू कश्मीर और लद्दाख में बर्फबारी या बारिश होने की संभावना है। शनिवार सुबह जारी आईएमडी अपडेट के अनुसार, अगले 24 घंटों में उत्तर पश्चिम भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान।

इस बीच, दिल्ली की वायु गुणवत्ता सुबह नौ बजे 311 के एक्यूआई के साथ 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। शहर के निगरानी स्टेशनों ने शनिवार सुबह 24 घंटे का औसत एक्यूआई 'बहुत खराब' या 'खराब' श्रेणियों में दर्ज किया। एनसीआर के अन्य हिस्सों में हवा की गुणवत्ता मामूली बेहतर थी नोएडा में 24 घंटे का औसत एक्यूआई 242 सुबह 9 बजे, फरीदाबाद 278 और गुड़गांव 300 दर्ज किया गया।

# भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कहा हिंदू विरोधी



एनसीआर समाचार

नई दिल्ली: क्रिकेटर से नेता बने हरभजन सिंह, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और दिल्ली के पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम आगामी दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी द्वारा घोषित 30 स्टार प्रचारकों में शामिल हैं।

गौतम ने पिछले महीने एक 'धर्मांतरण कार्यक्रम' पर विवाद के बाद समाज कल्याण मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था, जहां लगभग 10,000 लोगों ने बौद्ध धर्म ग्रहण किया था। आम आदमी पार्टी द्वारा अपने स्टार प्रचारक के रूप में उनकी नियुक्ति ने एक विवाद को जन्म दिया, भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को "हिंदू विरोधी" कहा।

मनोज तिवारी ने कहा कि आम आदमी पार्टी हिंदू विरोधी है और हिंदू देवी-देवताओं के खिलाफ है क्योंकि आज आपने अपने स्टार प्रचारकों की सूची में राजेंद्र पाल गौतम को बनाया, जिन्होंने हिंदू देवताओं ब्रह्मा, विष्णु, राम को गाली दी। इससे साफ पता चलता है कि गौतम के वे शब्द भी केजरीवाल के ही शब्द थे। आप उन्हें सम्मान देते हैं लेकिन बहुत जल्द इस देश और समाज के लोग आपको हिंदू देवी-देवताओं को गाली देने का परिणाम दिखाएंगे।

# दिल्ली पुलिस ने धोखाधड़ी व ठगी करने वाले गद्दीबाज गैंग के तीन सदस्यों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के मैदान गढ़ी थाने की पुलिस टीम ने तीन ऐसे शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है जो लोगों के साथ धोखाधड़ी की वारदात करते थे। ये आरोपी लोगों को बहला-फुसलाकर कागजों का बंडल दिखाकर उनके साथ ठगी को अंजाम देते थे। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 900 रियाल मुद्रा और कागज के बंडल वाला एक बैग बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद मंजर, राजेश आलम और नाजिम आलम के रूप में की गई है। ये आरोपी गद्दीबाज गिरोह के सदस्य बताए जा रहे हैं। दक्षिणी दिल्ली जिला पुलिस के डीसीपी चंदन चौधरी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि महरौली क्षेत्र में लोगों के साथ कुछ लोगों द्वारा धोखाधड़ी करने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही थीं। ऐसे अपराधियों को पकड़ने के लिए और उन पर नकेल कसने के लिए एसीपी विनोद नारंग ने मैदान गढ़ी थाने के एसएचओ राजीव कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया, जिसमें संजय कॉलोनी चौकी इंचार्ज इंस्पेक्टर भई चौधरी, एएसआई संदीप, हेड कांस्टेबल कुलबीर, श्रीराम, मनजीत और धर्मेंद्र को शामिल किया गया। जांच के दौरान टीम ने शुरुआत में जानकारी जुटाई और पिछली घटनाओं के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पिछले मामलों के पीड़ितों से संपर्क किया और अपनाई गई धोखाधड़ी के तौर तरीके के बारे में सुराग पाने के लिए जनता से पूछताछ की। स्थानीय सूत्रों को भी सक्रिय कर दिया गया और लगभग 15-20 दिनों तक लगातार इस ग्रुप पर टीम ने काम किया। जेल जमानत पर रिहा हुए आरोपियों पर भी निगरानी रखी गई। इसके साथ ही एक सूची भी तैयार की गई। काफी छानबीन करने के बाद सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की जांच के आधार पर टीम ने काफी साक्ष्य जुटाए। इस टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि इस तरह के धोखेबाज आईएसबीटी कश्मीरी गेट के पास आएंगे। सूचना को तुरंत और विकसित किया गया और एक जाल बिछाकर कुछ देर बाद आईएसबीटी बस अड्डे से तीन ठगों को गिरफ्तार कर लिया जिनकी पहचान मोहम्मद मंजर, राजेश आलम और नाजिम आलम के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी के पास से कागज की गड्डियों से भरा बैग बरामद किया गया। आरोपी राजेश आलम की तलाशी लेने पर 900 रियाल मुद्रा मिली। ये सऊदी अरब की मुद्रा है। पूछताछ करने पर आरोपियों ने खुलासा किया कि वह निर्दोष लोगों को निशाना बनाते थे। असली रियाल के साथ ही नोटों के आकार के कागजों का एक बंडल ले जाते थे और विदेशी मुद्रा को बंडल के ऊपर रखे थे और इसी प्रकार लोग उनकी बातों में

## अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग का मामला

# उप मुख्यमंत्री की ओर से सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग मामले पर दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ओर से दायर हलफनामे को अभिषेक मनु सिंघवी ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच के सामने रखा।



सिंघवी ने कहा कि अधिकारियों के सहयोग न मिलने के चलते सरकार के कामकाज में दिक्कत हो रही है। इसका केन्द्र के वकील ने विरोध करते हुए कहा कि ये राजनीतिक प्रोपगेंडा है। हलफनामा पहले ही मीडिया को लीक कर दिया गया। तब चीफ जस्टिस ने कहा कि ये भले ही सियासी मसला हो, पर हमें इसके सिर्फ संवैधानिक पहलुओं को देखना है। हम अभी दूसरे पक्ष को इस हलफनामे पर जवाब दाखिल करने के लिए नहीं कहेंगे अन्यथा ये अंतहीन सिलसिला शुरू हो जाएगा। संविधान पीठ के सामने ये मामला लगा है। वहां सुनवाई होने का इंतजार कीजिए। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ 24 नवंबर को मामले की सुनवाई करेगी। मनीष सिसोदिया ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा है कि इस साल की शुरुआत में उपराज्यपाल वीके सक्सेना की नियुक्ति के साथ समस्या और विकट हो गई है। वे दिल्ली सरकार के कामकाज को पूरे तरीके से बाधित कर रहे हैं।

हलफनामे में कहा गया है कि मंत्रियों के फोन के बावजूद नौकरशाहों ने बैठकों में भाग लेना बंद कर दिया। इतना ही नहीं अधिकारियों ने मंत्रियों के फोन उठाने बंद कर दिए। हलफनामे में कहा गया है कि अधिकारी या तो देरी करते थे या मंत्रियों के विभागों तक फाइल ही नहीं भेजते थे। अधिकारियों ने मंत्रियों के आदेशों और निर्देशों की भी अवहेलना की और चुनी हुई सरकार के साथ उदासीनता के साथ व्यवहार किया। दिल्ली सरकार का कहना है कि इस साल की शुरुआत में उपराज्यपाल वीके सक्सेना की नियुक्ति के साथ समस्या और भी विकट हो गई है। उपराज्यपाल उन अफसरों को दंडित कर रहे हैं जो चुनी हुई सरकार के साथ सहयोग कर रहे हैं।

6 मई को कोर्ट ने इस मामले को 5 जजों की संविधान बेंच को रेफर कर दिया था। दिल्ली सरकार अधिकारियों पर पूर्ण नियंत्रण की मांग कर रही है। इस मामले पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा था कि यह मसला 2021 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली अधिनियम में हुए संशोधन से भी जुड़ा है। केंद्र ने दोनों मसलों पर साथ सुनवाई करने की मांग की थी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले को संविधान पीठ को सुनवाई के लिए रेफर करने की मांग की थी। बता दें कि 14 फरवरी 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में अफसरों पर नियंत्रण के मसले पर सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय बेंच ने विभाजित फैसला सुनाया था। जस्टिस एके सिकरी और जस्टिस अशोक भूषण की बेंच ने अलग-अलग फैसला सुनाया था इसलिए इस मसले पर

# तीन हत्याओं का अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की इंटर स्टेट सेल की टीम ने एक ऐसे कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई है, जो 2013 में जैतपुर में एक हत्या के मामले में रोहिणी जेल में बंद था। वहां भी वर्ष 2018 में उसने एक विचाराधीन कैदी की हत्या कर दी थी और जब इस साल अप्रैल महीने में पैरोल पर वो जेल से बाहर आया तो उसने एक और हत्या को अंजाम दिया। इस मामले में गिरफ्तार कुख्यात अपराधी का नाम कृष्ण है और गोविंदपुरी के नवजीवन कैम्प का रहने वाला है। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 10 अप्रैल को आरोपित ने अपने साथी के साथ मिल कर संगम विहार इलाके में एक शख्स राशिद खान पर हत्या की नीयत से फायरिंग की थी। ये सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायल शख्स को अस्पताल ले कर गई, जहां डॉक्टरों की टीम ने उसे मृत घोषित कर दिया था। जिसके बाद इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान कुछ आरोपित पकड़े गए थे, लेकिन आरोपित कृष्ण सहित 2 आरोपित फरार चल रहे थे। इस मामले में कोर्ट ने दोनों को भगोड़ा घोषित किया था।

लगातार फरार चल रहे अपराधी की पकड़ने के लिए अपराध शाखा के डीसीपी अमित गोयल की देखरेख में एसीपी रमेश चंद्र लाम्बा की देखरेख में इंस्पेक्टर सतेंदर मोहन के नेतृत्व में इंस्पेक्टर कमल, एएसआई रमेश, राकेश और अन्य की टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम सूत्रों को सक्रिय कर इसके बारे में जानकारियों को विकसित करने में लगी थी। इसके लिए कई जगह छापेमारी भी की गई। आखिरकार, एक महीने से ज्यादा के प्रयासों के बाद पुलिस टीम इसे गोविंदपुरी इलाके से दबोचने में कामयाबी पाई।

पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि उसने 2013 में पूजा विसर्जन के दौरान जैतपुर में एक हत्या की वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में जैतपुर थाने की पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी किया था। जिसके बाद साल 2018 में जेल में बंद रहने के दौरान इसने एक विचाराधीन कैदी पवन की सिर्फ इसलिए बेरहमी से पिटाई कर जान ले ली, क्योंकि उसने उसके लिए रूहअफजा बनाने से मना कर दिया था। इस मामले में उसके खिलाफ समयपुर बादली थाने में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में उसे उम्र कैद की सजा हुई थी। इस साल अप्रैल में उसे पैरोल पर जेल से छोड़ा गया। जिसके बाद उसने अपने साथी के साथ मिल कर छोटे से झगड़े में हाकिम सिंह नाम के एक शख्स की गोली मार कर हत्या कर दी। इस पर पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें तीन हत्या के मामले शामिल हैं। ये लूट की वारदातों में भी

# जेएनयू फॉलोअप : दो गुटों में मारपीट के बाद पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में गुरुवार शाम दो छात्रों के गुटों में हुई मारपीट और झड़प के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज किया है। मामले की पुष्टि करते हुए दक्षिण पश्चिम जिले के डीसीपी मनोज सी. ने बताया कि पहली एफआईआर जेएनयू के छात्र निशांत नागर की शिकायत पर किया गया है।

इसमें आईपीसी की धारा 323/341/34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरी एफआईआर जेएनयू के छात्र कार्तिक के बयान पर आईपीसी कीधारा 323/341/34 के तहत दर्ज किया गया है। दोनों ही एफआईआर वसंत कुंज नॉर्थ थाने में दर्ज की गई हैं। इस मामले में आगे की जांच स्थानीय पुलिस की टीम द्वारा की जा रही है।

डीसीपी ने मामले की जानकारी देते हुए बताया था कि गुरुवार शाम 5:00 बजे पुलिस को एक पीसीआर कॉल आई थी। इसमें बताया गया था कि जेएनयू के नर्मदा हॉस्टल के पास छात्रों के बीच झगड़ा हो रहा है। मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची तो पता चला कि व्यक्तिगत मामले को लेकर छात्रों के दो ग्रुप में झगड़ा हुआ था।

जेएनयू छात्र यूनियन की अध्यक्ष आईशी घोष का आरोप है कि यह सरासर जेएनयू कैंपस की सुरक्षा व्यवस्था का फेलियर है, जिस तरह से कैंपस में एक के बाद एक ऐसी घटनाएं हो रही हैं, यह बेहद चिंता का विषय है। आईशी घोष ने बताया के 10 नवंबर के इस घटना से पहले 09 नवंबर को भी छात्रों के बीच कुछ झड़प हुआ था, जिस पर किसी ने भी सख्त कदम नहीं उठाया।

जिसके कारण आज 10 नवंबर को नर्मदा हॉस्टल के सामने दो गुटों के बीच में झड़प फिर से हुई। रात से ही एहतियातन दिल्ली पुलिस के जवान जेएनयू कैंपस के अंदर और बाहर तैनात किए गए थे, जिससे कैंपस का माहौल ना बिगड़े। इस घटना के बाद रात में कैंपस के गेट बंद किए जाने के कारण आम छात्रों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

जेएनयू में कल के दो गुटों के हिंसक झड़प के बाद कैम्पस में

# जेएनयू संघर्ष : दिल्ली पुलिस ने दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में छात्रों के दो समूहों के बीच हाथापाई के संबंध में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कीं। अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि हाथापाई में बृहस्पतिवार को दो छात्र घायल हो गए, जबकि विश्वविद्यालय के सूत्रों ने एक ही छात्र के घायल होने का दावा किया। सूत्रों के अनुसार, बुधवार को नर्मदा छात्रावास के पास जन्मदिन की पार्टी के दौरान हाथापाई की घटना हुई थी।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) मनोज सी ने कहा कि जेएनयू छात्र निशांत नागर की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाना), 341 (गलत तरीके से रोकना) और 34 (साझा मंशा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि जेएनयू के एक अन्य छात्र कार्तिक की शिकायत पर वसंत कुंज (उत्तर) पुलिस स्टेशन में इसी तरह की धाराओं के तहत दूसरी प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की जांच जारी है।

सोशल मीडिया पर कुछ कथित वीडियो क्लिप प्रसारित किए गए, जिसमें दिख रहा है कि कुछ छात्र परिसर में हाथ में लाठियां लिए भाग रहे हैं। एक वीडियो में नकाबपोश छात्रों को लाठियों के साथ देखा गया था। छात्रों में से एक ने जेएनयू की स्वेटशर्ट पहन रखी थी। पुलिस ने कहा कि वे सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो की सत्यता की जांच करेंगे। पुलिस और विश्वविद्यालय के सूत्र बताते हैं कि घटना में कोई भी राजनीतिक समूह शामिल नहीं है।

हाल के कुछ वर्षों में, विश्वविद्यालय में वामदलों से संबद्ध छात्र संगठनों और आरएसएस समर्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) छात्रों के बीच कई हिंसक घटनाएं देखी हैं। इसी वर्ष अप्रैल में, रामनवमी पर मेस में कथित रूप से मांसाहारी भोजन परोसने को लेकर कावेरी छात्रावास में छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए थे।

मालूम हो कि 5 जनवरी, 2020 को नकाबपोशों की भीड़ ने परिसर में धावा बोला था और तीन छात्रावासों में छात्रों को निशाना बनाया था। लगभग दो घंटे तक परिसर में अराजकता के कारण जेएनयू छात्र संघ अध्यक्ष आइशी घोष सहित कम से कम 28 लोग घायल हो गए थे।

# आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट की जारी, 134 वार्डों में चुने गए आप उम्मीदवार

एनसीआर समाचार

राजधानी दिल्ली के MCD चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने 250 वार्डों में 134 उम्मीदवारों की घोषणा की है। आपको बता दें कि, अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी के कुल 134 उम्मीदवारों में 60 से अधिक टिकट महिलाओं को दी है।

आम आदमी पार्टी वर्तमान में दिल्ली की सरकार है और वहीं बीजेपी की बात करें तो वह पिछले 15 सालों से नगर निगम की कुर्सी पर है वानी आम आदमी पार्टी से भी बहुत पहले से बीजेपी का दिल्ली में राज रहा है। अब ये अंदाजा लगा पाना बेहद मुश्किल है कि आखिर इस बार का नगर निगम चुनाव कौन जीतेगा ?

बता दें कि, आम आदमी पार्टी ने अभी टाउड चुनाव के लिए केवल एक ही लिस्ट जारी की है, पार्टी उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी होना अभी भी बाकी है। आप की पहली लिस्ट में कुल 134 उम्मीदवारों के नाम जारी कर दिया गया है। MCD चुनाव के लिए मतदान 4 दिसंबर को होंगे



वहीं परिणाम 7 दिसंबर को जारी किया जाएगा। आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट ट्विटर हैंडल पर जारी की। उम्मीदवारों की लिस्ट जारी करने के साथ ही अरविंद ने सभी उम्मीदवारों को बधाई दी और जल्द ही दिल्ली साफ सुथरी बनाने की बात कही। साथ ही पार्टी ने अपने ट्वीट में यह भी लिखा कि 90 प्रतिशत पुराने कार्यकर्ताओं को ही चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा।

AAP के उम्मीदवारों की लिस्ट

आम आदमी पार्टी ने पहली लिस्ट में नरेला, बुराड़ी, तीमारपुर, आदर्श नगर, बादली, रिठाला, बवाना, मुंडका, किराड़ी, सुल्तानपुर माजरा, नांगलोई जाट, रोहिणी, शालीमार बाग, त्री नगर, वजीरपुर, मॉडल टाउन, सदर बाजार, चांदनी चौक, बल्ली मारान, करोल बाग, पटेल नगर, मोती नगर, मादीपुर, राजौरी गार्डन, हरी नगर, तिलक नगर, जनकपुरी, विकासपुरी, उत्तम नगर, द्वारका, बिजवासन, पालम, राजेंद्र नगर, कस्तूरबा नगर, मालवीय नगर, आर.के पुरम, छतरपुर, देवली, अंबेडकर नगर, संगम विहार, ग्रेटर कैलाश, कालकाजी, तुगलकाबाद, बदरपुर, ओखला, त्रिलोकपुरी, कोंडली, पटपड़गंज, लक्ष्मी नगर, शाहदरा, सीलमपुर, रोहतास नगर, सीमापुरी, घोंडा, बाबरपुर, गोकलपुर, मुस्तफाबाद और करावल नगर विधानसभा के तहत आने वाली 134 वार्डों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है।

## संक्षिप्त सार

# उत्तर प्रदेश के उन्नाव में लूटपाट के बाद महिला की हत्या

**उन्नाव/ एजेंसी।** जिले की गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत गायत्री नगर भातू फॉर्म इलाके में एक घर में लूटपाट के बाद महिला की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर गंगा घाट कोतवाली प्रभारी और क्षेत्राधिकारी (सीओ) नगर मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की।

क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष कुमार ने बताया शुक्रवार रात गायत्री नगर भातू फॉर्म निवासी प्रेम शंकर मिश्रा की पत्नी कांति मिश्रा (58) घर पर अकेले थीं। मिश्रा कपड़ा बाजार में नौकरी करते हैं।

उन्होंने बताया मिश्रा जब रात में अपनी ड्यूटी से घर लौटे तो उन्होंने घर के मुख्य द्वार का कुंडा टूटा हुआ पाया, जिसके बाद वह कमरे में पहुंचे जहां उन्होंने कमरे का सामान बिखरा हुआ देखा। उनकी पत्नी का शव आंगन में पड़ा हुआ था। यह देखकर उन्होंने पड़ोसियों को बुलाकर पुलिस को इसकी सूचना दी।

सीओ ने बताया कि जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस के साथ वह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

# सहारनपुर में मोटरसाइकिल नहर में गिरी, एक व्यक्ति डूबा

**सहारनपुर/ एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले के सिकरी गांव के पास एक पुल से मोटरसाइकिल गंगा नहर में गिरने से एक व्यक्ति नहर में डूब गया, जबकि दो लोगों को बचा लिया गया। मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति सवार थे। पुलिस ने इसकी जानकारी दी ।

देहात पुलिस अधीक्षक सूरज राज ने बताया कि देवबंद इलाके का फारुक (19), अब्दुल रहीम (20) और हैदर (21) मोटरसाइकिल पर जा रहे थे कि इसी दौरान उनकी बाइक गंगा नहर में गिर गयी ।

उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने अब्दुल रहीम और हैदर को किसी तरह से डूबने से बचा लिया, लेकिन फारुक पानी में बह गया। मुजफ्फरनगर पुलिस ने शनिवार को फारुक का शव बरामद कर लिया और इसकी सूचना उसके परिजनों को दे दी।

# तमिलनाडु और कर्नाटक में बारिश की बनी संभावना

**कानपुर/ एजेंसी।** अगले 24 घंटों के दौरान रायलसीमा, तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, केरल, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और लक्षद्वीप में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही अंडमान और निकोबार के दक्षिणी द्वीपों में भी एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। यह बातें शनिवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एन. सुनील पाण्डेय ने कही।

उन्होंने कहा कि तटीय कर्नाटक में हल्की बारिश के साथ एक या दो स्थानों पर मध्यम बारिश संभव है। दक्षिण तेलंगाना में एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश संभव है। उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों सहित पूरे उत्तर प्रदेश में दिन और रात के तापमान में और गिरावट आ सकती है। बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 29.0 और न्यूनतम तापमान 14.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 73 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 31 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 4.0 किमी प्रति घंटा रही। भारतीय मौसम विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार अगले पांच दिनों में साफ आसमान रहने के साथ तापमान में गिरावट होने की आसार हैं, लेकिन वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

देश भर में बना मौसमी सिस्टम

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि गहरे निम्न दबाव का क्षेत्र अब दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तथा उत्तर तटीय तमिलनाडु के आसपास है। इससे जुड़ा हुआ चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 7.6 मीटर ऊपर तक फैला हुआ है। इसके उत्तर तमिलनाडु और केरल होते हुए पश्चिम उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ने और कम दबाव वाले क्षेत्र के रूप में दक्षिण पूर्व और इससे सटे पूर्वी मध्य अरब सागर में उभरने की उम्मीद है। ताजा पश्चिमी विक्षोभ 13 नवम्बर से पश्चिमी हिमालय के पास पहुंचेगा। 16 नवम्बर के आसपास दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

## स्मार्टफोन पाकर खिले छात्रों के चेहरे

**गाजियाबाद/ एजेंसी।** रिलायबल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण के लिए स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, रिलायबल सोसाइटी के अध्यक्ष अनुज गोयल और निदेशिक डॉ. पूनम गोयल ने बीबीए, बीकॉम, एलएलबी और बीएड के छात्रों को स्मार्टफोन बांटे। फोन पाकर छात्रों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखा गया। अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल और संस्थान अध्यक्ष अनुज गोयल ने कहा कि सरकार की इस योजना से डिजिटल इन्डिया को मजबूती मिलेगी। निदेशिका डॉ पूनम गोयल ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की।

## हस्तियों ने छात्रों को दिए कामयाबी के मंत्र

**गाजियाबाद/ एजेंसी।** एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज में शनिवार को टेड एक्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियों ने अपनी सफलता के पीछे संघर्ष, व्यवसाय के उत्कर्ष पर पहुंचने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए छात्रों को मूलमंत्र दिए। इन हस्तियों में डीआईजी एनएनडी दुबे (दिल्ली), यूट्यूबर लव बब्बर, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने वाली मशहूर शेफ लता टंडन, अभिनेता केशव साधना, फिल्म निर्माता सुयश केशरी, ग्राफिक डिजाइनर अनिक जैन, शेफ हरपाल सिंह सोखी, शिक्षाविद् अनुष्का चौधरी शामिल रहीं। कार्यक्रम के संचालन में डॉ राजेश कुमार तिवारी, प्रभात सिंह, डॉ सत्येंद्र कुमार, अंकुर दीक्षित का योगदान रहा। इस दौरान कॉलेज प्रेसिडेन्ट नीरज गोयल, वाईस प्रेसीडेन्ट सचिन गोयल, ज्वाइन्ट सेक्रेटरी शाश्वत गोयल, डायरेक्टर डॉ संजय कुमार सिंह मौजूद रहे।

## निक्षय मित्र बन क्षय रोगियों की मदद करें : सीएमओ

**हापुड़/ एजेंसी।** प्रधानमंत्री का देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त करने का संकल्प इसे आमजन की मुहिम बनाकर ही पूरा हो सकेगा। मुहिम में आमजन को जोड़ने के उद्देश्य से ही निक्षय मित्र की परिकल्पना की गई है और यह काफी कारगर साबित होती भी दिख रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि वर्ष 2022 में अब तक जनपद में 1329 क्षय रोगियों का उपचार पूर्ण हो चुका है, जबकि 1889 क्षय रोगी वर्तमान में उपचार ले रहे हैं। जनपद में अब तक 42 निक्षय मित्र बनाए गए हैं जो 397 क्षय रोगियों को गोद लेकर पुष्टाहार के साथ भावनात्मक व सामाजिक सहयोग उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने अन्य लोगों से भी क्षय रोगियों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह ने बताया कि क्षय रोगियों को गोद लेकर भावनात्मक और सामाजिक सहयोग उपलब्ध कराए जाने के अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। इससे बीच में उपचार छोड़ देने की समस्या पर काफी हद तक अंकुश लगा है। दरअसल, निक्षय मित्र मिलने से रोगियों का हौसला बढ़ जाता है, जब उन्हें यह पता लगता है कि परिवार के अलावा भी ऐसे लोग समाज में हैं जो उनकी परवाह करते हैं।




जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद लखनऊ में 'हमारा संविधान और नागरिक अधिकार' पर एक सम्मेलन के दौरान।

# रॉड से हमला कर बड़े भाई को मार डाला

**ग्रेटर नोएडा/ एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के रोजा याकूबपुर गांव में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक की पत्नी ने विरोध किया तो आरोपी ने रॉड से हमला कर उसका हाथ तोड़ दिया। घटना के बाद से आरोपी फरार है। बताया जा रहा है कि आरोपी अपनी बीमार पत्नी की मौत हो जाने के बाद से बड़े भाई और भाभी से नाराज था। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बिसरख कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रोजा याकूबपुर गांव में 50 वर्षीय अनिल नागर अपने परिवार के साथ रहते थे। शुक्रवार की दोपहर अनिल अपनी पत्नी के साथ छोटे भाई कपिल नागर के घर के सामने से गुजर रहे थे। इस बीच कपिल ने लोहे की रॉड से अपने बड़े भाई अनिल पर हमला कर दिया। अनिल की पत्नी ने विरोध किया तो आरोपी ने रॉड से हमला कर उनका भी हाथ तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी कपिल ने बड़े भाई अनिल के सिर पर लोहे की रॉड से एक के बाद एक कई वार किए और उसे मौत के घाट उतार दिया। आसपास मौजूद लोगों ने घायल अनिल को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद से आरोपी कपिल फरार है।

बिसरख कोतवाली प्रभारी उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि पारिवारिक पूछताछ में पता चला है कि आरोपी कपिल की पत्नी बीमार रहती थी। करीब एक साल पहले लंबी बीमारी के चलते कपिल की पत्नी की मौत हो गई। पत्नी की मौत के बाद से आरोपी कपिल अपने बड़े भाई अनिल और भाभी से नाराज था। वह अक्सर आरोप लगाता था कि बड़े भाई और भाभी ने उसकी पत्नी का अच्छे से इलाज नहीं करवाया, जिसकी वजह से उसकी मौत हुई। आरोपी कपिल अपनी पत्नी की मौत का जिम्मेदार बड़े भाई और भाभी को मानता था। बदला लेने की नियत से उसने दोनों पर एक साथ हमला किया। पुलिस ने मामले में अन्य पहलुओं पर भी जांच कर रही है।

पुलिस की पूछताछ में पता चला है कि परिवार के लोगों में मुआवजे के पैसे के बंटवारे को लेकर भी आपसी मतभेद चल रहा था। पुलिस पैसे के लेनदेन और संपत्ति के विवाद को लेकर भी मामले की जांच कर रही है। ग्रामीणों के मुताबिक करीब एक साल पहले कपिल की पत्नी की लंबी बीमारी के चलते मौत हो गई थी।

# हापुड़ में रोटरी क्लब ने 100 बेटियों को बांटे सेनेटरी पैड

## हापुड़ के बिहारी आश्रम कन्या विद्यालय में सेनेटरी पैड बांट कर बेटियों को किया जागरूक

**गाजियाबाद/ एजेंसी।** रोटरी क्लब हापुड़ एलाइट ने आरएचएएम फाउंडेशन एंड रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में 100 महिलाओं को सेनेटरी पैड बांटे। हापुड़ के बिहारी आश्रम कन्या विद्यालय में सेनेटरी पैड बांटने के लिए शिविर लगाया गया। इसमें बेटियों को सेनेटरी पैड बांटने के साथ ही इस्तेमाल के तौर तरीके भी बताए गए। रोटरी क्लब हापुड़ एलाइट के अध्यक्ष रो पारित अग्रवाल ने कहा कि रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के नेतृत्व में बेटियों को निशुल्क सेनेटरी पैड बांटे गए हैं। इससे पहले सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को साक्षरता अभियान के अंतर्गत पाठ्य सामग्री बांटकर लाभान्वित किया गया था। एजी (असिस्टेंट गवर्नर) रो अशोक ग्रोवर ने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन और रोटरी क्लब के सहयोग से आगे भी जरूरतमंद महिलाओं की मदद के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। आरएचएएम फाउंडेशन के फाउंडर रो डॉ धीरज कुमार भार्गव ने बताया कि वसुंधरा में सेनेटरी पैड बैंक बना है। सेनेटरी पैड बैंक के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर के विभिन्न जनपदों में महिलाओं और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाली बेटियों को सेनेटरी पैड बांटने के साथ गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक किया जाता है। इस मौके पर रोटरी क्लब की सचिव तन्मय मित्तल, रो सिन्नी अग्रवाल, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रो विनीत अग्रवाल, रो पारित अग्रवाल, वैभव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नोएडा : हवाला कारोबार मामले में लखनऊ से सरगना, दिल्ली से तीन लोग हिरासत में लिए गए

**नोएडा (उप्र)/ एजेंसी।** हवाला कारोबार के मामले में आयकर विभाग और पुलिस की कार्रवाई में लखनऊ से मामले के सरगना और दिल्ली से तीन लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि निगमित (कॉरपोरेट) सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) कोष में फर्जीवाड़ा कर करोड़ो रुपये के काले धन को सफेद करने के मामले में गिरफ्तार आठ हवाला कारोबारियों से पूछताछ के आधार पर आयकर विभाग ने लखनऊ में रह रहे इस गिरोह के सरगना आदर्श श्रीवास्तव को शुक्रवार शाम को पकड़ लिया।

उन्होंने बताया कि श्रीवास्तव अपने घर में बाहर से ताला बंद करके घर के अंदर छुपा हुआ था। शक होने पर अधिकारियों ने पुलिस को बुलाया तथा उसे धर दबोचा। उससे लखनऊ में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

आयकर अधिकारियों के उसे लेकर शनिवार को नोएडा पहुंचने की संभावना हैं। वहीं, गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर आयकर विभाग के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक ठिकाने पर छापा मारकर 96 लाख रुपये बरामद किए। मौके से तीन आरोपियों को हिरासत में लिया गया है।

आयकर विभाग के अधिकारी दिल्ली और लखनऊ, नोएडा के सेक्टर 58 थाना क्षेत्र में जमे हुए हैं। वहीं, इस मामले में चर्चा में आए दो पत्रकारों राजा मौर्या और मनोज वत्स की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार दबिश दे रही है और इनके संपर्क में आए लोगों पर भी नजर रखे हुए है।

# छोटी उम्र से ही बच्चों को संस्कृत का ज्ञान देना बहुत जरूरी : आनंदीबेन पटेल

**प्रयागराज/ एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शनिवार को यहां विद्या भारती के एक कार्यक्रम में कहा कि छोटी उम्र से ही बच्चों को संस्कृत का ज्ञान देना आवश्यक है, जिससे उनमें भारतीय संस्कृति के प्रति झुकाव पैदा हो सके। अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान विद्या भारती द्वारा ज्वाला देवी इंटर कालेज परिसर में आयोजित संस्कृति महोत्सव को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा, छोटे बच्चों में बहुत सी प्रतिभाएं होती हैं जिन्हें हम पहचान नहीं पाते।

उन्होंने कहा, बच्चों के भीतर जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण का ज्ञान भी देना आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ियों को हम एक बेहतर कल दे सकें। घर हो या पाठशाला हो, उतना ही पानी लीजिए जितनी जरूरत है। जल को बर्बाद मत करिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्या भारती के राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री यतीन्द्र ने कहा, विद्या भारती व्यक्ति निर्माण के क्षेत्र में काम करती है और शिक्षा का मूल उद्देश्य भी यही है। मनुष्य जन्म से मनुष्य नहीं होता। संस्कृति उसे मनुष्य बनाती है।

उन्होंने कहा, विद्या भारती ने प्रारंभ से कहा है कि हिंदुत्व ही शिक्षा का अधिष्ठान इस देश का हो सकता है। इसलिए भारतीय चिंतन के आधार



पर धर्म, संस्कृति, सभ्यता और दर्शन इस देश के नागरिक का निर्माण कर सकते हैं।

यतीन्द्र ने कहा कि इस देश को गौरवमयी स्थान दिलाना, दुनिया के भीतर सिरमौर बनाना, इस संकल्प के साथ विद्या भारती व्यक्ति निर्माण के क्षेत्र में लगी है।

श्रद्धेय दीन दयाल उपाध्याय जी विद्या भारती के काम से प्रारंभ से लगे रहे और गोरखपुर में बने प्रथम विद्यालय का विधान बना तो दीन दयाल जी उसके निर्माण में शामिल रहे । उन्होंने कहा कि दीन दयाल जी हमेशा कहा करते थे कि शिक्षा ज्ञान, संस्कृति और चरित्र के संगम का महत्व बताती है।

# डेंगू व अन्य संचारी रोगों की स्क्रीनिंग के लिए सर्विलांस को बेहतर करने की आवश्यकता: मुख्यमंत्री

**लखनऊ/ एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में डेंगू तथा अन्य संचारी रोगों की समीक्षा करते हुए रोकथाम के लिए प्रयासों को और तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत कुछ सप्ताह से डेंगू व अन्य संचारी रोगों के दुष्प्रभाव में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। इनकी स्क्रीनिंग के लिए सर्विलांस को बेहतर करने की आवश्यकता है। इस कार्य में आशा बहनों का सहयोग लें। घर-घर स्क्रीनिंग कराएं तथा लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान करते हुए उनके समुचित इलाज की व्यवस्था कराई जाए।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देशित किया कि डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल की भांति डेडिकेटेड डेंगू अस्पताल एक्टिव किये जाएं। हर जिले में कम से कम एक ऐसा डेडिकेटेड अस्पताल जरूर क्रियाशील हो। यहां चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता, जांच की सुविधा तथा उपचार की पर्याप्त व्यवस्था हो। इसे आई0सी0सी0सी0 से भी जोड़ा जाना चाहिए।



मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार के सभी मंत्री फील्ड में बने रहें। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित किया जाए अस्पताल में आने वाले हर मरीज को बेड मिले, उसकी समुचित चिकित्सकीय जांच हो और समय पर इलाज किया जाए। प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों सहित जिला अस्पताल, पी0एच0सी0, सी0एच0सी0 व उच्च स्तरीय चिकित्सा संस्थान साधन सम्पन्न हैं। इसका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा अथवा सुरक्षा में तैनात कार्मिकों से मरीजों के तीमारदारों के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करने की अपेक्षा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि डेंगू के मरीजों के लिए हर शासकीय अस्पताल में आइसोलेशन वॉर्ड बनाए गए हैं। स्थानीय जरूरतों के अनुसार इनकी संख्या बढ़ाई जाए। सभी जनपदों में डेंगू की जांच और प्लेटलेट्स की जांच की सुविधा होनी चाहिए। नगर विकास व पंचायती राज विभागों द्वारा प्रदेशव्यापी साफ-सफाई व फॉगिंग का कार्य नियमित रूप से कराया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वास्थ्य, नगर विकास, पंचायती राज और सूचना विभाग व्यापक जागरूकता के कार्यक्रम चलाएं। डेंगू के लक्षण, कारण तथा बचाव आदि के बारे में लोगों को सही जानकारी दी जाए। अखबारों में जागरूकता परक विज्ञापन, दीवार पेंटिंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि के माध्यम से लोगों को इस बीमारी के कारण, प्रभाव और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रयागराज में त्रिवेणी तट पर आगामी माघ मेले की तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। सभी श्रद्धालु एवं कल्पवासी अपने व्रत-संकल्प की पूर्ति अपनी आस्था के अनुरूप कर सकें, इसके लिए उन्हें अच्छी व्यवस्था देनी होगी। उनकी जरूरतों का ध्यान रखना होगा। साधु-संतों और कल्पवासियों से संवाद बनाएं। मेला स्थल पर अस्थायी निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण कर लें।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रयागराज माघ मेले के सुचारु आयोजन के लिए विशेष सचिव और पुलिस अधीक्षक स्तर के एक-एक अधिकारी की तैनाती तत्काल कर दी जाए। मेले की व्यवस्था के प्रति इन अधिकारियों की जवाबदेही होगी। कोविड, डेंगू व अन्य संचारी रोगों से जुड़ी सावधानियों को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता-सैनिटाइजेशन का कार्य प्रत्येक दिन जारी रखना होगा। मेला क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाएं।

# लखीमपुर खीरी में नकली रासायनिक उर्वरक बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

**लखीमपुर खीरी/ एजेंसी।** जिले के राजापुर औद्योगिक क्षेत्र में सूक्ष्म पोषक तत्व बनाने वाली एक निजी फैक्ट्री को लाइसेंस का उल्लंघन कर नकली रासायनिक उर्वरक (खाद) बनाते हुए पाया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह के आदेश पर राजापुर औद्योगिक क्षेत्र में सूक्ष्म पोषक तत्वों के निर्माण के लिए लाइसेंस प्राप्त निजी फैक्ट्री 'गोविन्द इन्डस्ट्रीज' पर शुक्रवार की दोपहर छापेमारी की गयी।

अधिकारी ने बताया कि फैक्ट्री के मालिक लाइसेंस का उल्लंघन कर नकली रासायनिक उर्वरकों का निर्माण करते पाए गए।

जिले के राजापुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित गोविंद इंडस्ट्रीज के परिसरों में शुक्रवार को छापेमारी



करने वाली टीम में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) लखीमपुर श्रद्धा सिंह, पुलिस उपाधीक्षक संदीप सिंह और जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) अरविंद कुमार चौधरी शामिल थे, जिन्होंने पैकिंग और सिलाई मशीन, कृभको, इफको, पारस आदि के ब्रांड नाम वाले ताजा खाली बोरे बरामद किए।

जिला कृषि अधिकारी (डीएओ) अरविंद कुमार चौधरी ने कहा, ''गोविंद इंडस्ट्रीज को केवल सूक्ष्म पोषक तत्वों के निर्माण के लिए लाइसेंस दिया गया था, न कि रासायनिक उर्वरकों को बेचने के लिए।''

चौधरी ने कहा, ''इसके गोदाम से रासायनिक उर्वरकों की बरामदगी लाइसेंस के शर्तों का उल्लंघन है और उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।'' उन्होंने बताया कि खाद की अनलोडिंग और पैकिंग में लगे कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। हालांकि, फैक्ट्री के मालिक ऋतिक गुप्ता को पकड़ा नहीं जा सका है।

प्रतिष्ठित कंपनियों, पैकिंग सामग्री, रैपर और सिलाई मशीनों के नाम वाले खाली बैग की बरामदगी से संकेत मिलता है कि लाइसेंसधारक नकली रासायनिक उर्वरकों के निर्माण और उन्हें प्रतिष्ठित कंपनियों के ब्रांड नाम के तहत बेचने में लगा हुआ था।

जिलाधिकारी (डीएम) महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि फैक्ट्री उर्वरक नियंत्रण आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम का उल्लंघन कर रही है और मालिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसडीएम, डीएसपी और जिला कृषि अधिकारी को फैक्ट्री के औचक निरीक्षण के लिए भेजा गया था। डीएम ने कहा कि फैक्ट्री के दरवाजे पर एक नोटिस चिपकाया गया था जिसमें 21 अक्टूबर से 20 नवंबर तक फैक्ट्री बंद करने की सूचना दी गयी थी। उन्होंने कहा, ''हालांकि, जब छापेमारी करने वाली टीम परिसर में दाखिल हुई, तो कई लोग डीएपी और पोटाश उर्वरकों की पैकिंग में लगे हुए पाए गए।''

उन्होंने कहा, ''अधिकारियों ने वहां भारी मात्रा में डीएपी, एनपीके, यूरिया, सिंगल सुपर फॉस्फेट, विभिन्न प्रतिष्ठित ब्रांडों के बोरो के अलावा रेत, नमक आदि बरामद किया।'' उन्होंने कहा, ''इस संबंध में गहन जांच शुरू की गई थी और बरामद उर्वरकों के नमूने आगे के प्रयोगशाला विश्लेषण के लिए भेजे गए हैं।''

## ग्लोबल समिट की बैठक व रोड शो में भाग लेंगे जिले के उद्यमी

**गाजियाबाद/ एजेंसी।** दिल्ली में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की बैठक एवं रोड शो में जिले के दर्जनों उद्यमी भाग लेंगे। रोड शो के माध्यम से निवेशकों को जिले व प्रदेश में निवेश करने के लिए जागरूक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2023 के फरवरी माह में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन बड़े स्तर पर किया जा रहा है। इसमें देश-विदेश के निवेशिकों को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में निवेश करने के लिए प्रोत्साहन किया जा रहा है। जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त पासवान ने बताया कि ग्लोबल समिट को सफल बनाने के लिए 15 नवंबर को दिल्ली के फिक्की सभागार मे उद्योग जगत से जुड़े उद्यमियों की बैठक रखी गई हैं। बैठक के दौरान ही निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रोड शो का आयोजन किया गया है। रोड शो में भाग लेने के लिए जिले के उद्यमी तथा निर्यात क्षेत्र के कारोबारियों को भी बुलाया गया है।

# ग्रामीणों ने केन्द्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन जयराम गडकरी ज्ञापन प्रेषित किया

घनश्याम दास / एनसीआर समाचार



राजस्थान भिनाय कस्बे के ग्रामीणों ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन जयराम गडकरी को ज्ञापन प्रेषित कर ब्यावर-खरवा-मसूदा-बान्दनवाडा वाया भिनाय केकडी के 100 किलोमीटर मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने को लेकर ज्ञापन प्रेषित किया है। ब्यावर-केकडी मार्ग वाया भिनाय सबसे कम दूरी मार्ग है। सैकडों वर्षों से लाईफ लाईन रोड जो कि 3 विधानसभा क्षेत्रों को जोडता है।

उसके बावजूद वाया भिनाय की जगह टांटोटी गोयला होकर 26-ए राजमार्ग निकाला जाना पूरे उपखण्ड व पंचायत समिति भिनाय की जनता की घोर उपेक्षा व अन्याय बताकर ग्रामीणों ने राज्य सरकार से न्याय करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि न्याय न मिलने पर आन्दोलन के अलावा कोई अन्य रास्ता नहीं बचेगा। कॉलेज बचाओं संघर्ष समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश आचार्य व ग्रामीणों ने बताया कि ब्यावर, खरवा, मसूदा, बान्दनवाडा वाया भिनाय केकडी मार्ग जिला अजमेर जिसकी दूरी मात्र 100 किमी है।

राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र के विकास के लिये अतिआवश्यक है। भौगोलिक दृष्टि से कटा हुआ पिछडा क्षेत्र होने के कारण यही एकमात्र लाईफ लाईन रोड है। यह रोड सीधा 3 विधानसभा क्षेत्र ब्यावर मसूदा केकडी को जोडता है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के पश्चात भी रोड की जर्जर हालत है। भारी खड्डों में तब्दील है। जबकि यह क्षेत्र महत्वपूर्ण राजस्व वर्षो से दे रहा है। क्षेत्र में महत्वपूर्ण मार्बल, ग्रेनाईट खाने, खनिज उत्पादन क्षेत्र प्रसिद्ध ईंट उद्योग, सीमेंट फैक्ट्री सहित कई उद्योग यहां स्थापित है।

फिर भी क्षेत्र की उपेक्षा वर्षों से हो रही है। क्षतिग्रस्त सडक के चलते आमजन को इस 100 किमी के सफर में 4 घंटे लग जाते है। शाम 7 बजे के पश्चात? दोनों तरफ के रूट पर कोई सनसाधन नहीं होने से यात्री जहां है वहीं अटक जाते है। इस रोड पर जिन यात्रियों ने सफर कर लिया दोबारा इस रोड पर सफर करने की हिम्मत नहीं करता है। आवागमन के साधन, अच्छी सडके नहीं होने के कारण यहां की आबादी आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक दृष्टि से पिछड हुई है। इस रोड पर रीपेयरिंग, ओल्ट्रेशन के नाम पर प्रतिवर्ष करोडों रुपए खर्च होते है लेकिन अधिकारियों द्वारा गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखते हुए कुछ ही समय के पश्चात यह रोड़ खड्डों में तब्दील हो जाते है।

बीते 75वर्षों से अब तक खरबों रूपयों का आर्थिक नुकसान क्षेत्र के निवासयों व सरकारों को उठाना पड रहा है। यहां राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से तीनों विधानसभा क्षेत्र का आर्थिक सामाजिक विकास होगा, साथ ही सात जिलों मैं जैसे जालौर, पाली, सिरोही, जोधपुर, बून्दी, कोटा, टोंक से सीधी जुडाव बनाता हैं। जहाँ हजारों बेराजगार युवाओं को रोजगार के अवसर, और व्यापार में भारी बढ़ोतरी हुई। वहीं यातायात व्यवस्था सुदृढ होगी। सामाजिक प्रगति होगी। पूरे क्षेत्र में आर्थिक उछाल आयेगा। रोड के बनने से यहां 15 लाख जनता सीधी लाभान्वित-गौरवान्वित भी होगी।

पिछडे हुए क्षेत्र के गरीब, किसान, मजदूर व्यापारी राज्य कर्मचारियों, उद्योग धन्धों और हर क्षेत्र में मजबूती आयेगी। ब्यावर-केकडी सडक मार्ग के वर्षों से जर्जर हालत के कारण अधिकतर यात्री प्राईवेट वाहन, मालवाहन वाहन वाया अजमेर 45 किमी का अधिक सफर तय कर गंतव्य तक पहुंचते है। लोग अधिक भाडा, अधिक दूरी, अधिक समय पिछले 75 वर्षों से दे रहे है। इतने वर्षों में खरबों रूपयों का आर्थिक नुकसान आमजन को हुआ है। हर वर्ष करोडों रुपए रीपेयरिंग, रोड ओल्ट्रेशन में स्वाहा हो रहे है और भाई रिपेरिंग करता ठेकेदार द्वारा मिट्टी पर कॉल डालकर रोलर घुमाते हुए नजर आते हैं और आगे-आगे पेच वर्ग कार्य होता है।

साथ ही पीछे पैच वर्क कार्य उखड़ता हुआ नजर आता है। अब परेशान ग्रामीणों ने केन्द्रीय सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से पिछडे हुए क्षेत्र के विकास के लिये ब्यावर-खरवा-मसूदा-बान्दनवाडा वाया भिनाय नागोला कनेईकलां जालिया होते हुए केकडी के 100 किमी मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने इस सन्दर्भ में अजमेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भागीरथ चौधरी, मसूदा विधायक राकेश पारीक को भी ज्ञापन अलग-अलग ज्ञापन प्रेषित किये है। संवाददाता घनश्याम दास की रिपोर्ट।

# बीएमएस में दाखिलों के घपले में जिले का एक संस्थान भी सीबीआई जांच के दायरे में आ गया




एनसीआर समाचार

उत्तर प्रदेश गोंडा आयुष कॉलेजों में बीएमएस में दाखिलों के घपले में जिले का एक संस्थान भी सीबीआई जांच के दायरे में आ गया है। जिले के हारीपुर में स्थित एससीपीएम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में दो दाखिले संदिग्ध मिले हैं। इससे यह कॉलेज भी जांच में घिर गया है। मुख्यमंत्री ने सोमवार के मामले की जांच सीबीआई को सौंपा है। जिले में भी सीबीआई की टीम के आने की संभावना बढ़ गई है। बीएमएस की 100 सीटों की क्षमता वाले एससीपीएम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में दो दाखिलों की जांच होगी, जबकि कॉलेज प्रशासन ने दाखिले में गड़बड़ी न होने का दावा किया है। कॉलेज प्रशासन का कहना है कि जांच की बात अलग है, पूरा सहयोग देंगे।

जिले में बीएमएस की पढ़ाई के लिए एक ही आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज है। इसमें सौ छात्रों का प्रवेश हर साल होता है। साल 2021 में बीएमएस सीट पर हुए दाखिलों की जांच शासन स्तर से हुई है। जिसमें एससीपीएम कॉलेज में भी दो दाखिले संदिग्ध मिले। जिसके बारे में कॉलेज से रिपोर्ट भी मांगी गई थी। कॉलेज की ओर से नीट प्रवेश परीक्षा 2021 में शामिल छात्रों से मिलान की कार्रवाई भी हुई है। सोमवार को शासन की ओर से जांच सीबीआई की सौंपा गया है।

कॉलेज की भूमिका की जांच अब सीबीआई के हवाले की गई है। प्रबंधतंत्र से जुड़े लोगों की भी जांच होगी। दाखिलों में प्रबंध तंत्र से जुड़े लोगों की जिम्मेदारी मानी जाती है। कई जिलों में सीधे तौर पर प्रबंधन से जुड़े लोगों की भूमिका संदिग्ध मिली है। इससे अब सूची में शामिल कॉलेज के स्टाफ के साथ ही प्रबंधन से जुड़े जिम्मेदारों की जांच होगी। नोटिस पर कॉलेज ने कराई है जांच कॉलेज को शासन से दो छात्रों के संदिग्ध होने की रिपोर्ट मिली थी। निदेशक अजिताभ दूबे कहते हैं कि उन्होंने नीट से दोनों छात्रों का सत्यापन कराया है। दोनों की रिपोर्ट सही है, किसी तरह की गड़बड़ी दाखिलों में नहीं किया गया है। इसकी रिपोर्ट भी शासन को भेजा जा चुका है। सीबीआई जांच का फैसला अलग बात है, वह होना चाहिए। जांच में संस्थान पूरा सहयोग करेगा।

# हिमाचल प्रदेश आबकारी विभाग की टीमों द्वारा ड्राई डे पर सघन जांच अभियान जारी आदेशों की अवहेलना पर वाइन परिसर सील

एनसीआर समाचार




हिमाचल प्रदेश राज्य कर एवं आबकारी विभाग के आयुक्त यूनुस ने आज यहां बताया कि, विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत पूरे प्रदेश में शराब की बिक्री पर पाबन्दी लगा दी गई है। प्रदेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के दृष्टिगत शराब की आपूर्ति रोकने के लिए विभाग के अधिकारी संदिग्ध गतिविधियों और अन्य परिसरों पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। विभाग के सभी समाहर्ता, क्षेत्र प्रभारी, प्रवर्तन प्रभारी एवं जिला नोडल प्रभारी पूरे प्रदेश में शुष्क दिवस (ड्राई डे) के दौरान प्रत्येक लाइसेंस परिसर एवं संदिग्ध स्थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। ड्राई डे आदेशों एवं निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निदेर्शों की पालना सुनिश्चित की जा रही है।

समाहर्ता आबकारी दक्षिण क्षेत्र के नेतृत्व में जिला सोलन की टीम ने सुबाथू में ड्राई डे पर वाइन शॉप खुली रखने पर सख्त कार्रवाई करते हुए परिसर सील कर दिया है और आगामी कारवाई अमल में लाई जा रही है। आयुक्त ने कहा है कि यदि कोई भी लाईसेंसी किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसका लाइसेंस तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि, चुनाव के दौरान 48 घंटे तक शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। 12 नवंबर मतदान के दिन शाम 5 बजे तक शराब के सभी प्रकार के लाइसेंस परिसर थोक विक्रेता, देसी एवं अंग्रेजी खुदरा बिक्री की दुकानें, बार, बीयर बार, वाइन शॉप आदि में शराब की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध होगा। इस दौरान यदि कोई भी शराब की दुकान खुली रहती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में अवैध शराब एवं उपभोक्ता वस्तुएं जो कि चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं, के विरुद्ध अभियान जारी है।

राज्य की सीमाओं पर विभाग की टीमें सभी वाहनों की गहन जांच पड़ताल कर रही है। विभाग द्वारा चोर रास्तों में नाका लगा कर अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

सभी जिला नोडल अधिकारियों को निकटवर्ती राज्य के नोडल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा गया है। वे यह भी सुनिश्चित करेंगे कि मतदान क्षेत्रों के 3 किलोमीटर के दायरे में शराब की बिक्री व सेवन न हो।

# फरीदाबाद में हत्या के आरोपी ने कोर्ट परिसर से कूदकर की आत्महत्या

एनसीआर समाचार



फरीदाबाद पुलिस ने कहा कि 19 वर्षीय एक महिला की कथित तौर पर हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति ने शुक्रवार को फरीदाबाद में जिला अदालत की छठी मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी।

पुलिस के मुताबिक, आरोपी महेंद्र को शुक्रवार को मुजेसर इलाके में रोशनी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पीड़िता के भाई की ओर से पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में उन्होंने कहा कि रोशनी बुधवार की सुबह काम पर गई थी और शाम को घर नहीं लौटी।

जिसके बाद एक राहगीर ने परिवार को सूचित किया कि वह संजय कॉलोनी के सोहना चौराहे पर पड़ी है और उसे गंभीर चोटें आई हैं। वहीं शिकायतकर्ता ने कहा कि जब उनका परिवार मौके पर पहुंचा तो रोशनी ने उन्हें बताया कि महेंद्र ने उस पर हमला किया और उसकी पिटाई की है, जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

उसके भाई की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। बता दे कि आरोपी को बल्लभगढ़ में एक बस स्टैंड से गिरफ्तार किया गया था। जांच के मुताबिक बुधवार की रात वह पीड़िता को अपने किराए के मकान में ले गया और उसके साथ मारपीट की फिर उसने यह सुनिश्चित करने के लिए उसका फोन तोड़ दिया कि वह किसी से संपर्क नहीं कर सकती है। वह उसे संजय कॉलोनी की एक गली में ले गया और उसे कई बार पत्थर से मारा व उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया, आरोपी अपनी पत्नी से अलग हो गया था, जिसने उसके खिलाफ तलाक दायर किया और उसने पुलिस को बताया कि वह तीन साल पहले पीड़िता से मिला था, जिसके बाद दोनों के बीच संबंध बन गए थे। उसे संदेह था कि वह किसी अन्य व्यक्ति से बात करती थी और बहस के बाद गुस्से में आकर उसकी हत्या कर दी। पीड़ित का टूटा हुआ फोन और अपराध करने में इस्तेमाल की गई एक ईंट उसके किराए के कमरे से बरामद की गई है,

साथ ही पुलिस ने बताया कि आरोपी को शुक्रवार दोपहर मेडिकल जांच के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया, जिसके बाद उसे जिला अदालत में पेश किया गया।

# कठुआ पुल निर्माण से विकास का नया अध्याय होगा शुरू, 57 लाख से तैयार होगा कटवा पुल

एनसीआर समाचार



मध्य प्रदेश सागर का समग्र विकास करना हम सभी का प्रथम दायित्व है। उक्त विचार नरयावली विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रदीप लारिया ने सिटी लिंक रोड सिविल लाइन मकरोनिया मार्ग पर बनने वाले कटवा पुल निर्माण के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रभु दयाल पटेल, नन्ही लाल अहिरवार, पंकज मखारिया, नरेंद्र अग्रवाल, कपिल कुशवाहा, बलवंत सिंह, कलेक्टर दीपक आर्य, हरिशंकर जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।

दो करोड़ 57 लाख 91 हजार की लागत से तैयार होने वाले 14 मीटर कटवा पुल के भूमि पूजन के अवसर पर विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि सागर का विकास समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ हम सब का प्रथम दायित्व है। उन्होंने कहा कि नरयावली विधानसभा क्षेत्र में 11 रेलवे ब्रिज स्वीकृत और निमार्णाधीन है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण नरयावली विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाकर विधानसभा का समग्र विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस कटवा पुल के निर्माण में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ा किंतु मैं आभार व्यक्त करना चाहता हूं कलेक्टर दीपक आर्य का। जिनकी सिद्धत एवं जुझारू शैली से भूमि पूजन कार्य संपन्न हुआ और पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस पुल के निर्माण में एक तरफ सेना की अनापत्ति थी, वहीं दूसरी तरफ नगर निगम राजघाट की पाइपलाइन की शिफ्टिंग बड़ी समस्या थी ,किंतु कलेक्टर के अथक प्रयासों से यह कार्य संभव हो पाया।

इस अवसर पर कलेक्टर दीपक आर्य ने कहा कि कटवा पुल निर्माण से विकास का नया अध्याय प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि इस पुल निर्माण के कारण सागर नगर निगम और मकरोनिया नगर पालिका का यातायात सुगम एवं आसान होगा वही दोनों नगर एवं उप नगर आपस में जुड़कर व्यवसाय क्षेत्र बन सकेंगे। कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के ईई ने पुल निर्माण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

# दिल्ली पुलीस मुख्यालय में एक कार्यकर्म आयोजित हुआ जिसमें दिल्ली पुलीस के नो जावानो को सम्मानित कराया गया

सलमान थानवी / एनसीआर समाचार



नई दिल्लीः राजधानी दिल्ली में पुलिस द्वारा दिल्ली पुलीस मुख्यालय में खेल प्रतिस्पर्धाओ में मेडल जीतने वाले पुलीसकर्मियों को देश के गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली पुलीस मुख्यालय में उपस्थिति होकर सभी पुलीसकर्मियों का मनोबल और उत्साह बढ़ाया और सभी पुलिसकर्मियो को वार्डस का सम्मान दे कर सभी को सम्मानित किया गया हैं। इस पर सभी पुलिस कर्मियों ने अमित शाह का शुक्रिया किया और उनकी सराहनीय की। आगे दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोरा ने कहा हैं कि मां ग्रह मंत्री अमित शाह के मार्ग दर्शन दिल्ली में सदैव एक नई ऊर्जा का संचार ओर प्रेरणा प्रदान करता है।

आज दिल्ली पुलिस मुख्यालय में अमित शाह ने दिल्ली कि सुरक्षा व भविष्य कि चुनौतियो के संदर्भ में एक समीक्षा बैठक कि और उचित दिशा निर्देश दिए। मां ग्रह मंत्री ने पुलिस मुख्यालय में दौरे के दौरान आज विभिन्न खेल स्परधाओ में असाधारण प्रदर्शन करने वाले दिल्ली पुलिस परिवार के बच्चों ओर पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया है। साथ ही उनका उत्साह बढ़ाया उनके मार्ग दर्शन के लिए दिल्ली पुलिस मां ग्रह मंत्री कि आभारी हैं। आगे दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोरा ने कार्यकर्म को आगे बढ़ाते हुए कहा हैं कि हम सब को एक अच्छी दिल्ली बनानी हैं दिल्ली वासी हम सब का परिवार हैं।

यांह कि कानून व्यवस्था में हम सबको मिलकर अच्छी बनानी हैं। सभी पुलिस कर्मियों से मेरा अनुरोध है की आप सब लोग अपनी ड्यूटी पर सक्त होकर रहे ओर अपराधियों को कतई भी नही छोड़े। हम सब को दिल्ली कि जनता को साथ लेकर चलना हैं। आगे उन्होंने केंद्र सरकार की सरहनिय की कि भारत सरकार देश की सुरक्षा में एक अच्छा प्रदर्शन कर रहीं हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार हो रहा हैं। भारत सरकार ने देश के हित में काफी अच्छा प्रदर्शन एवं सराहनीय कार्य कर रहीं। ये देश कि आवाम के लिए सो भाग्य कि बात हैं जिनको देश को ताकत और लोहा पुरुष प्रधान मंत्री मिला है जिन्होंने देश को प्रगति उन्नति के लिऐ अपना योगदान दिया हैं दिल्ली पुलिस भारत सरकार का धन्यवाद करती हैं। जो जनता के हित में कार्य हो रहा हैं ये सभी दिल्ली एवं देश के लोगों के लिऐ काफी अच्छा सराहनीय कार्य हैं।

# लोक शक्ति टीम द्वारा जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कई समस्याओं के बारे में कराया अवगत

एनसीआर समाचार



राजस्थान में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष युवा, दीपक बालियान एवं अलवर जिले की भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की टीम द्वारा जिला कलेक्टर अलवर को ज्ञापन दिया गया जिसमे, अलवर जिले की कई समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया, जैसे अलवर जिले में पानी की समस्या के बारे और विद्युत विभाग द्वारा किसानों को बिजली की समस्या जिसमे सर्दी के दिनों में कड़ाके की ठंड होती है और किसान रात को खेतो में पानी की सिंचाई करने पड़ती है क्योंकि जो सिंचाई के लिए पावर सप्लाई है वो विद्युत विभाग द्वारा रात को दी जाती है, जिसमें सर्दी के कारण हर वर्ष कई किसानों की मौत हो जाति है और बार-बार निवेदन करने पर भी विद्युत विभाग इस बात को नजरंदाज कर देता है।

इसके अलावा पुलिस प्रशासन द्वारा प्रार्थी की शिकायतों पर बजाय कानून कार्यवाही करने के उल्टा शिकायत करते ही अरेस्ट कर लिया जाता है या शिकायत न करने की धमकी दी जाति है, जैसे कोई गांवों में अवेध शराब के ठेकों की शिकायत करने पर उल्टा उसी पर झूठा केस दर्ज करने की साजिश रची जाती है। पुलिस प्रशासन का विश्वास लोगो के मन से खत्म हो चुका है गरीब किसान, असहाय लोगों की आवाज शासन प्रशासन बिल्कुल नहीं सुनता है। इसके अलावा अलवर शहर में पीने के पानी को लेकर बहुत बड़ी किल्लत है, या तो पानी मिल ही नहीं रहा और जो थोड़ा बहुत मिल रहा है।

वो स्वच्छ नही है पीने योग्य नहीं है, जिससे लोग बीमार हो रहे हैं, इन सभी मुद्दों को ध्यान में रखते हुए, भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की अलवर टीम द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमे अलवर जिला अध्यक्ष जगन्नाथ गोयल, युवा जिला अध्यक्ष मौसम खान, जिला प्रभारी अशोक शर्मा, जिला सचिव ईश्वर सिंह गुर्जर, महासचिव, महेश हुल्याना, जयपुर संभाग अध्यक्ष गोरी शंकर सैनी एवं समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह कार्य युवा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बालियान के नेतृत्व में किया गया।

## एक नजर

### राजस्थान डीग में पानी निकासी की समस्या को तुरंत प्रभाव से समाधान किया गया



एनसीआर समाचार

राजस्थान डीग वार्ड नंबर 29 के पार्षद गिरीश शर्मा क्रांतिकारी द्वारा अपने वार्ड में हो रही पानी निकासी की समस्या को तुरंत प्रभाव से समाधान किया गया। उन्होंने जन सहयोग में कार्य करते हुए पूर्ण आश्वाशन दिया कि वो अपने वार्डवासियो के लिए हर संभव प्रयास कर अपने वार्ड को डीग नगर पालिका क्षेत्र में आदर्श वार्ड बनाएंगे। इस मौके पर वार्ड नंबर 29 के भानु जोशी, हरेंद्र जैन, मनीष जैन, राहुल गुप्ता, चयन जैन, मंगल सिंह धोबी, राजेंद्र चौहान, मुकेश चौहान आदि के साथ स्वयं पार्षद गिरीश शर्मा उपस्थित रहे।

### दो वर्षो से बिना अन्न ग्रहण किए नर्मदा परिक्रमा वर्ष वासी दादा गुरु भय्यूजी महाराज नर्मदा बचाओ मिशन

एनसीआर समाचार



मध्य प्रदेश में लगातार दो वर्षो से बिना अन्न ग्रहण किए नर्मदा परिक्रमा वर्ष वासी दादा गुरु भय्यूजी महाराज नर्मदा बचाओ मिशन पर निकले जिनका उद्देश्य नर्मदा में स्वच्छता बनाए रखना और संपूर्ण नर्मदा नदी के किनारे वृक्षारोपण करना है और नर्मदा को शुद्ध एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से बिना कुछ खाए अन्न का एक दाना भी नहीं खाया है 2 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं नर्मदा परिक्रमा कर रहे हैं, जिसके बाद वो बकावा पहुंचे और वृक्षारोपण किया, जिसमें गांव के समस्त युवा साथी उपस्थित रहे।

### कनेरा देव स्कूल को सीएम राइज बनाने के लिए महापौर ने मंत्री भूपेंद्र सिंह को सौंपा ज्ञापन



एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश सागर महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी के नेतृत्व में आए एक प्रतिनिधि मंडल ने नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह से कार्यालय में भेंट कर प्रस्तावित सीएम राइज स्कूल को कनेरा देव स्थित शासकीय स्कूल में बनाने के लिए सागर नगर-निगम की महापौर की ओर से ज्ञापन सौंप कर आग्रह किया है। मंत्री सिंह ने इस आवेदन पर विचार कर इस विषय को जिला प्रशासन के पास परीक्षण के लिए भेजा है।

सागर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने ज्ञापन में कहा है कि कनेरा देव स्कूल में शिक्षा विभाग की लगभग 15 एकड़ भूमि है जिस पर सीएम राइज स्कूल को उसके मानदंडों के अनुरूप निर्मित किया जा सकता है। ज्ञापन में कहा गया है कि आंबेडकर वार्ड में स्थित कनेरा देव स्कूल शासकीय स्कूल शहर के नजदीक है और यहां सीएम राइज स्कूल बनाने जाने से आसपास के वार्डो के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी उच्च स्तरीय शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

### रोहतक में सतनाली के सदस्य विभिन्न क्षेत्रों में कार्य के लिए तत्पर



एनसीआर समाचार

हरियाणा रोहतक PGI के ICU में बीर सिंह बवाना नामक व्यक्ति ने परिजनों ने टीम के अध्यक्ष नीरज सतनाली से पॉजिटिव रक्त के लिए सम्पर्क किया, जिस पर टीम ने तुरंत अमल करते हुए टीम के समूह से विमल सुरेहती ने महज 30 मिंट में पहुंच कर रक्तदान किया। मरीज के परिजनों ने आभार व्यक्त किया व टीम के द्वारा किये जा रहे कार्यो की सराहना की, नीरज सतनाली ने बताया कि टीम ने सोशल मीडिया पर समूह बना रखा है दिन हो या रात जब भी जरूरतमंद की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते है।

### वार्ड नंबर 34 में 12 नवंबर को निशुल्क कैंप लगाकर आस पड़ोस के लोगों का ऑनलाइन सभी कार्य शुरू

एनसीआर समाचार

झारखण्ड रांची में समाज सेवा एक ऐसा कठिन कार्य है जिसमें त्याग और समाज के प्रति निस्वार्थ समर्पण जरूरी है। ऐसी ही एक विद्या नगर निवासी समाज सेविका सुमन सिंह समाज में निरंतर सामाजिक कार्य करते रहती है। इसी क्रम में उन्होंने अपने आवास वार्ड नंबर 34 में आज 12 नवंबर को निशुल्क कैंप लगाकर आस पड़ोस के लोगों का ऑनलाइन मतदाता पहचान पत्र, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, राशन कार्ड, नाम सुधार आदि कार्य किया। जिसमें करीब 600 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन दिया। मौके पर सुमन ने बताया 19 नवंबर को जीरो बैलेंस पर लोगो का बचत खाता खुलवाया जायेगा। इस मौके पर उपेंद्र कुमार, नवनीत पाण्डेय, ज्योति सिंहा, दीपशिखा, प्रिया सिन्हा, अफसाना परवीन, रिक्की, भोला कुमार, आदर्श कुमार, आयुष पाठक मौजूद रहे।

# मध्य प्रदेश की पुलिस लाइन में हुई जनरल परेड, पुलिस अधीक्षक ने ली सलामी

एनसीआर समाचार



मध्य प्रदेश पुलिस लाइन सागर परेड ग्राउंड में 11 नवंबर शुक्रवार को जनरल परेड हुई जिसकी सलामी पुलिस अधीक्षक सागर तरुण नायक द्वारा ली गई विगत समय में कोविड के कारण परेड नहीं हो पा रही थी पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा दिए गए निदेर्शों के पालन में जनरल परेड पुनः शुरू की गई। पुलिस फोर्स में परेड को अनुशासन के जड़ माना जाता है परेड होने से पुलिस फोर्स में अनुशासन के साथ ही एक साथ टीम के रूप में कार्य करने की क्षमता बढ़ती है।

इसी उद्देश्य से पुलिस लाइन सागर ग्राउंड में लगभग 250 अधिकारी-कर्मचारी जिसमे जिले में पदस्थ पुरुष बल महिला पुलिस बल यातायात का बल जनरल परेड में सम्मिलित हुए इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी पुलिस सम्मिलित हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सलामी ली गई एवं परेड का निरीक्षण कर परेड में सम्मिलित सभी अधिकारी कर्मचारियों को टर्न आउट चेक किया गया। जिन अधिकारी कर्मचारियों का टर्नआउट अच्छा पाया उनको पुलिस अधीक्षक द्वारा नगद इनाम दिया गया जिनका टर्नआउट खराब था उनको भविष्य के लिए चेतावनी दी गई परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा टियर गैस सेल भी चलवा कर देखा गया

परेड निरीक्षण के बाद एम टी शाखा के पुलिस वाहनों का भी निरीक्षण किया गया। रक्षित निरीक्षक एवं संबंधित पुलिस अधिकारियों को सुधार हेतु समुचित निर्देश दिए गए। तत्पश्चात अस्वस्थ पुलिस कर्मचारी तथा पुलिस लाइन में जिन कर्मचारियों की समस्याएं थी उनको सुनकर मौके पर ही निराकरण करते हुए संबंधित अधिकारियों को पुलिस अधीक्षक द्वाराको उचित निर्देश समस्याओं के निराकरण हेतु दिए गए।

पुलिस अधीक्षक पुलिस लाइन आवास परिसर में अन्य अधिकारियों के साथ पंहुचे पुलिस परिवारो से वार्ता कर उनकी समस्याओं को जाना समस्याओं के निवारण हेतु, पुलिस लाइन आवास परिसर में और अच्छी साफ सफाई एवं सुविधाओं हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी प्रकार जनरल परेड आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## रीवा में आरटीओ के द्वारा 9 एंबुलेंस के खिलाफ की गई चालानी कार्यवाही

एनसीआर समाचार

राजस्थान कलेक्टर रीवा के आदेशानुसार परिवहन विभाग रीवा द्वारा रीवा आरटीओ मनीष त्रिपाठी के साथ मिलकर, परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के द्वारा रीवा जिले में स्थित संजय गांधी अस्पताल पर, आज एंबुलेंस के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। इन एंबुलेंस के विरुद्ध यह शिकायत पाई गई थी कि एंबुलेंस वालों के द्वारा मरीजों के साथ निर्धारित किराये से ज्यादा किराया लेकर उन्हें, उनके स्थान तक लाया और ले जाया जाता है।



जिसके पश्चात रीवा कलेक्टर के आदेशानुसार, परिवहन विभाग के द्वारा संजय गांधी अस्पताल के प्रांगण में जाकर 9 एंबुलेंसो के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई। जांच के दौरान लगभग 15 एंबुलेंस को चेक किया गया और उन सभी के कागजात भी चेक किए गए, जिनमें लाइसेंस फिटनेस अधिक किराया के संबंध में जाँच की गई एवं नियम विरुद्ध पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की गई।

इसके अलावा परिवहन विभाग द्वारा आज चेकिंग के दौरान सात वाहनों के विरुद्ध चलानी कार्रवाई करते हुए 49500 का राजस्व ओव्हरलोडिंग के विरुद्ध बनाया। चेकिंग के दौरान ही 3 अन्य वाहन बिना कागजात दस्तावेज के पाए गए। जिन्हें जप्त कर परिवहन कार्यालय रीवा में खड़ा कराया गया।

वहीं सभी 10 वाहनों के प्रकरण निराकरण हेतु न्यायालय रीवा को भेजे गए, परिवहन विभाग के द्वारा निरंतर माल यानो एवं यात्री यानो के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिनमें ओव्हरलोडिंग, तेज गति से वाहन चलाना, यात्रियों से ज्यादा किराया वसूलना, बिना परमिट और अवैध संचालन पर अंकुश लगाया जा रहा है। परिवहन विभाग की यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## मध्य प्रदेश झुरगी पौड़ी टेड़िया नाला बुढ़नेर नदी में पुल ब्रिज के लिए सर्वे शुरू

एनसीआर समाचार

मध्य प्रदेश सुड़गांव जनपद पंचायत मोहगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत झुरगी पौड़ी के टेडिया नाला बुढ़नेर नदी में पुल ब्रिज बनवाने के लिए सर्वे का काम शुरू हो गया है। बताया गया कि भाजपा मंडल मोहगांव अध्यक्ष रुपेन्द्र खडगरे (गप्पु भैया) जनपद पंचायत मोहगांव सदस्य बोध सिंह मरकाम, सरपंच कमलेश कोकड़िया, उपसरपंच ओमकार सिंह झारिया व क्षेत्रीय ग्रामवासियों के अथक प्रयासों से शासन-प्रशासन को ग्राम पंचायत झुरगी पौड़ी के टेडिया नाला बुढनेर नदी में पुल ब्रिज बनवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा कुछ दिनों पूर्व मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया, और धरना प्रदर्शन एवं अनशन किया गया।



जिस पर शासन-प्रशासन द्वारा ध्यान दिया गया और पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी कर्मचारी ग्राम झुरगी पोंडी स्थित बुढ़नेर नदी टेडिया नाला स्थल पर पहुंचकर सर्वे कार्य किया है। सर्वे रिपोर्ट तैयार कर संबंधित विभाग को सौंप दी गई है। सरपंच कमलेश कोकड़िया के नेतृत्व में एवं क्षेत्रीय आम नागरिकों द्वारा बीते दिनों मंडला जिले में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को सौंप गया विज्ञापन निरंतर जारी रहा।

## हिमाचल प्रदेश राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले का किया शुभारम्भ

एनसीआर समाचार

हिमाचल प्रदेश राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आज शिमला जिले के रामपुर बुशहर में चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले का शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि, लवी एक व्यावसायिक मेले के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश का सांस्कृतिक उत्सव बन गया है। उन्होंने कहा कि, लवी मेले का अपना ऐतिहासिक महत्व है और यह व्यापारिक गतिविधियों के साथ-साथ अपनी समृद्ध पुरानी परंपराओं के लिए भी प्रसिद्ध है।



राज्यपाल ने प्रदेश के लोगों से लवी मेले के साथ-साथ लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि, वे 12 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करें। प्रत्येक वोट लोकतंत्र को मजबूत करता है, इसलिए सफल लोकतंत्र के लिए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि, हिमाचल प्रदेश अपनी समृद्ध संस्कृति, रीति-रिवाजों और परंपराओं के लिए जाना जाता है। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि लोग सभी धार्मिक और पारंपरिक त्योहारों को बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और पारंपरिक मेलों और त्योहारों के पुराने गौरव को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए।

उन्होंने लवी मेले की समृद्ध परंपराओं को आगे बढ़ाने के ईमानदार प्रयासों के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेले में प्रदर्शित ऊनी वस्त्र, सूखे मेवे और अन्य पारंपरिक शिल्प और उत्पाद अद्वितीय हैं। मेले में पारंपरिक कारीगरों और किसानों को लाभान्वित करने और उनके प्रचार और बिक्री के लिए बेहतरीन अवसर प्राप्त हुआ है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर किन्नौरी बाजार और विभिन्न संगठनों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी शुभारम्भ किया और उनमें गहरी रुचि दिखाई। उपायुक्त एवं अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष आदित्य नेगी ने राज्यपाल का स्वागत किया और मेले के दौरान आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राज्यपाल को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. मोनिका भटुंगुरु और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# वर्ल्ड कराटे फेडरेशन नियम सेमिनार व एडव्हास कुमीते ट्रेनिंग सेमिनार नई दिल्ली में आयोजित

एनसीआर समाचार

महाराष्ट्र के वर्ल्ड कराटे फेडरेशन नियम सेमिनार व एडव्हास कुमीते ट्रेनिंग सेमिनार नई दिल्ली में आयोजित किया, काना जावा रियो फेडरेशन ऑफ इंडिया एडव्हास कूमिते सेमिनार आयोजक हंशी भरत शर्मा सर ब्लॅक बेल्ट 8 दान हङ्क्ऋ जपान टेक्निकल कमिशन मेंबर, एक्झिक्यूटिव्ह मेंबर ऑफ साउथ एशियन कराटे फेडरेशन, द्वारा खिलाडियो को सिखाया साथ में एडव्हान्स कमिटी ट्रेनिंग और शर्मा सर ने खिलाडियो का अपने लक्ष पर ध्यान देने की सलादी और खिलाडियो का मनोबल बढाया, साथ में संचालित कोशी जसपाल सिंह सर कोच वर्ल्ड कराटे फेडरेशन WKF संयुक्त सचिव कियो इंडिया लखनऊ रेफ्री वर्ल्ड कराटे फेडरेशन, सर ने हङ्क्ऋ के नये नियम सेमिनार में शिकाते हुए नये नियम के बारे मे बताया।



इसमें इस सेमिनार में महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, खिलाडियो का प्रशिक्षण दिया साथ में नॅशनल चॅम्पियनशिप इस चॅम्पियनशिप मे 500 खिलाडियो ने भाग लिया। इस चॅम्पियनशिप के आयोजक कोशी संतान सिंग दिल्ली, सिहान विर चव्हाण सर मुंबई, सियान अनिल चवरे सर, सीहान सादिक बागवान सर, सेन्साई खुशाली चवरे, सेन्साई सचिन मून सर, सेन्साई स्नेहल चवरे, सेन्साई प्रतिभा नागलवाडे, साक्षी अटलकर ये महाराष्ट्र के खिलाडियो ने भाग लीया और इस प्रशिक्षण को मेहनत और लगन के साथ पुरा किया।

चॅम्पियनशिप में महाराष्ट्र के खिलाडी होने पदक हासिल किया इसमें अमरावती जिल्हे, धामणगाव रेल्वे के सुवर्ण पदके, कृष्णा चौधरी, धर्य नागलवाडे, सम्यक दहाट, सोनाली गुप्ता तनिष्का सावरकर और अंतरा ताडाम, रौप्य पदके, अद्वेता वैद्य, सक्षी अटलकर हाशिल किया। यवतमाळ जिल्हे के पांढरकवडा के सुवर्णपदके, अनंत सिंघानिया, भिमी चिकराम, राज पांडे, नवनीत शंभरकर, कसक चावरे, स्नेहल चावरे, रौप्य पदके, आभा पाल, आर्य पाल, अक्षरा जैस्वाल, सक्षक जयस्वाल, समीक्षा सिडाम, दर्पण पेडकर इन सभी खिलाडी होने मेडल हासिल किया।

## उत्तर प्रदेश में एक प्रेमिका ने ऐसा क्या कहा कि प्रेमी ने काटा अपना गला

एनसीआर समाचार



उत्तर प्रदेश फरेंदा महराजगंज पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के युवक का सोशल मीडिया लाइव वीडियो फेसबुक पर पोस्ट कर सनसनी फैला दिया। वीडियो में युवक द्वारा अजीत से शादी तय हुई थी कल खलीलाबाद के पास एक गाँव में एक लड़की से सगाई 2021 छठ के बाद दोनों परिजनों की सहमति तय हुआ था। परिजनों के सहमति से पुरोहित द्वारा 26 मई 2023 में शादी होना सुनिश्चित किया गया था, लेकिन प्रेमिका ने ऐसा क्या कहा कि युवक ने अपना गला काट लिया। यह सबसे बड़ा सवाल खड़ा कर रहा हैं कि हालांकि इस समय परिजनों की स्थिति ठीक नही हैं। बेटे की जान बचाने के लिए माँ ने जेवरात बेचा तो पिता ने अपनी खेत को गिरवी रख दिया। वहीं मदद के लिए पड़ोसन सामने आई और अपने कान का झुमका गिरवी रखने को दे दिया। बड़ा बेटा कमलेश साहनी ने बताया कि अब तब 3 लाख लग चुके हैं। पैसों की व्यवस्था में घर के सभी सदस्य परेशान हैं।

हैदराबाद में दूसरा बेटा इंद्रेश इलाज करा रहे हैं। बेटे के इलाज के लिए पिता ने खेत गिरवी रखा तो मां ने बेच दी जेवरात प्रेमिका ने प्रेमी से ऐसा क्या कहा कि प्रेमी ने अपना गाला काट लिया।

## गौतम बौद्ध नगर पुलिस ने गुड़गांव में एक बलात्कार के आरोपी को किया गिरफ्तार

एनसीआर समाचार



नई दिल्लीः नोएडा की आम्रपाली राशि पुलिस में सुरक्षा प्रभारी को कथित तौर पर अपनी कार से टक्कर मारने के दो दिन बाद गौतम बौद्ध नगर पुलिस ने गुड़गांव में अपने कार्यस्थल से एक बलात्कार के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना के सी.सी.टी.वी फुटेज में, गार्ड को कथित तौर पर नीरज सिंह द्वारा चलाई जा रही एक कार के लिए हाथ हिलाते हुए देखा जा सकता है, जैसे ही वह पास आती है, केवल वाहन से टकरा जाती है, जिसके बाद पुलिस अधिकारी और गार्ड भी कार का पीछा करते हैं, जो भागने में सफल हो जाती है।

वहीं पुलिस के एक बयान में कहा की "उसे रोकने का प्रयास किया गया था, जब आरोपी ने सुरक्षा प्रभारी अशोक मावी को मारने के इरादे से बाल-बाल बच गया।" नीरज सिंह के सहयोगी ने पहले उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 323 (स्वैच्छिक चोट), 504 (शांति भंग करने का अपमान), 506 (आपराधिक धमकी), 376 (बलात्कार) और 377 (अप्राकृतिक अपराध) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। मावी ने बाद में सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 279 (रैश ड्राइविंग), 338 (जीवन को खतरे में डालने वाले कृत्य से गंभीर चोट) और 427 (नुकसान पहुंचाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। साथ ही सेक्टर 113 की पुलिस ने कहा कि नीरज सिंह ने गुड़गांव में एक प्रमुख एयरलाइन में अपने कार्यस्थल पर थे, जब उन्हें गिरफ्तार किया गया तब पुलिस ने कहा कि हो सकता है कि उसने काम पर जाना जारी रखा हो क्योंकि उसे अलग अधिकार क्षेत्र में गिरफ्तार होने की उम्मीद नहीं थी।

## पत्रकारों से अभद्रता करने वाला सीएमओ का वीडियो वायरल, ट्रांसफर का आदेश हुआ जारी

एनसीआर समाचार



उत्तर प्रदेश लखीमपुर खीरी नशे में पत्रकारों से अभद्रता करने वाला सीएमओ का वीडियो वायरल होने के प्रकरण को शासन ने गंभीरता से लिया है। आज चिकित्सा अनुभाग के सचिव रवींद्र ने उनके ट्रांसफर का आदेश जारी कर दिया। आदेश में उल्लिखित है कि उन्हें डीजी हेल्थ कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। उनसे तत्काल स्वतः कार्यमुक्त होकर लखनऊ जॉइन करने के लिए कहा गया है। आज ही जांच टीम भी आई थी। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने भी उक्त वीडियो मंगवाया था व कार्यवाई का आश्वासन दिया था।

तुलसी हॉस्पिटल लखीमपुर में सीएमओ के वाइरल वीडियो को लेकर शासन के निर्देश पर अपर स्वास्थ्य निदेशक डॉ जी.एस बाजपेयी ने दो सदस्यों की समिति का गठन कर दिया था। टीम के सदस्य संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ.रजत सिंह, सीएमओ सीतापुर डॉ.मधु गैरोला आज लखीमपुर आये थे। पत्रकारों, सीएमओ के स्टाफ व सीएमओ डॉ.अरुणेंद्र त्रिपाठी से टीम ने विस्तार में बात की। अपर निदेशक ने वीडियो को लेकर प्रसारित खबरों को टीम को सौंपा है। घटनाक्रम के अनुसार सीओ प्रवीण यादव सहित तीन पुलिस कर्मी कार-ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटना में घायल हो गए थे।

उन्हें उपचार के लिए तुलसी अस्पताल लखीमपुर लाया गया था। सीएमओ भी सीओ का हाल चाल लेने पहुंचे थे। पत्रकारों का आरोप है कि बाइट लेने का प्रयास कर रहे पत्रकारों को नशे में धुत सीएमओ ने अपशब्द कहे। यह वीडीओ भी वाइरल हो गया। बात डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक तक पहुंची।

## संपादकीय

### जी-20 का 'कमल'

कांग्रेस की सोच, दृष्टि और सियासत बेहद संकीर्ण हो गई है। उसकी सुई आज भी देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू पर अटकी है। नेहरू को ही देश की आन, बान, शान और भारत-निमार्ता माना जाता रहा है। यकीनन नेहरू के हिस्से कई उपलब्धियां दर्ज हैं, लेकिन भारत जी-7, जी-20 देशों के समूह-संगठन का हिस्सा होने का सपना भी नहीं देख पाया था, जी-20 के शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करना तो बहुत दूर की कौड़ी थी। भारत की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक हैसियत भी इतनी नहीं थी कि हम दुनिया के विकसित और सर्वसम्पन्न देशों की जमात में खड़े हो पाते। हम तो शेष विश्व के लिए 'तीसरी दुनिया' थे। आजादी के 75 साल बाद 'अमृत-काल' के दौर तक भारत का सर्वांगीण विकास हुआ है। हम आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी और तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था हैं। बेशक इसमें कांग्रेस सरकारों के 55 साल से अधिक कार्यकालों की हिस्सेदारी और उपादेयता भी है। कांग्रेस यह यथार्थ क्यों नहीं समझती? उसकी राजनीति और नफरत सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा (संघ परिवार समेत) तक ही क्यों सिमटी है? इससे कांग्रेस को क्या राजनीतिक और सामाजिक हासिल हो रहे हैं? कोई भी राष्ट्रीय प्रतीक, राष्ट्रीय संदर्भ, राष्ट्रीय पहचान या राष्ट्रीय उपमाएं 'भाजपाई' कैसे हो सकती हैं? वे भाजपा की बपौती या उसके कॉपीराइट की परिधियों में नहीं हैं, फिर भी कांग्रेस कपड़े फाडने में लगी है। आखिर जी-20 का भी 'भगवाकरण' कैसे किया जा सकता है? क्या इतनी हैसियत भारत और उसके प्रधानमंत्री की है?

जी-20 समूह-संगठन में अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाड़ा, जापान, इटली, ब्रिटेन, चीन, दक्षिण अफ्रीका, फ्रांस, जर्मनी, सऊदी अरब, दक्षिण कोरिया, रूस सरीखे समृद्ध और ताकतवर देश शामिल हैं। फिर भी अध्यक्षता भारत के हिस्से आई है। क्या यह गौरव, प्रतिष्ठा और भारतीयता का सम्मान नहीं है? कांग्रेस को इसमें भागीदार बनकर भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीयता का उदाहरण पेश करना चाहिए था, लेकिन उसने जी-20 के प्रतीक-चिह्न पर आपत्ति की है कि प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के चुनाव चिह्न 'कमल' का प्रयोग किया है। दरअसल 'कमल' तब से भारत का 'राष्ट्रीय पुष्प' है, जब भाजपा तो क्या, जनसंघ का भी जन्म नहीं हुआ था। सनातन धर्म की मान्यतानुसार 'कमल' पर देवी लक्ष्मी और देवी सरस्वती विराजती हैं। यानी 'कमल' बौद्धिकता, विवेक के साथ-साथ धन-संपदा का भी प्रतीक-पुष्प है। उसे महज भगवा या भाजपाई करार देकर कांग्रेस ने हमारे सनातन धर्म और उसकी आस्थाओं का अपमान किया है। 'कमल' के बजाय कांग्रेस को व्यापक संदर्भों में सोचना चाहिए कि भारत को जी-20 से जुडकर क्या अंतरराष्ट्रीय फायदे हो सकते हैं। जी-20 के देश विश्व का 70 फीसदी से ज्यादा कारोबार कर रहे हैं। विश्व का 85 फीसदी जीडीपी इन देशों का है। इन देशों में दुनिया की दो-तिहाई से ज्यादा आबादी बसती है। जी-20 देशों के पास दुनिया के समुद्र तट का 45 फीसदी और इसके विशेष आर्थिक क्षेत्रों का 21 फीसदी हिस्सा है। भारत को जी-20 की अध्यक्षता तब मिली है, जब वह कोरोना महामारी के बावजूद 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। भारतीयों के ज्ञान, अनुसंधान, उद्यमशीलता और प्रौद्योगिकी को आगे बढने के मौके मिलेंगे। भारत दुनिया के सबसे बड़े 'डिजिटल लोकतंत्र' के तौर पर उभरा है। यह भुगतान 2026 तक 10 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकता है, लिहाजा अर्थव्यवस्था 2030 तक 800 अरब डॉलर को पार कर सकती है। कांग्रेस को भारत की ऐसी वास्तविक आर्थिक शक्ति पर सोचना चाहिए। विपक्ष के मायने ये हीं हैं कि आप हर समय सरकार को गालियां देते रहें। उसकी नीतियों की आलोचना की जानी चाहिए, ताकि गलती की गुंजाइश न्यूनतम हो, लेकिन जी-20 जैसा अंतरराष्ट्रीय संदर्भ हो, तो भारत का एक ही चेहरा दुनिया के सामने आना चाहिए।

# जी-20 का नेतृत्व मिलना भारत के विश्व महाशक्ति बनने की दिशा में बड़ा कदम है

संसार के सभी प्राणी सुखी हों, यह कामना वह व्यक्ति, वह नेता एवं वह राष्ट्र कर सकता है, जो सारी वसुधा को अपना परिवार समझता है, जो उदार होता है, जो शांतिप्रिय एवं अहिंसक होता है, जो अपने पराये की संकीर्ण सीमा को लांघकर प्राणीमात्र के सुख में सुखी और दुःख में दुःखी होता है। यही उदात्त विचारधारा भारतीय संस्कृति और जीवन-पद्धति की विशेषता रही है, इसी विचारधारा से वसुधैव कुटुबंकम एवं सर्वे भवन्तु सुखीन के उद्घोष हुए हैं। इन्हीं उद्घोषों को बल देते हुए भारत विश्व में आर्थिक रूप से शक्तिशाली 20 देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता काल में गौतम बुद्ध, महावीर और महात्मा गांधी के युद्ध से मुक्ति एवं हिंसा के प्रतिरोध सिद्धांत के साथ विश्व को शांति, समाधान एवं समृद्धि की राह दिखाएगा। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विदेश मंत्रालय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जी-20 के नये प्रतीक चिन्ह एवं नारे का लोकार्पण किया और कहा कि 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का नारा भारत के संस्कारों एवं संस्कृति से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। नये प्रतीक चिन्ह के कमल के पुष्प पर विराजित पृथ्वी एवं कमल की सात पंखुड़ियों के माध्यम से सातों महाद्वीपों की एकजुटता और सौहार्द से समृद्धि एवं प्रगति का संदेश मिलता है।

-ललित गर्ग-




भारत के लिये यह गर्व एवं गौरव की बात है कि वह 1 दिसंबर से जी-20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के लिए ये ऐतिहासिक अवसर है। आजादी के अमृतकाल में यह देश के लिए अभूतपूर्व उपलब्धि है, जहां से भारत के सशक्त होने एवं विश्व स्वीकार्यता की सार्थक दिशाओं का उद्घाटन होने जा रहा है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्व नेता के रूप में उभर रही स्थितियों के कारण एक बड़ा अवसर देश को प्राप्त हो रहा है। जी-20 ऐसे देशों का समूह है जिनका आर्थिक सामर्थ्य विश्व की 75 प्रतिशत जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। भारत अब इस जी-20 समूह का नेतृत्व करने जा रहा है, इसकी अध्यक्षता करने जा रहा है। निश्चित ही यह भारत के लिये एक नये सूरज के अभ्युदय का संकेत है। मोदी ने भारत की अध्यक्षता के शुभंकर और वेबसाइट का अनावरण करते हुए दुनिया को शांति के मार्ग पर अग्रसर करने के अपने संकल्प को दोहराया है। समूची दुनिया को सुखी होने का मार्ग दिखाते हुए भारत स्वयं भी उस मार्ग पर अग्रसर होगा, इसके लिये मोदी का नेतृत्व निश्चित ही नवीन दिशाओं को उद्घाटित करेगा।

संसार के सभी प्राणी सुखी हों, यह कामना वह व्यक्ति, वह नेता एवं वह राष्ट्र कर सकता है, जो सारी वसुधा को अपना परिवार समझता है, जो उदार होता है, जो शांतिप्रिय एवं अहिंसक होता है, जो अपने पराये की संकीर्ण सीमा को लांघकर प्राणीमात्र के सुख में सुखी और दुःख में दुःखी होता है। यही उदात्त विचारधारा भारतीय संस्कृति और जीवन-पद्धति की विशेषता रही है, इसी विचारधारा से वसुधैव कुटुबंकम एवं सर्वे भवन्तु सुखीन के उद्घोष हुए हैं। इन्हीं उद्घोषों को बल देते हुए भारत विश्व में आर्थिक रूप से शक्तिशाली 20 देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता काल में गौतम बुद्ध, महावीर और महात्मा गांधी के युद्ध से मुक्ति एवं हिंसा के प्रतिरोध सिद्धांत के साथ विश्व को शांति, समाधान एवं समृद्धि की राह दिखाएगा। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विदेश मंत्रालय के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जी-20 के नये प्रतीक चिन्ह एवं नारे का लोकार्पण किया और कहा कि ह्यएक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्यह्व का नारा भारत के संस्कारों एवं संस्कृति से विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त करेगा। नये प्रतीक चिन्ह के कमल के पुष्प पर विराजित पृथ्वी एवं कमल की सात पंखुड़ियों के माध्यम से सातों महाद्वीपों की एकजुटता और सौहार्द से समृद्धि एवं प्रगति का संदेश मिलता है।

नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में भारत की छवि लगातार बदलती जा रही है, भारत को दुनिया की महाशक्तियां भी स्थान देने लगी, उससे मार्गदर्शन लेकर अपनी नीतियों को बल देने लगी है। दुनिया को तो भारत की शक्ति का एहसास हो ही चुका है, साथ ही देशवासियों को भी भारतीय होने का गौरव महसूस होने लगा है। जी-20 यानि 20 देशों का समूह दुनिया की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच है, इस मंच की अध्यक्षता भारत को करने का अवसर मिलता निश्चित ही एक नये, शुभ एवं श्रेयस्कर भारत का संकेत है। आज पूरी दुनिया भारत के महत्व को समझती है। दुनिया जानती है कि भारत जो कहता है वह करता है। भारत के प्रति दुनिया में बढ़ रहा विश्वास उसके प्रभावी नेतृत्व, नीतियों, नीतिपरकता, स्पष्टता और पारदर्शिता का परिणाम है।

मोदी के नेतृत्व में भारत ने नया इतिहास गढ़ा है, स्वयं को सशक्त एवं ताकतवर बनाया है। दृढ़ता एवं साफ-सुथरी शासन-व्यवस्था से दुनिया को प्रभावित किया है। आर्थिक विकास को गति दी है। यही कारण है कि अब भारत में दुनिया के कई देश बेझिझक कारोबार के अवसर तलाश रहे हैं। भारत के सामने कई चुनौतियां भी हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनियाभर में ऊर्जा और खाद्य संकट खड़ा हो चुका है। दुनिया के तमाम देशों पर मंदी का साया मंडरा रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन और चीन जैसी महाशक्तियां भी हांफ रहे हैं। दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का भी यही हाल है। कारोबार और व्यापार की चुनौतियों के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन एवं प्रदूषण का संकट भी काफी बड़ा होता जा रहा है, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था पटरी पर है और पूरी दुनिया की निगाहें भारत पर लगी हुई हैं। इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को ही जाता है।

भारत जी-20 नेतृत्व में निश्चित ही दुनिया को नयी दिशा एवं दृष्टि देगा। जी-20 के इस अंतर सरकारी मंच में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, ब्रिटेन, अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं। भारत देशभर में विभिन्न स्थानों पर 32 विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित लगभग 200 बैठकें आयोजित करेगा। अगले साल होने वाला जी-20 शिखर सम्मेलन, भारत द्वारा आयोजित किया जाने वाले शीर्ष स्तर के अंतररष्ट्रीय सम्मेलनों में से एक अनूठा एवं विलक्षण होगा। इस सम्मेलन से दुनिया की नजरें भारत पर टिकेगी। दुनिया अब उम्मीद कर रही है कि अगर कोई देश उसे आर्थिक संकटों में जाने से बचा सकता है तो वह सिर्फ भारत ही है। भारत दुनिया की ग्रोथ का इंजन बनने की ताकत रखने लगा है। रूस-यूक्रेन युद्ध मसले पर भारत किसी भी खेमे में शामिल नहीं हुआ, बल्कि उसने अमेरिका के दबाव में आए बिना रूस से सस्ता तेल खरीदा क्योंकि भारत को अपनी जनता के हित पहले देखने हैं। अमेरिका और उसके मित्र देश रूस पर प्रतिबंधों का खामियाजा भुगत रहे हैं। यह भारत का आत्मविश्वास एवं दृढ़ता ही है जहां से दुनिया को अपनी सोच बदलने एवं विश्व को एक परिवार के रूप में आगे बढ़ाने की सोच को बल मिल रहा है। भारत अपनी मौलिक सोच एवं फौलादी इरादों से अपने आजादी के अमृत महोत्सव काल को अपने अस्तित्व एवं अस्मिता में आमूल-चूल परिवर्तन का जरिया बना रहा है। भारत दुनिया की एक सशक्त आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। 2029 तक वह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। 2027 तक उसके जर्मनी और 2029 तक जापान से आगे निकल जाने का अनुमान है। हाल ही में ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए उसने दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में जगह बना ली है। अब वह सिर्फ अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी से पीछे है। 20-जी शिखर सम्मेलन की स्वागत भूमि बनकर भारत अपने सशक्त एवं विकसित होने के गौरव को नये आयाम देगा। अपनी उपस्थिति एवं नेतृत्व से दुनिया का ध्यान खींचेगा।

भारत कोरा आर्थिक विकास ही नहीं कर रहा है, बल्कि सांस्कृतिक एवं लोकतांत्रिक विकास भी कर रहा है। वह खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, हरित ऊर्जा, वाणिज्य कौशल की पहचान और आर्थिक अपराधों पर नियंत्रण के लिये नयी भूमि को तैयार कर रहा है। भारत स्वच्छ ऊर्जा की ओर बहुत ध्यान दे रहा है। भारत उन देशों में है जो बहुत तेज गति से इलैक्ट्रिक वाहनों को अपना रहा है और इस दिशा में निवेश कर रहा है। डिजिटल बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य एवं कृषि से जुड़े विषयों में भारत ने अनूठी उपलब्धियां हासिल की है। सऊदी अरब और भारत के बीच संबंध मधुर हैं। दोनों देश तेल-गैस के व्यापार के अलावा रणनीतिक भागेदारी और प्रवासी कामगारों को लेकर भी करीब से जुड़े हैं। ऐसे में सऊदी अरब का ब्रिक्स में शामिल होना भारत के हित में होगा। आजादी के इस अमृतकाल में देश के सामने जी-20 के नेतृत्व के रूप में एक बड़ा अवसर आया है। ये हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है, गौरव बढ़ाने वाली बात है। यह देश के सामर्थ्य का प्रतीक है। भारत इसे नई जिम्मेदारी के रूप में देख रहा है। देशवासियों को इस जिम्मेदारी पर खरा उतरना होगा। हमने गुलामी और अत्याचारों के दिन भी देखें हैं। अब भारत को विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर होते हुए दुनिया में शांति, सुख एवं समतामूलक विकास का माध्यम बनना है। शुभ के स्वप्न को आकार देने के लिये हमें भगवान महावीर के इस संदेश को जीवन से जोड़ना होगा- ह्यखणं जाणाहि पंडिएह्व- हम क्षणजीवी बने। न अतीत की चिन्ता, न भविष्य की कल्पना। सिर्फ ह्यआजह्व को जीते हुए देश एवं दुनिया को शांति एवं सुख का परिवेश दें। मोदी जैसा भीतर से जागा हुआ चमत्कारी एवं करिश्माई नेतृत्व हर घटना, सन्दर्भ, निर्णय, सोच, शैली से देश एवं दुनिया के लिये एक नई सीख, नई ऊर्जा और नई प्रेरणा बन सकता है, इसलिये आइए, इस विश्वास और संकल्प को सचेतन करें कि आज तक जो नहीं हुआ वह अब हो सकता है, यदि उसके पीछे तीव्र प्रयत्न, ईमानदारी एवं गहरी लगन हो।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# उपचुनाव के नतीजों से मिले सबक

-कुलदीप चंद अग्निहोत्री-



पिछले दिनों बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और ओडीशा में सात विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव हुआ था। उसके परिणाम छह नवंबर को घोषित किए गए। सबसे रुचिकर चुनाव महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई की अंधेरी विधानसभा सीट का था। यह सीट उद्धव गुट के एक विधानसभा सदस्य के देहांत से खाली हुई थी। जाहिर है उद्धव ठाकरे ने वहां से दिवंगत नेता की पत्नी को ही टिकट दिया। लेकिन आश्चर्य की बात है कि उसके खिलाफ भाजपा ने कोई उम्मीदवार खड़ा नहीं किया। इतना ही नहीं, शिव सेना उद्धव गुट के धुर विरोधी एकनाथ शिंदे गुट की शिव सेना ने भी कोई उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं उतारा। सोनिया कांग्रेस और शरद पवार की पार्टी भी चुनाव से दूर ही रही। वैसे भी ये दोनों पार्टियां महाअगाड़ी विकास एलायंस का हिस्सा हैं जो अभी भी उद्धव ठाकरे से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ी हुई हैं। मोटे तौर पर उद्धव ठाकरे गुट का प्रत्याशी ही अकेला चुनाव लड रहा था। उसको जीतना ही था, लेकिन वहां दूसरा नंबर नोटा को मिला। नोटा यानी मैं इसको वोट नहीं देना चाहता। नोटा को लगभग तेरह हजार वोट मिले। यानी कुल मतदान का लगभग 15 प्रतिशत नोटा को मिला। लेकिन किसी भी पार्टी ने शिव सेना (उद्धव) के मुकाबले अपना प्रत्याशी क्यों नहीं उतारा? कहा जाता है कि महाराष्ट्र की परंपरा रही है कि उपचुनाव में यदि मृतक का कोई सगा संबंधी चुनाव लड़ता है तो उसके मुकाबले कोई राजनीतिक दल अपना उम्मीदवार नहीं खड़ा करता। इस चमत्कारिक सीट की चर्चा करने के बाद हम अन्य सीटों की चर्चा करेंगे। बिहार में दो सीटों गोपालगंज और मोकामा के लिए चुनाव हुए थे। वैसे तो इन दो सीटों के परिणाम से विधानसभा की स्थिति में कोई अंतर नहीं आने वाला था। लेकिन इन चुनावों की महत्ता इसलिए बढ़ गई थी क्योंकि कुछ महीने पहले नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने भाजपा से नाता तोड़ कर लालू प्रसाद यादव की आरजेडी से नाता जोड़ लिया था।

सरकार में लालू जी के एक बेटे को उप मुख्यमंत्री बनाना पड़ा और दूसरे को काबीना मंत्री। बिहार की राजनीति पर जरूरत से ज्यादा गहरी पकड़ रखने वालों का मानना था कि राज्य में लालू और नीतीश दो शक्ति केन्द्र हैं। दोनों के एकजुट हो जाने से भाजपा बिहार के राजनीतिक समीकरणों में हाशिए पर आ जाएगी। ऊपर से तुर्राह यह कि बिहार की अन्य छोटी मोटी पार्टियां भी इस नए शक्ति केन्द्र के आसपास सिमट आई थीं। यह माना जाने लगा था कि बिहार में लड़ाई आल बनाम भाजपा हो गई है। जाति पर आधारित बिहार की राजनीति में इन नए समीकरणों में कोई स्थान नहीं बचा है। ऊपर से लालू यादव ने जिस बाहुबली की विधानसभा सदस्यता समाप्त हो जाने के कारण उप चुनाव हो रहा था, उसमें उसी बाहुबली की पत्नी को खड़ा कर दिया था। पिछले आम चुनाव में वह बाहुबली पचास हजार से भी ज्यादा वोटों से जीता था। अब जब लालू-नीतीश एकल हो गए हैं तो सभी को लगता था कि उनका प्रत्याशी सत्तर-अस्सी हजार को पार कर लेगा। भाजपा वैसे भी इस सीट से कभी चुनाव नहीं लड़ती थी। पहली बार मैदान में उतरी भाजपा कौन सा तीर मार लेगी? ऐसे प्रश्न विरोधी ही नहीं, बल्कि मीडिया भी उठा रहा था। दूसरी सीट गोपालगंज की थी। यह इलाका लालू यादव की आरजेडी का गढ़ माना जाता है। लेकिन चुनाव परिणाम सभी को चौंकाने वाले निकले। गोपालगंज सीट भाजपा ने जीत ली और मोकामा में आरजेडी का प्रत्याशी भाजपा को इक्कीस हजार से ज्यादा वोट से हरा सका। सत्तर-अस्सी हजार का कयास लगाने वाले हैरान तो हुए। लेकिन इस चुनाव परिणाम ने यह जरूर सिद्ध कर दिया कि नीतीश कुमार द्वारा लालू यादव से हाथ मिला लेने की घटना को राज्य के लोगों ने नकारात्मक भाव से लिया।

उसका स्वागत नहीं किया। उत्तर प्रदेश की विधानसभा सीट भाजपा जीत लेगी, ऐसा विरोधी भी मान रहे थे। कुछ लोगों को जरूर आशा थी कि अखिलेश यादव अपनी पार्टी को संभाल लेंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। ओडीशा में एक विधानसभा सीट पर चुनाव हुआ था। ओडीशा में पिछले पन्द्रह साल से यह परम्परा रही है कि उप चुनाव में बीजू जनता दल का प्रत्याशी ही जीतता है। ओडीशा में कई दशकों से बीजू जनता दल की ही सरकार है। लेकिन पहली बार ऐसा हुआ कि बीजू जनता दल का प्रत्याशी चुनाव हार गया और भाजपा लगभग नौ हजार मतों से जीत गई। ओडीशा के लिए यह भी चामत्कारिक घटना ही कही जा सकती है। लेकिन तेलंगाना विधानसभा के लिए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ने जितनी कड़ी टक्कर तेलंगाना राष्ट्र समिति के प्रत्याशी को दी, वह सचमुच चौंकाने वाली थी। टीआरएस केवल दो-तीन हजार के अंतर से ही बड़ी मुश्किल से अपनी सीट बचा पाई। सब मानते हैं या अब मानने लगे हैं कि तेलंगाना में होने वाले अगले विधानसभा चुनावों में भाजपा और टीआरएस में ही मुकाबला होगा। दरअसल इस उपचुनाव से पहले भी राज्य में एक उपचुनाव हुआ था जिसमें भाजपा प्रत्याशी ने टीआरएस के प्रत्याशी को हरा दिया था। पिछले कुछ अरसे से भाजपा दक्षिणी राज्यों में पैठ जमाने का प्रयास कर रही है। महाराष्ट्र में अपनी स्थिति सुदृढ़ करने के बाद भाजपा ने विंध्याचल लांघने की जो योजना बनाई थी, उसमें उसे पहली सफलता कर्नाटक में मिली थी। कर्नाटक बड़ा राज्य है। शायद यही कारण था कि भाजपा ने दक्षिण के छोटे राज्यों पर केन्द्रित किया।

पुदुच्चेरी में भाजपा ने सांझा मोर्चा की सरकार बना कर तेलंगाना पर स्वयं को केन्द्रित किया था। टीआरएस के अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री केसीआर केन्द्र सरकार का मुद्दों पर आधारित समर्थन कर ही रहे थे। लेकिन भाजपा दक्षिण में अन्य पार्टियों के सहारे ज्यादा देर नहीं रह सकती थी। अतः पार्टी ने जैसे ही तेलंगाना में पैठ बनानी शुरू की तो केसीआर भाजपा के खिलाफ हो गए। लेकिन केसीआर यह अनुमान लगाने में भूल कर गए कि उनकी सरकार से राज्य के लोग ऊब चुके हैं। भाजपा को उसी का लाभ मिल रहा है। अंतिम सीट हरियाणा की आदमपुर थी, जो भजन लाल परिवार की परंपरागत सीट मानी जाती है। इस सीट को हस्तगत करने के लिए कांग्रेस के भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके सांसद बेटे ने एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया था। किसान आंदोलन के बाद यह सीट मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के लिए प्रतिष्ठा की सीट तो थी ही, साथ ही कांग्रेस यह भी कह रही थी कि चुनाव परिणाम भाजपा सरकार के बारे में जनमत माना जाना चाहिए। भाजपा ने यह सीट अठारह हजार मतों के अंतर से जीत ली। जहां तक कांग्रेस का प्रश्न है, इन सभी सीटों पर कांग्रेस कहीं मुकाबले में दिखाई ही नहीं दी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान आए ये परिणाम सोनिया परिवार के लिए खतरे की घंटी हैं।

**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है)**

## टाइम बम जैसा है प्रदूषण का खतरा

-योगेंद्र योगी-

प्रदूषण विश्व के लिए टाइम बम की घड़ी की तरह खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है। दुनियाभर के लोगों के लिए वायु प्रदूषण बेहद ही खतरनाक है। प्रदूषण के चलते पूरी दुनिया में हर साल लाखों लोग अपनी जान गंवा देते हैं। प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई धूम्रपान और एचआईवी से ज्यादा बड़ी है। कनाडा मैकगिल विश्वविद्यालय के एक अध्ययन की नवीतम रिपोर्ट में वायु प्रदूषण के खतरे को उजागर किया है। इसके अनुसार सूक्ष्म प्रदूषण कण हर साल दुनियाभर में 15 लाख (1.5 मिलियन) लोगों के लिए समय से पहले होने वाली मौतों के लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। अध्ययन में पाया गया कि वायु प्रदूषण का निम्न स्तर पहले की तुलना में बेहद खतरनाक है। वहीं, दूसरी ओर विश्व स्वास्थ्य संगठन का सबसे हालिया अनुमान है कि हर साल 42 लाख (4.2 मिलियन) से अधिक लोग समय से पहले मर जाते हैं। यह पीएम 2.5 वायु प्रदूषण के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण होता है। साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित नवीनतम अध्ययन से पता चलता है कि पीएम 2.5 से वार्षिक वैश्विक मृत्यु दर पहले की तुलना में काफी अधिक हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि शोधकताओं ने पाया कि बाहरी पीएम 2.5 के बहुत कम स्तर पर भी मृत्यु दर में वृद्धि हुई थी। इसे पहले संभावित घातक के रूप में मान्यता नहीं दी गई थी। यह एक सूक्ष्म विषैला पदार्थ है जो हृदय और श्वसन रोगों और कैंसर की एक श्रृंखला का कारण बनते हैं। प्रदूषण की वजह से भारत में एक साल में लगभग 24 लाख लोगों की जान चली गई।

इसके अलावा वायु प्रदूषण से 9.8 लाख लोगों ने अपनी जान गंवाई है। विशेषज्ञों ने इस जहरीली हवा में सांस लेने से होने वाली मौतों और उनकी भयावहता पर गहरी चिंता व्यक्त की है। साल 2019 में पूरी दुनिया में लगभग 90 लाख लोगों की प्रदूषण की वजह से मौत हो गई है। मानव निर्मित कचरा हवा, पानी और मिट्टी में जाने के बाद लोगों को तुरंत नहीं मारता, लेकिन हृदय रोग, कैंसर, सांस की समस्या, दस्त और अन्य घातक गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। लैंसेट आयोग ने प्रदूषण और स्वास्थ्य को लेकर कहा है कि वैश्विक स्वास्थ्य पर प्रदूषण का प्रभाव युद्ध, आतंकवाद, मलेरिया, एचआईवी, तपेदिक, ड्रग्स और शराब की तुलना में बहुत अधिक है। प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के अस्तित्व के लिए खतरा है। रासायनिक प्रदूषण जैव विविधता को भी नुकसान पहुंचाता है, जो एक और बड़ा वैश्विक खतरा है। कुल मिलाकर वैश्विक स्तर पर समय से पहले होने वाली छह मौतों में से एक मौत प्रदूषण के कारण हुई जो 2015 के पिछले आकलन में कोई सुधार नहीं है। अफ्रीका में बड़े सुधारों के साथ, इनडोर वायु प्रदूषण, प्रदूषित पेयजल और अपर्याप्त सफाई से जुड़ी मृत्यु दर में कमी आई है। लेकिन खासकर दक्षिणी और पूर्वी एशिया में औद्योगीकरण से जुड़े बाहरी वायु और रासायनिक प्रदूषण बढ़ रहे हैं। प्रदूषण के बड़े कारकों में घरेलू वायु प्रदूषण भी शामिल है। वायु प्रदूषण को सिर्फ चिमनी से निकलने वाले धुआं ही नहीं माना जा सकता है। चूल्हे का धुआं, कूड़ा जलाने आदि से निकलने वाला धुआं भी उतना ही खतरनाक है जितना कि औद्योगिक इकाइयों और वाहनों से निकलने वाला धुआं है। वर्ष 2000 के बाद से ट्रकों, कारों और उद्योगों से आने वाली गंदी हवा के कारण मरने वालों की संख्या में 55 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश चीन और भारत में प्रदूषण से होने वाली मौतों के मामले सबसे ज्यादा हैं। यहां हर साल लगभग 2.4 मिलियन से 2.2 मिलियन मौतें होती हैं।

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रातः 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

### आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# मंदी के बीच खर्च कटौती की तैयारी

## बढ़ते राजकोषीय घाटे पर काबू पाने की दिशा में सरकार उठाएगी कदम

**नई दिल्ली।** मंदी की आहट के बीच केंद्र सरकार सरकारी खर्च में कटौती की तैयारी कर रही है। तीन साल में यह पहली बार होगा जब सरकार खर्च में कटौती कर सकती है। एक अप्रैल से शुरू हुए चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार के कुल खर्च में भारी कमी आ सकती है।? आईएमएफ ने साफतौर पर कहा है कि अगले वित्त वर्ष में ग्लोबल मंदी आ सकती है। उससे हालात बिगड़ सकती है। यही कारण है कि सरकार चालू खाते के मोर्चे पर ज्यादा रिस्क नहीं लेना चाहती। 2022-23 के बजट में 39.45 लाख करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान था।? मौजूदा वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को तय लक्ष्य के भीतर रखने के लिए यह कदम उठाया जा सकता है। 2020-21 में कोरोना महामारी के पहले साल के दौरान वित्तीय घाटा 9.3 फीसदी तक बढ़ गया था। सरकार राजकोषीय घाटे पर लगाम लगाने की कोशिश कर रही है। क्योंकि यह चार फीसदी से पांच फीसदी के ऐतिहासिक स्तरों से काफी ऊपर है। ?सरकार का राजकोषीय घाटा अप्रैल-अगस्त के दौरान रिकॉर्ड 5.40 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो बजट अनुमान के 16.6 लाख करोड़ रुपए की तुलना में




32.6 फीसदी है। एक साल पहले इसी अवधि में यह 4.68 लाख करोड़ रुपए था जो उस समय बजट अनुमान का 31.1 फीसदी था। यह कटौती चालू वित्त वर्ष के अंतिम तिमाही में की जा सकती है। खर्च में कटौती इस तरह से की जाएगी, जिससे जीडीपी ग्रोथ पर इसका असर कम से कम पड़े। सरकार पहले ही कह चुकी है कि चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को जीडीपी के परिपेक्ष्य में 6.4 प्रतिशत रखने के लिए वह हरसंभव प्रयास करेगी। सरकार राजकोषीय घाटे के लक्ष्य से पीछे नहीं हटने वाली है। यह पता नहीं चला है कि खर्च में कटौती से किन क्षेत्रों के प्रभावित होने की संभावना है, क्योंकि संशोधित बजट अनुमानों पर चर्चा चल रही है और दिसंबर के अंत तक अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### दो लाख करोड़ रुपए तक बढ़ सकता है राजस्व

ईंधन पर कर कटौती, वैश्विक ऊर्जा कीमतों में वृद्धि के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से राजस्व में एक लाख करोड़ रुपए से अधिक की कमी आ सकती है। फिर भी राजस्व 1.5 लाख करोड़ रुपए से 2 लाख करोड़ रुपए बढ़ सकता है। राजस्व में वृद्धि अब भी प्रत्याशित अतिरिक्त खर्चों को कवर करने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। क्योंकि सरकार को 1.5 लाख करोड़ रुपए से 1.8 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त खाद्य और उर्वरक सब्सिडी प्रदान करनी होगी। सूत्रों के अनुसार इस बारे में महामंथन चल रहा है। किस-किस सेक्टर में सरकारी खर्च में कटौती की जाए, इस पर अभी फैसला नहीं लिया गया है। सरकारी आमदनी और खर्च के भीतर के अंतर को राजकोषीय घाटा कहा जाता है। एक अप्रैल से शुरू हुए 2022-23 के वित्तीय वर्ष में कुल सरकारी खर्च 39.45 लाख करोड़ रुपए के बजट से काफी कम 70 से 80 करोड़ रुपए तक हो सकता है। राजकोषीय घाटा तय लक्ष्य के भीतर रहे इसके लिए कदम भी उठाए जाएंगे। सरकार चाहती है कि चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय तय लक्ष्य में रहे ताकि अगले वित्त वर्ष में इस मोर्चे पर ज्यादा चुनौतियां न रहें।

### कच्चे तेल की ऊंची कीमत से जूझ रही सरकार

वित्त मंत्रालय के अनुसार सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमत से निपटने के लिए कदम उठा रही है। देश अपनी कच्चा तेल की जरूरतों का 85 प्रतिशत आयात के जरिये पूरा करता है। डॉलर के मुकाबले रुपए के मूल्य में कमी से आयात महंगा हुआ है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण कच्चे तेल समेत जिंसों के दाम उच्च स्तर पर हैं। इससे भारत और अन्य देशों में महंगाई बढ़ी है। इसके अलावा महंगाई को नियंत्रण में रखने के लिए सरकार और आरबीआई मिलकर प्रयासरत हैं। इधर ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स का कहना है कि भारत चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएगा। भारत का वित्तीय घाटा तय लक्ष्य से ज्यादा होगा। फिच के अनुसार भारत ने चालू वित्त वर्ष के लिए वित्तीय घाटा का लक्ष्य जीडीपी के परिपेक्ष्य में 6.4 फीसदी तथा साल 2025 तक इसे जीडीपी के परिपेक्ष्य में 4.5 फीसदी तक लाने का लक्ष्य तय किया हुआ है। फिच का कहना है कि भारत की इकॉनमी के जो हालात है, उसे देखते हुए भारत को सब्सिडी और अन्य मदों में ज्यादा खर्च करना होगा। ऐसे में उसका खर्च बढ़ता जाएगा। ऐसे में भारत को अपनी आमदनी और खर्च के बीच संतुलन बनाना होगा।

# दूसरे दिन गिरा बाजार

## सेंसेक्स 420 अंक गिरकर बंद

**मुंबई ।** घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। बीएसई का तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 419.85 अंक लुढ़ककर 60,613.70 अंक और एनएसई 128.80 अंक गिरकर 18,028.20 अंक पर आ गया।

सूत्रों के अनुसार अमेरिका में महंगाई के आंकड़े जारी होने से पहले निवेशकों बिकवाली से वैश्विक बाजार में आई गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार गिरकर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 1.02 प्रतिशत टूटकर 25,427.98 अंक और स्मॉलकैप 1.05 उतरकर 28,889.48 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3592 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2203 में बिकवाली जबकि 1261 में लिवाली हुआ वहीं 128 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी बांद्रा टर्मिनस एवं गोरखपुर के बीच दो और फेरे

**मुंबई।** यात्रियों की सुविधा और उनकी मांग को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रेन संख्या बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर स्पेशल के दो और फेरे चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सुमित ठाकुर के अनुसार यह स्पेशल ट्रेन विशेष किराये के साथ मौजूदा संरचना, समय, ठहराव आदि के साथ चलेगी। ट्रेन संख्या 05054 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल गुरुवार 17 नवम्बर को बांद्रा टर्मिनस से 17.15 बजे प्रस्थान कर शनिवार को 06.25 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 05053 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल बुधवार 16 नवम्बर को गोरखपुर से 04.10 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.00 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, भरतपुर, अछनेरा, मथुरा, कासगंज, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, गोंडा, बस्ती और खलीलाबाद स्टेशनों पर रुकेगी। ट्रेन संख्या 05054 की बुकिंग 12 नवम्बर से यात्री आरक्षण केन्द्रों और आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर शुरू होगी।

# भारत-अमेरिका सीईओ फोरम- केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की अमेरिकी वाणिज्य सचिव के साथ बैठक, कई मुद्दों पर चर्चा


**नई दिल्ली/ एजेंसी।** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो के साथ भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की सह-अध्यक्षता की। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा



कि अमेरिकी वाणिज्य सचिव जीना रायमोंडो के साथ भारत-अमेरिका सीईओ फोरम की सह-अध्यक्षता करते हुए खुशी हो रही है। केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि फोरम ने भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने आगे कहा कि फोरम में दोनों देशों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी और चर्चा देखी गई, क्योंकि भारत और अमेरिका अपनी-अपनी अर्थव्यवस्थाओं के विभिन्न क्षेत्रों में हमारी रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर विचार कर रहे हैं।

# सरकार ने आधार नियम में संशोधन किये, 10 साल में दस्तावेज अद्यतन कराने की होगी जरूरत

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** सरकार ने आधार नियम में संशोधन किये हैं। इसके तहत आधार संख्या प्राप्त करने से 10 साल पूरा होने के बाद कम-से-कम एक बार संबंधित दस्तावेजों का अद्यतन (अपडेट) कराना जरूरी होगा।




इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी गजट पत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार आधार अद्यतन होने से केंद्रीय पहचान डाटा भंडार (सीआईडीआर) में संबंधित जानकारी की निरंतर आधार पर सटीकता सुनिश्चित होगी।

अधिसूचना में कहा गया है, ''आधार धारक आधार के नामांकन की तारीख से हर 10 साल पूरे होने पर कम-से-कम एक बार पहचान और निवास प्रमाणपत्र वाले दस्तावेजों का अद्यतन करा सकते हैं। इससे सीआईडीआर में आधार से जुड़ी जानकारी की निरंतर आधार पर सटीकता सुनिश्चित होगी।''

जानकारी अद्यतन करने को लेकर आधार (नामांकन और अद्यतन) विनियमन के प्रावधान में बदलाव किया गया है।

आधार संख्या जारी करने वाले भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने पिछले महीने लोगों से आग्रह किया था कि अगर उन्हें आधार संख्या लिये 10 साल से अधिक हो गये हैं और उन्होंने संबंधित जानकारी का दोबारा अद्यतन नहीं कराया है, वे पहचान और निवास प्रमाण दस्तावेजों को अद्यतन कराएं।''

लोगों को जानकारी अद्यतन करने के लिये चीजें आसान बनाने को लेकर यूआईडीएआई ने नई विशेषताज्दस्तावेज अद्यतनज्जोड़ी है। इस सुविधा का उपयोग 'माई आधार' पोर्टल और 'माई आधार' ऐप के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है। संबंधित व्यक्ति इस सुविधा का लाभ उठाने के लिये किसी भी आधार नामांकन केंद्र पर भी जा सकते हैं।

नई सुविधा के जरिये आधार धारक पहचान प्रमाणपत्र (नाम और फोटो युक्त) और निवास प्रमाणपत्र (नाम और पता युक्त) दस्तावेज अद्यतन कर संबंधित जानकारी को फिर से सत्यापित कर सकते हैं।

अब तक 134 करोड़ आधार नंबर जारी किये गये हैं, यूआईडीएआई के नवीनतम कदम के बाद कितने आधार धारकों को अपनी जानकारी अद्यतन करने की जरूरत होगी, यह फिलहाल पता नहीं चला है।

# दो साल में पकड़ी 55,575 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी, 719 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** जीएसटी अधिकारियों ने बीते दो साल में 55,575 करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ है और इन मामलों में 700 से अधिक लोगों को सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।




माल एवं सेवा कर आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) के अधिकारियों ने 22,300 से अधिक फर्जी जीएसटी पहचान संख्या (जीएसटीआईएन) का पता लगाया।

वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति किए बिना और फर्जी बिल जारी करके इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ लेने और इस तरह जीएसटी चोरी करने वालों के खिलाफ सरकार ने नौ नवंबर 2020 को राष्ट्रव्यापी विशेष अभियान चलाया था।

एक अधिकारी ने बताया, ''इस विशेष अभियान को दो वर्ष हुए हैं और इस दौरान 55,575 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का पता चला। 719 लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें से 20 पेशेवर सीए/सीएस हैं।'' इस अवधि में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में 3,050 करोड़ रुपये का स्वैच्छिक जमा करवाया गया।

# कोर्टयार्ड बाए मैरियट ने तिरुचिरापल्ली में खोला होटल

**चेन्नई/ एजेंसी।** आतिथ्य सेवा प्रदाता 'कोर्टयार्ड बाए मैरियट' ने अपनी विस्तार योजना को तेज करते हुए तिरुचिरापल्ली में नया होटल खोला है। तिरुचिरापल्ली में होटल खोलने वाला यह पहला अंतरराष्ट्रीय ब्रांड है और यह देश में यह उसका 24वां होटल होगा। मैरियट इंटरनेशनल में दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए उपाध्यक्ष राजू एलेक्स ने कहा, ''इस संपत्ति का कोर्टयार्ड बाए मैरियट में स्वागत करते हुए हमें प्रसन्नता हो रही है, यह देश में हमारा 24वां होटल और तिरुचिरापल्ली में अंतरराष्ट्रीय आतिथ्य ब्रांड का पहला केंद्र है।''




उन्होंने कहा कि तिरुचिरापल्ली में कंपनी का यह नया होटल देश में तेज विस्तार की उसकी यात्रा में एक अहम पड़ाव है और कंपनी नए एवं संभावनाओं से भरे बाजारों में उतर रही है।

# अदालत ने कहा, आईसीआईसीआई बैंक के सीईओ पद से चंदा कोचर की बर्खास्तगी प्रथम दृष्टया सही

**मुंबई/ एजेंसी।** बंबई उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि आईसीआईसीआई बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के पद से चंदा कोचर की बर्खास्तगी प्रथम दृष्टया 'वैध' थी। इसके साथ ही अदालत ने सेवानिवृत्ति के बाद के लाभ के लिए उनके अंतरिम आवेदन को भी खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति आर आई छागला की एकल पीठ ने कोचर को यह निर्देश भी दिया कि वह 2018 में हासिल किए गए बैंक के 6.90 लाख शेयरों का सौदा न करें।

अदालत ने कोचर को छह महीने के भीतर एक हलफनामा दायर करने के लिए कहा, जिसमें अगर शेयरों का कोई सौदा किया गया हो, तो उस बारे में बताना होगा।

# यूपी में Amazon Echo और Ale&a की सेल 34 फीसदी बढ़ी, Ale&a से बात करने में लखनऊ वालों को आता है मजा

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** भारत में Amazon के प्रॉडक्ट श्च्ष्द्धश्च की डिमांड लगातार बढ़ रही है। वहीं, Ale&a का जादू भी लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। इसी कड़ी में Ale&a, Amazon इंडिया के कंट्री मैनेजर दिलीप आरएस ने बेहतरीन इंटरव्यू दिया। इस रिपोर्ट में पढ़ते हैं उनके इंटरव्यू की प्रमुख बातें....





1. Ale&a को भारत में लॉन्च हुए 4 साल हो चुके हैं। यह पूरी यात्रा कैसी रही?

आज, भारत में लाखों ग्राहकों ने Echo डिवाइस खरीदे हैं और Ale&a वॉयस असिस्टेंट के साथ प्रतिदिन लाखों बार बातचीत करते हैं। ग्राहक Ale&a का इस्तेमाल पूरे दिन कई कारणों से करते हैं, जैसे संगीत चलाना, टू-डू लिस्ट मैनेज करना, अलार्म सेट करना, बच्चों को कहानियां सुनाना, स्मार्ट लाइट और अन्य उपकरणों को नियंत्रित करना, ऑडिबल ऑडियोबुक्स चलाने से लेकर मौसम, क्रिकेट स्कोर और अन्य वास्तविक एवं समसामयिक चीजों के बारे में पूछने के लिए. जो किसी भी अन्य देश की तुलना में भारतीयों को दुनिया में सबसे अधिक व्यस्त Ale&a ग्राहक बनाता है। साथ ही यह देखकर भी मुझे बहुत अच्छा लगा कि ग्राहक दिन में कई बार Ale&a, आई लव यू कहकर या बस Ale&a, कैसी हो कहकर अपने प्यार का इजहार करते हैं।

हर कोई यह मान लेगा कि नई तकनीक को शुरुआत में ही स्वीकार करने वालों ने अपनाया है लेकिन हम ग्राहकों के डेमोग्राफिक और जियोग्राफिक प्रसार को देखकर बेहद हैरान थे। हमारे पास न केवल बड़े शहरों, बल्कि छोटे गांवों के भी ग्राहक हैं। उत्तर प्रदेश के ग्राहक Ale&a वॉयस असिस्टेंट और Amazon Echo स्मार्ट स्पीकर के साथ बातचीत का आनंद ले रहे हैं। जहां एक ओर युवा हैं जो मॉर्डन गैजेट चाहते हैं, और यहां तक कि वरिष्ठ नागरिक भी अपनी सुविधा के लिए Ale&a का उपयोग कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर, ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूली शिक्षक क्लासों में भी Ale&a की मदद से Echo स्मार्ट स्पीकर का उपयोग करके पढ़ाने की प्रक्रिया को इंटरैक्टिव और मजेदार बनाने के लिए उपयोग कर रहे हैं। देश भर में Ale&a के बढ़ते उपयोग को देखकर बहुत अच्छा लग रहा है।

2. Ale&a को यूजर्स के लिए उपयोगी बनाने के लिए आपने क्या पहल की है?

हम Ale&a वॉयस असिस्टेंट को ग्राहकों के लिए अधिक उपयोगी करने की दिशा में हमेशा काम कर रहे हैं। भारत में लॉन्च होने के बाद से चार वर्षों में, Ale&a ने उन विषयों के बारे में भी सीखा है जो भारतीयों के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं, जिनमें स्थानीय ज्ञान, क्रिकेट, भारतीय इतिहास, त्योहार, बॉलीवुड आदि शामिल हैं। उदाहरण के लिए, आप ,द्यद्ग×ड्ड से गोमती नदी के इतिहास, बॉलीवुड डायलॉग, दिवाली या पौराणिक कथाओं जैसे रामायण और महाभारत के बारे में प्रश्न करने के साथ-साथ किसी विशेष शहर / व्यक्तित्व के बारे में जानकारी आदि बहुत कुछ पूछ सकते हैं। सांग्स के लिए Ale&a का इस्तेमाल करना। इसके सबसे लोकप्रिय उपयोगों में से एक है। देश भर के ग्राहक Ale&a से हर रोज 21.6 लाख से अधिक बार गाने बजाने के लिए कहते हैं।

हम भारत में यूजर्स को पर्सनल अनुभव प्रदान करने के लिए Ale&a को और अधिक अपग्रेड करने का काम लगातार कर रहे हैं। हम कई भारतीय लहजे के साथ Ale&a की ऑटोमैटिक स्पीच पहचानने और राष्ट्रीय भाषा की समझ का परीक्षण करना जारी रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि Ale&a हर एक लहजे के उचित संज्ञाओं - नाम, स्थान, गाने तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम और अन्य भारतीय भाषाओं को समझ सके। Ale&a उन विषयों के बारे में भी सीख रही है जो स्थानीय ज्ञान, भारतीय इतिहास और छुट्टियों सहित भारतीयों के लिए सबसे ज्यादा मायने रखते हैं। आप "Ale&a, शहीद स्मारक के बारे में बताओ और Ale&a, लखनऊ का इतिहास क्या है जैसे प्रश्न पूछ सकते हैं।

त्योहारों के मौसम आ रहे हैं और हर साल हमने ग्राहकों को Ale&a से आने वाले त्योहार के बारे में सवाल करते देखा। इसलिए, हमने लगभग 300 से ज्यादा भारतीय त्योहारों की लिस्ट Ale&a के ज्ञान भंडार में जोड़ा है।

# शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे टूटकर 81.64 पर

**मुंबई/ एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में गिरावट के बीच रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 17 पैसे टूटकर 81.64 के स्तर पर आ गया।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अक्टूबर के लिए अमेरिका के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आंकड़े बृहस्पतिवार को जारी होंगे, अभी इन पर नजर रखने की जरूरत है।



अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 81.61 पर खुला, और फिर फिसलकर 81.64 पर आ गया। इस तरह रुपया पिछले बंद भाव के मुकाबले 17 पैसे टूट गया।

पिछले सत्र में, बुधवार को अमेरिकी मुद्रा की तुलना में रुपया 45 पैसे चढ़कर 81.47 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत गिरकर 110.26 पर आ गया।

वैश्विक तेल सूचकांक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.06 प्रतिशत बढ़कर 92.71 डॉलर प्रति के भाव पर था।

शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को शुद्ध रूप से 386.83 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# कच्चा तेल 93 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में नरमी का रुख है। हफ्ते के चौथे दिन शुरुआती कारोबार में कच्चा तेल 93 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रह है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है।



इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक गुरुवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल का भाव 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल की कीमत 92.76 रुपये प्रति लीटर है। इसी तरह चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल मामूली गिरावट के साथ 93 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज ब्रेंट क्रूड 0.02 फीसदी यानी 0.02 डॉलर की गिरावट के साथ 92.63 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.09 फीसदी यानी 0.08 डॉलर लुढ़कर 85.75 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

## एक नजर

### दिसंबर में पाक लौट सकते हैं नवाज शरीफ

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पीएमएल-एन नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया है कि पार्टी सुप्रीमो नवाज शरीफ दिसंबर में अपनी पार्टी का नेतृत्व करने के लिए पाकिस्तान लौट आएंगे, लेकिन वह कहते हैं कि लंबे समय से प्रतीक्षित घर वापसी समय से पहले चुनाव के मुद्दे पर सरकार के इरादों को स्वीकार करने का संकेत नहीं देगी, जैसा कि पीटीआई ने मांग की थी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने कहा कि नवाज शरीफ, अगर सब कुछ ठीक रहा, तो दिसंबर में पार्टी की बागडोर संभालने के लिए लौट आएंगे। लेकिन उनकी वापसी का मतलब यह नहीं है कि पीएमएल-एन किसी भी जल्दी चुनाव के लिए सहमत है। उन्होंने कहा, पार्टी समय से पहले चुनाव की मांग को नहीं मानेगी, चाहे जो हो जाए। पीएमएल-एन भले ही वह अपनी सरकार खो दे, इस मांग से सहमत नहीं होगी, यह फाइनल है। इसके बजाय उन्होंने स्पष्ट किया कि नवाज शरीफ की वापसी एक जन संपर्क अभियान की शुरूआत होगी, जिसके बाद कार्यकताओं का सम्मेलन होगा और पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों को उत्साहित करने के लिए अन्य गतिविधियां होंगी। उन्होंने कहा कि पार्टी स्विंग वोटों को वापस लाने के लिए शेष कार्यकाल का पूरा उपयोग करने की कोशिश करेगी।

### इराकी बलों ने 5 आईएस आतंकियों को मार गिराया

**बगदाद, एजेंसी।** इराकी सुरक्षा बलों ने सलाहुद्दीन प्रांत में आईएस के पांच आतंकवादियों को मार गिराया और तीन अन्य को पकड़ लिया। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इराकी युद्धक विमानों ने प्रांत में आईएस के ठिकानों पर हवाई हमला किया, जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए। एक प्रांतीय सुरक्षा सूत्र ने शिन्हुआ को बताया कि हवाई हमले ने प्रांत के पूर्वी हिस्से में तुज खुमार्तो इलाके में आईएस के ठिकाने को निशाना बनाया। इस बीच, इराकी संयुक्त अभियान कमान के मीडिया कार्यालय ने एक बयान में कहा कि आंतरिक मंत्रालय के एक खुफिया बल ने इराक की राजधानी बगदाद से लगभग 30 किलोमीटर उत्तर में तरमियाह इलाके में आईएस के तीन संदिग्ध आतंकवादियों को पकड़ लिया। बयान के अनुसार, आतंकवादियों ने कबूल किया कि उन्होंने 2021 और 2022 के बीच तरमियाह में तीन नागरिकों को मार डाला और उन्होंने इराकी बलों के खिलाफ बम हमले किए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीनों में इराकी सुरक्षा बलों ने चरमपंथी उग्रवादियों की गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए अभियान चलाए हैं।

### गुटेरेस ने रोहिंग्या समुदाय के मानवाधिकारों की बहाली पर दिया जोर

**नोम पेन्ह/कंबोडिया, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शनिवार को म्यांमार में रोहिंग्या समुदाय के मानवाधिकारों की बहाली पर जोर दिया। श्री गुटेरेस ने पत्रकारों से कहा, ह्लमैंने आसियान में म्यांमार में मानवाधिकारों की भयावह स्थिति की निंदा की और देश के अधिकारियों से सभी राजनीतिक बंदियों को रिहा करने और लोकतांत्रिक परिवर्तन की ओर लौटने के लिए प्रक्रिया शुरू करने का आह्वान दोहराया। मैंने देशों से शरणार्थियों की सुरक्षा के लिए क्षेत्रीय ढांचा विकसित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस संबंध में आसियान के साथ मिलकर काम कर रहा है और दुनिया इस उद्देश्य के लिए आसियान के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। उन्होंने यूक्रेन से अनाज के मुक्त मार्ग की आवश्यकता के बारे में भी बताया। श्री गुटेरेस ने अपनी प्रस्तुति में जलवायु परिवर्तन से लड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि महासागर क्षेत्र के कई देश जलवायु परिवर्तन से बुरी तरह प्रभावित हैं। उन्होंने वैश्विक चेतावनी और परिणामी कठिनाइयों से लड़ने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के बीच अधिक सहयोग पर जोर दिया। श्री गुटेरेस नोम पेन्ह में चल रहे 40वें और 41वें एशियाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कंबोडिया में हैं।

### फिलिस्तीन ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का किया स्वागत

**रामल्ला, एजेंसी।** फिलिस्तीन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पेश किए प्रस्तावों में चार प्रस्तावों को अपनाने का फैसला किया है। इसमें एक फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजरायली बस्तियों को अवैध करार देना भी शामिल है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फिलिस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी ने शुक्रवार को एक प्रेस बयान में कहा कि फिलिस्तीन ने प्रस्ताव के पक्ष में संयुक्त राष्ट्र के वोट और इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय समर्थन का स्वागत किया है। अल-मलिकी ने कहा, ये फैसले हमारे फिलिस्तीनी लोगों के वैध अधिकारों की पुष्टि करते हैं, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण आत्मनिर्णय का अधिकार और फिलिस्तीनी (शरणार्थियों) का अपने घरों में लौटने का अधिकार है। शुक्रवार को, संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति ने इजरायल-फिलिस्तीनी मुद्दों पर चार प्रस्तावों को अपनाया, जिनमें से दो फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के जनादेश का विस्तार करने और फिलिस्तीनी शरणार्थियोंको सहायता प्रदान करने के पक्ष में थे।

---

जयशंकर ने यूक्रेन के विदेश मंत्री से मुलाकात की

# रूस-यूक्रेन युद्ध व क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा



**नोम पेन्ह, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को यूक्रेन के अपने समकक्ष दिमित्रो कुलेबा के साथ बैठक की और दोनों नेताओं ने क्षेत्र में हालिया घटनाक्रम, परमाणु चिंताओं तथा यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को खत्म करने के तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर ने यहां कंबोडिया की राजधानी में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन से इतर कुलेबा से मुलाकात की। उन्होंने ट्वीट किया, यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा से मिलकर खुशी हुई। हमारी चचाओं में संघर्ष में हालिया घटनाक्रम, अनाज निर्यात की पहल और परमाणु चिंताएं शामिल थी।

जयशंकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ यात्रा पर हैं, जो यहां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। यूक्रेन के विदेश कुलेबा ने ट्विटर पर कहा कि उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग और यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को समाप्त करने के तरीकों पर चर्चा की।

कुलेबा ने ट्वीट किया, मेरे भारतीय समकक्ष जयशंकर और मैं द्विपक्षीय सहयोग और यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को समाप्त करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए मिले। मैंने जोर दिया कि रूस को तुरंत घातक हमलों को रोकना चाहिए, यूक्रेन से सभी सैनिकों को वापस बुलाना चाहिए, और शांति के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। हमने वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर भी ध्यान केंद्रित किया। भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूसी आक्रमण की निंदा नहीं की है और लगातार कहता रहा है कि कूटनीति तथा बातचीत के माध्यम से संकट का समाधान किया जाना चाहिए। फरवरी में यूक्रेन संघर्ष शुरू होने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ-साथ यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से कई बार बात की। भारत ने यह भी कहा है कि काला सागर के जरिए अनाज निर्यात की पहल के निलंबन से खाद्य सुरक्षा, और दुनिया के सामने विशेष रूप से दुनिया के दक्षिणी हिस्से में ईंधन और उर्वरक आपूर्ति चुनौतियों का सामना करने की आशंका है। इस पहल के परिणामस्वरूप यूक्रेन से 90 लाख टन से अधिक अनाज और अन्य खाद्य उत्पादों का निर्यात हुआ। इस वर्ष आसियान-भारत संबंधों की 30वीं वर्षगांठ है और इसे आसियान-भारत मैत्री वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। दक्षिण पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) के 10 सदस्य देश हैं जिनमें ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

# यूक्रेन का खेरसॉन शहर रूस के कब्जे से मुक्त

**कीव, एजेंसी।** रूस के पीछे हटने के फैसले के बाद यूक्रेन द्वारा खेरसान पर फिर से कब्जा करने से वहां जश्न का माहौल है। 24 फरवरी के आक्रमण के बाद रूस द्वारा के कब्जे में आने वाला खेरसान पहला शहर था। कीव के रक्षा मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को कहा गया कि रूसी सैनिकों के पीछे हटने को रूस के लिए एक बहुत बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है। कीव के रक्षा मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा खेरसान यूक्रेन के नियंत्रण में लौट रहा है, इसने रूसी सैनिकों से आत्मसमर्पण का आग्रह किया। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के मुताबिक रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने मॉस्को में पत्रकारों से कहा कि कोई भी हथियार या सैन्य उपकरण नहीं छोड़ा गया था। उन्होंने कहा कि हटने की प्रक्रिया के दौरान कर्मियों, हथियारों, सैन्य उपकरणों आदि का कोई नुकसान नहीं हुआ।

कोनाशेनकोव ने संवाददाताओं से कहा कि 30 हजार से अधिक रूसी सैनिकों और लगभग 5 हजार उपकरणों को वापस ले लिया गया है। यूक्रेन में देश के कमांडर ने बुधवार को खेरसॉन से रूस की वापसी की घोषणा की। हालांकि गुरुवार को किसी भी रूसी पीछे हटने का कोई सबूत नहीं था।

बीबीसी ने बताया कि शुक्रवार को रूसी सैनिकों की वापसी के बाद खेरसॉन की सड़कों पर स्थानीय लोगों के वीडियो सोशल मीडिया पर आने लगे, यूक्रेन का राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और यूक्रेन के सैनिकों के आते ही नारे लगने लगे। राष्ट्र के नाम अपने रात के संबोधन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा, आज एक ऐतिहासिक दिन है। हम खेरसॉन को पुनः प्राप्त कर रहे हैं। हमारे सैनिक शहर की ओर बढ़ रहे हैं।

# संकटग्रस्त म्यांमा के मामले में दुनिया नाकाम रही है : संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस



**नोम पेन्ह (कंबोडिया), एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने शनिवार को कहा कि दुनिया म्यांमा के मामले में नाकाम रही है। हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि दक्षिण-पूर्वी एशियाई राष्ट्रों का संगठन (आसियान) अगले साल तक शांति के लिए अपनी योजना का पालन कराने को लेकर सदस्य देशों पर दबाव बनाने में सक्षम होगा।


नोम पेन्ह में आसियान के शिखर सम्मेलन में नेताओं ने शुक्रवार को एक योजना पर सहमति व्यक्त की, जिसके तहत 2023 में संगठन की अध्यक्षता संभालने वाले इंडोनेशिया पर म्यांमा के लिए मापदंड तय करने और शांति के लिए पांच सर्वसम्मत बिंदु को लागू करने की जिम्मेदारी होगी।

इंडोनेशिया आसियान के उन सदस्यों में से है जो म्यांमा में स्थिति को संबोधित करने के लिए और अधिक कदम उठाने की आवश्यकता के बारे में सबसे अधिक मुखर रहा है। गुतारेस ने संवाददाओं से कहा कि उन्हें लगता है कि इंडोनेशिया की सरकार सकारात्मक तरीके से एजेंडा को आगे बढ़ाने में सक्षम होगी। आसियान के शुक्रवार को घोषित निर्णय में संगठन के प्रयासों का समर्थन करने में सहायता के लिए संयुक्त राष्ट्र और अन्य बाहरी भागीदारों से पूछना शामिल है। गुतारेस ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि म्यांमा के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष दूत नोलीन हेजर देश में मानवाधिकारों के उल्लंघन को समाप्त करने के लिए आसियान समकक्ष के साथ मिलकर काम करेंगी।

गुतारेस ने कहा, म्यांमा के संबंध में हर कोई नाकाम रहा है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय समग्र रूप से नाकाम हो गया है और संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय समुदाय का हिस्सा है।

आसियान की शांति योजना में हिंसा की तत्काल समाप्ति, सभी पक्षों के बीच बातचीत, आसियान के विशेष दूत द्वारा मध्यस्थता, मानवीय सहायता का प्रावधान और सभी पक्षों से मिलने के लिए विशेष दूत द्वारा म्यांमा की यात्रा का आह्वान किया गया है। म्यांमा की सरकार शुरू में योजना के लिए सहमत हुई लेकिन उसने इसे लागू करने के लिए बहुत कम प्रयास किए।

# भारत आसियान के बीच रणनीति विश्वास सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया धनखड़ ने



**नामपेन्ह, एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारत और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के बीच रणनीतिक विश्वास तथा सहयोग को और गहरा तथा विस्तृत बनाने पर जोर देते हुए शनिवार को कहा कि एशिया प्रशांत क्षेत्र में आसियान की केंद्रीय भूमिका को भारत समर्थन देता है। श्री धनकड़ यहां भारत आसियान 19वीं शिखर बैठक संबोधित कर रहे थे। बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर भी उपस्थित थे। इस शिखर बैठक को भारत आसियान संबंध के 30 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्मृति शिखर सम्मेलन के रूप में देखा जा रहा है। इसका आयोजन आसियान की 40 और 41 में शिखर बैठक के साथ हो रहा है। इस बैठक में भाग लेने के लिए श्री धनखड़ के नेतृत्व में भारत का प्रतिनिधिमंडल कल यहां पहुंचा। श्री धनखड़ ने कहा, हम भविष्य की ओर देखते हैं तो इस क्षेत्र का राजनीतिक परिदृश्य निश्चित दिखता है। हम इसके प्रति आंख बंद कर नहीं रह सकते। इस स्थिति से निकलने के लिए भारत-आसियान सहयोग का विस्तार होना चाहिए, रणनीतिक विश्वास और गहरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत - आसियान सहयोग का विस्तार होना चाहिए, रणनीतिक विश्वास और गहरा होना चाहिए। इस विषय में भारत आसियान के बीच की रणनीतिक भागीदारी का भूमिका का महत्व और बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि भारत आसियान के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है। भारत आसियान को क्षेत्रीय, बहुपक्षीय और वैश्विक व्यवस्था के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखता है।

श्री धनखड़ ने कहा कि भारत एशिया- प्रशांत क्षेत्र में उभर रही नई व्यवस्था और समीकरणों के बीच आसियान के केंद्रीय अस्थान का समर्थन करता है। इस क्षेत्र में शांति स्थिरता और समृद्धि के संवर्धन के बारे में भारत और आसियान की सोच परस्पर मिलती है। उन्होंने कहा कि आसियान देश भारत की एक्ट ईस्ट नीति में केंद्रीय स्तंभ हैं। सांस्कृतिक आर्थिक और सभ्यता के क्षेत्र में आसियान देशों के साथ भारत के संबंध आदिकाल से चले आ रहे हैं। इससे हमें आधुनिक युग में आसियान के साथ अपने संबंध विकसित करने का मजबूत आधार मिला है।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत की आसियान के साथ संबंधों की शुरूआत 1992 में कुछ क्षेत्रीय विषयों पर भागीदार के रूप में हुई थी जिसने बढ़ते बढ़ते 2022 में विस्तृत रणनीतिक भागीदारी का रूप ले लिया है। आज यह भागीदारी बहुआयामी और क्षेत्रीय हो गई है। इस भागीदारी में संपर्क सुविधाओं के विस्तार से लेकर जलवायु परिवर्तन, सुरक्षा से लेकर अंतरिक्ष विज्ञान प्रौद्योगिकी, प्रौद्योगिकी से लेकर व्यापार के क्षेत्र में सहयोग चल रहा है जो यह दिखाता है कि हम बेहतर और उज्जवल भविष्य के लिए मिलकर काम करना चाहते हैं।

# खेरसॉन में हैं यूक्रेनी विशेष सैन्य इकाइयां : जेलेंस्की



**माइकोलैव (यूक्रेन), एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति ने शुक्रवार को कहा कि युद्ध की शुरूआत में ही रूसी सेना द्वारा कब्जा जमा ली गयी बड़ी प्रांतीय राजधानी खेरसॉन में विशेष सैन्य इकाइयां दाखिल हो चुकी हैं। खेरसॉन से रूस (रूसी सेना) के पीछे हटने पर शहर में लोगों ने खुशियां मनायी। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण इस शहर से अपने सैनिकों को वापस बुला लेने की प्रक्रिया पूरी होने के रूस के ऐलान के कुछ घंटों बाद एक वीडियो संबोधन में, राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा, अभी हमारे रक्षक शहर की बढ़ रहे हैं। थोड़ी देर में हम शहर प्रवेश करने वाले हैं। लेकिन विशेष इकाइयां पहले से ही शहर में हैं। रूस ने इस बड़े शहर में अपनी मजबूत पकड़ छोड़ दी। जब 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूस ने आक्रमण किया था, तो खेरसॉन सबसे पहले उसके कब्जे में आने वाले स्थानों में एक था। रूसी सैनिकों की वापसी ऐसे स्थानों पर यूक्रेनी सेना के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल साबित हो सकती है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके सभी सैनिक यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र को विभाजित करने वाली नदी के पश्चिमी तट से सुबह 5 बजे तक पूरी तरह लौट गये। उन्होंने जिस क्षेत्र को छोड़ा, उसमें खेरसॉन शहर शामिल है जो एकमात्र प्रांतीय राजधानी थी जिसे रूस ने यूक्रेन पर अपने लगभग नौ महीने के आक्रमण के दौरान कब्जा कर लिया था।

सोशल मीडिया पर वीडियो और तस्वीरों में खेरसॉन की सड़कों पर लोगों को खुशी मनाते हुए देखा गया है। मार्च की शुरूआत में इस शहर पर कब्जा कर लिये जाने के बाद पहली बार एक केंद्रीय खेरसॉन चौक पर एक स्मारक के ऊपर एक यूक्रेनी झंडा फहराया गया।

# फिलिस्तीन ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों का किया स्वागत

**रामल्ला, एजेंसी।** फिलिस्तीन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पेश किए प्रस्तावों में चार प्रस्तावों को अपनाने का फैसला किया है। इसमें एक फिलिस्तीनी क्षेत्रों में इजरायली बस्तियों को अवैध करार देना भी शामिल है।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फिलिस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी ने शुक्रवार को एक प्रेस बयान में कहा कि फिलिस्तीन ने प्रस्ताव के पक्ष में संयुक्त राष्ट्र के वोट और इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय समर्थन का स्वागत किया है। अल-मलिकी ने कहा, ये फैसले हमारे फिलिस्तीनी लोगों के वैध अधिकारों की पुष्टि करते हैं, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण आत्मनिर्णय का अधिकार और फिलिस्तीनी (शरणार्थियों) का अपने घरों में लौटने का अधिकार है।

शुक्रवार को, संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति ने इजरायल-फिलिस्तीनी मुद्दों पर चार प्रस्तावों को अपनाया, जिनमें से दो फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) के जनादेश का विस्तार करने और फिलिस्तीनी शरणार्थियोंको सहायता प्रदान करने के पक्ष में थे।

# बाइडन दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के सम्मेलन में होंगे शामिल



**नोम पेन्ह (कंबोडिया), एजेंसी।** राष्ट्रपति जो बाइडन शनिवार को दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के सम्मेलन में औपचारिक रूप से शामिल होंगे और वह इस क्षेत्र में अमेरिकी की प्रतिबद्धता पर जोर देंगे जहां चीन अपने प्रभाव को बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। आसियान सम्मेलन में बाइडन की भागीदारी चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ उनकी संभावित बैठक से पहले हो रही है। दोनों नेता सोमवार को जी 20 देशों की बैठक में मिलेंगे।

यह बैठक इंडोनेशिया के बाली द्वीप में आयोजित की जायेगी। शनिवार को नोम पेन्ह की यात्रा करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि बाइडन दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) नेताओं के साथ चीन द्वारा नौवहन और लंबे समय से गैर-कानूनी तरीके से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मछलियों का अवैध शिकार जैसे मुद्दें उठायेंगे। सुलिवन ने पत्रकारों से कहा कि क्षेत्र में स्थिरता लाने वाली ताकत के तौर पर और किसी एक राष्ट्र को बलपूर्वक कार्रवाई करने से रोकने में अमेरिका की अहम भूमिका है। चीन का जिक्र करते हुए, सुलिवन ने कहा, मुझे लगता है कि यह देश इस तथ्य को पसंद नहीं कर सकता है, लेकिन वे निश्चित रूप से इसे स्वीकार करते हैं और इसे समझते हैं। बाइडन नोम पेन्ह में क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन के मेजबान कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन सेन से मुलाकात के साथ करेंगे। इसके बाद वह वार्षिक अमेरिका-आसियान शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बाइडन म्यांमा के मुद्दे को भी उठायेंगे जहां सेना ने फरवरी 2021 में सत्तारूढ़ सरकार को उखाड़ फेंका था और लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित नेता आंग सान सू ची को गिरफ्तार कर लिया था।

बाली में जी 20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए रवाना होने से पहले, बाइडन रविवार को पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन की बैठकों में भाग लेंगे।

# डिसेंटिस के बाद ट्रम्प चले गए, 2024 रिपब्लिकन प्राइमरी शुरू



**वाशिंगटन, एजेंसी।** राष्ट्रपति पद के लिए 2024 के नामांकन के लिए रिपब्लिकन प्राइमरी की तैयारी जोरो से चल रही है, हालांकि अभी तक किसी ने भी अपनी उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, जो कभी भी एक बड़ी घोषणा का संकेत दे चुके हैं, अब फ्लोरिडा के रिपब्लिकन गवर्नर रॉन डेसेंटिस के बाद चले गए हैं, जिनकी 2022 के मध्यावधि में प्रचंड जीत ने उन्हें राष्ट्रपति पद के संभावितों की सूची में शीर्ष पर पहुंचा दिया है।

ट्रंप ने एक बयान में और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में राज्यपाल के उपनाम को घुमाते हुए कहा, रॉन डीसैंक्टिमोनियस गेम खेल रहे हैं! उन्होंने कहा- फेक न्यूज ने उनसे पूछा कि क्या राष्ट्रपति ट्रम्प के रेस में शामिल होने पर वह भी इस रेस में शामिल होंगे, वह कहते हैं, मैं केवल राज्यपाल की दौड़ पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, मैं भविष्य की ओर नहीं देख रहा हूं। खैर, वफादारी और वर्ग के संदर्भ में, यह वास्तव में सही उत्तर नहीं है।

ट्रम्प ने 2017 में फ्लोरिडा के गवर्नर पद के लिए डेसेंटिस के पहले रन के लिए श्रेय का दावा किया, यह कहते हुए कि बाद वाला दौड़ में पीछे था और उनका अभियान ध्वस्त हो गया था और उन्हें पूर्व राष्ट्रपति के समर्थन से बचाया गया था। डिसेंटिस वास्तव में समर्थन से लाभान्वित हुआ और जीता। डिसेंटिस ने खुद को ट्रम्प के सांचे में ढाला है, पूर्व राष्ट्रपति के एमएजीए-ब्रांड की राजनीति को गले लगाते हुए, और ट्रम्प द्वारा लाए गए सामान को ट्रम्प माइनस के रूप में देखा जा रहा है। और कई रिपब्लिकन उन्हें पार्टी का भविष्य मानते हैं, खासकर उनके फिर से चुनाव में जीत के बाद। द न्यू यॉर्क पोस्ट, रूपर्ट मडरेक के स्वामित्व वाले रूढ़िवादी दैनिक, ने डेसेंटिस और उनके परिवार को चुनावी रात को शीर्षक के साथ कवर पर रखा, जिसमें बहुत अधिक अनकहा नहीं थाः डिफ्यूचर। शक्तिशाली मडरेक समाचार मीडिया साम्राज्य, जिसमें फॉक्स न्यूज और द वॉल स्ट्रीट जर्नल शामिल हैं, ने 2016 में ट्रम्प के नामांकन और 6 जनवरी, 2021 तक उनके सभी राष्ट्रपति पद का समर्थन किया था, जब पूर्व राष्ट्रपति ने सांसदों के संयुक्त सत्र को 2020 के राष्ट्रपति चुनावों के विजेता के रूप में जो बिडेन को प्रमाणित करने से रोकने के लिए समर्थकों की भीड़ को कैपिटल भेजा। डिफ्यूचर शीर्षक ट्रम्प पर शूट किया गया था, जो कई रिपब्लिकन 2022 के मध्यावधि चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन के लिए दोषी ठहरा रहे हैं। सत्ता से बाहर पार्टी ने ऐतिहासिक रूप से अमेरिकी कांग्रेस को भारी अंतर से पकड़ लिया है, लेकिन रिपब्लिकन ने उस प्रवृत्ति को पीछे छोड़ दिया। एक, अयोग्य उम्मीदवारों का समर्थन करने और दो, अपनी चुनावी हार के बारे में झूठ फैलाने के लिए ट्रम्प को दोषी ठहराया गया है। ट्रम्प ने वर्जीनिया के रिपब्लिकन गवर्नर ग्लेन यंगकिन पर भी कटाक्ष किया है, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे 2024 में व्हाइट हाउस चलाने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा- वर्जीनिया में यंग परिजन (अब यह एक दिलचस्प टेक साउंड्स चाइनीज है, है ना?) मेरे बिना जीत नहीं सकता था। मैंने उसका समर्थन किया, उसके लिए टेलीफोन पर एक बहुत बड़ी ट्रम्प रैली की, उसके लिए वोट करने के लिए एमएजीए मिला - वरना वह जीतने के करीब नहीं आ सकता था। लेकिन वह यह जानता है और मानता भी है।

## एक नजर

### ईस्ट बंगाल ने बेंगलुरू एफसी को 1-0 से हराया

**बेंगलुरू, एजेंसी।** ब्राजीली स्ट्राइकर क्लेटन सिल्वा के गोल की मदद से ईस्ट बंगाल एफसी ने शुक्रवार को यहां इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के मैच में बेंगलुरू एफसी 1-0 से हराया। सिल्वा ने यह गोल खेल के 69वें मिनट में किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। कांतिरावा स्टेडियम में मिली इस जीत से ईस्ट बंगाल की टीम अंक तालिका में दसवें से आठवें स्थान पर पहुंच गई है। उसके छह मैचों में दो जीत और चार हार के बाद छह अंक हो गए हैं। बेंगलुरू के लिए अपने घरेलू मैदान पर मिली यह हार करारा झटका है। बेंगलुरू एफसी पांच मैचों में एक जीत, एक ड्रा और तीन हार से चार अंक जुटा सकी है और तालिका में आठवें से नौवें स्थान पर लुढ़क गई है।

### वाणी भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 13वें स्थान पर

**जेद्दा, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर वाणी कपूर, दीक्षा डागर, अमनदीप द्राल और त्वेसा मलिक की चौकड़ी ने अरामको टीम सीरीज प्रतियोगिता में कट में प्रवेश किया। वाणी पिछले कुछ समय से अच्छी फॉर्म में चल रही हैं, उन्होंने दो अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह पांच अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 13वें स्थान पर चल रही हैं और भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर हैं। दीक्षा संयुक्त 32वें और अमनदीप संयुक्त 46वें स्थान पर हैं। त्वेसा अंतिम होल में डबल बोगी के बावजूद एक ओवर के कट स्कोर तक पहुंचने में सफल रहीं। वह संयुक्त 56वें स्थान पर हैं।

### चौरसिया और मदप्पा संयुक्त 30वें स्थान पर, पांच भारतीयों ने कट में प्रवेश किया

**कैरो, एजेंसी।** विराज मदप्पा और एसएसपी चौरसिया 15 लाख डॉलर पुरस्कार राशि की अंतरराष्ट्रीय सीरीज में कट हासिल करने वाले पांच भारतीय गोल्फरों में शामिल रहे। मदप्पा (67, 70) और चौरसिया (68, 69) संयुक्त 30वें स्थान से भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर चल रहे हैं। कट हासिल करने वाले अन्य भारतीयों में अजीतेश संधू (70-69) और एस चिक्कारंगप्पा (70-69) संयुक्त 46वें जबकि गगनजीत भुल्लर (71-69) संयुक्त 61वें स्थान पर चल रहे हैं। करणदीप कोचर, सप्ताक तलवार, वीर अहलावत, हनी बेसोया और अमन राज कट हासिल करने से चूक गये।

### नाकाशिमा का सामना नेक्स्ट जेन फाइनल्स में लेहेका से होगा

**मिलान, एजेंसी।** अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी ब्रैंडन नाकाशिमा ने शुक्रवार को ब्रिटेन के तीसरे वरीय जैक ड्रेपर को 4-3 (6),1-4, 4-2, 4-3 (5) से हराकर नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स में प्रवेश किया। अब उनका सामना फाइनल्स में चेक गणराज्य के खिलाड़ी जिरी लेहेका से होगा। पिछले साल नाकाशिमा सेमीफाइनल चरण में बाहर हो गये थे। शुक्रवार के पहले मुकाबले में पांचवें वरीय लिहिका ने डॉमिनिक स्ट्रिकर पर 82 मिनट में 4-1, 4-3 (4), 2-4, 4-1 से जीत दर्ज की।

### चेक गणराज्य ने बीजेके कप में अमेरिका को हराकर बाहर किया

**ग्लास्गो, एजेंसी।** चेक गणराज्य ने अमेरिका को हराकर उलटफेर करते हुए बिली जीन किंग कप महिला टेनिस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चेक गणराज्य की टीम चार साल में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंची है। अब शनिवार को उसका सामना स्विट्जरलैंड से होगा जिसने कनाडा को 2-1 से शिकस्त दी। आस्ट्रेलिया और ब्रिटेन दूसरे सेमीफाइनल में एक दूसरे के आमने सामने होंगे। सातवीं रैंकिंग की कोको गॉफ और 14वीं रैंकिंग की डेनियल कोलिन्स के एकल मुकाबलों में चेक गणराज्य की खिलाड़ियों पर जीत दर्ज करने की उम्मीद थी, लेकिन दोनों में से कोई भी एक सेट भी नहीं जीत सकी। गॉफ ने कैटरीना सिनियाकोवा के खिलाफ पिछले सभी तीनों मैच जीते हैं लेकिन वह 6-7 (1), 1-6 से हार गयीं।

## टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड की ऐतिहासिक जीत

# पाकिस्तान को हराकर दूसरी बनी चैंपियन

**मेलबर्न, एजेंसी।** संकटमोचक हरफनमौला बेन स्टोक्स (52 नाबाद) के अर्द्धशतक की बदौलत इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप 2022 के फाइनल में रविवार को पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर दूसरी बार टी20 विश्व कप खिताब जीत लिया।

इंग्लैंड ने खिताबी मैच में पहले गेंदबाजी करते हुए सैम करेन (12/3) की शानदार गेंदबाजी की मदद से पाकिस्तान को 137 रन पर रोक दिया था। टी20 चैंपियन बनने के लिये जॉस बटलर की टीम के सामने 138 रन का लक्ष्य था, जिसे उन्होंने एक ओवर शेष रहते हुए हासिल कर लिया।

एकदिवसीय विश्व कप 2019 के फाइनल में इंग्लैंड की जीत के नायक रहे स्टोक्स ने इंग्लैंड को यह यादगार विजय दिलाने के लिये 49 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के के साथ 52 रन बनाये।

इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 45 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे और तब तक मैच पाकिस्तान की पकड़ में था। हैडिंग्ली और लॉर्ड्स के सूरमा स्टोक्स ने एक बार फिर अपनी टीम को संकट से निकालते हुए हैरी ब्रूक (20) के साथ 39 रनों की साझेदारी की, जबकि मोइन अली (19) के साथ 48 रन




जोड़े। ब्रूक और मोइन के आउट होने के बाद भी स्टोक्स विकेट पर जमे रहे और उन्होंने 19वें ओवर में मोहम्मद वसीम जूनियर की गेंद पर विजयी रन बनाकर इंग्लैंड को दूसरी बार टी20 विश्व चैंपियन बना दिया।

इंग्लैंड ने अपना पहला टी20 विश्व कप 2010 में ऑस्ट्रेलिया को हराकर जीता था। बटलर, पॉल कॉलिंगवुड के बाद इंग्लैंड को टी20 विश्व कप जिताने वाले दूसरे कप्तान बन गए हैं। दूसरी ओर, पाकिस्तान अपना तीसरा फाइनल खेलते हुए दूसरा टी20 विश्व कप खिताब तलाश रही थी, लेकिन बाबर आजम की टीम हारिस रऊफ (23/2) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बावजूद जीत की दहलीज को पार नहीं कर सकी।

शाहीन अफरीदी ने लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड को शुरूआती झटका देते हुए पहले ही ओवर में एलेक्स हेल्स को आउट कर दिया। कप्तान जॉस बटलर एक छक्के और तीन चौकों के साथ 26 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन हारिस ने उन्हें और फिलिप सॉल्ट को आउट करके इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा दीं।

इंग्लैंड ने पावरप्ले में तीन विकेट गंवाकर 49 रन बनाए, जिसके बाद बेन स्टोक्स और हैरी ब्रूक 39 रन की साझेदारी करके टीम के लिये जीत को आसान बना रहे थे। पाकिस्तान को छोटे स्कोर की रक्षा करने के लिये विकेट की आवश्यकता थी। शादाब ने हैरी ब्रूक (20) को आउट करके पाकिस्तान को यह सफलता दिलाई, जबकि दूसरे गेंदबाजों ने रनों पर लगाम लगा दी। ब्रूक का कैच पकड़ने के प्रयास में हालांकि शाहीन के घुटने में चोट लग गई और वह कुछ देर के लिये मैदान से बाहर चले गए।

इंग्लैंड अगले नौ ओवरों में सिर्फ 38 रन बना सकी और उसे आखिरी पांच ओवरों में 41 रनों की आवश्यकता थी। कप्तान बाबर ने 16वां ओवर शाहीन को दिया, लेकिन वह घुटने की चोट के कारण एक ही गेंद फेंक सके और बाकी पांच गेंदें इफ्तिखार अहमद को फेंकने के लिये दी गईं। स्टोक्स ने इस ओवर में एक चौका और एक छक्का जड़कर मैच की लय बदल दी। मोइन अली ने अगले ओवर में मोहम्मद वसीम को तीन चौके जड़े जिससे मैच ने इंग्लैंड की ओर करवट ले ली।

वसीम ने 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर मोइन को आउट कर दिया, लेकिन स्टोक्स ने इसी ओवर में चौका लगाकर इंग्लैंड की जीत सुनिश्चित की।

इंग्लैंड और वेस्ट इंडीज के बीच खेले गए टी20 विश्व कप 2016 के फाइनल में स्टोक्स अपनी टीम के लिये आखिरी ओवर में 19 रनों की रक्षा नहीं कर सके थे और विंडीज ने खिताब जीत लिया था। स्टोक्स ने इस बार यहां इंग्लैंड को जीत तक पहुंचाकर अपनी चूक दुरुस्त कर ली।

इससे पूर्व, इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को बल्लेबाजी के लिये बुलाया और विपक्षी खिलाड़ियों को कभी तेज रफ्तार से रन बनाने का मौका नहीं दिया। सैम करेन ने पांचवें ओवर में मोहम्मद रिजवान (15) को आउट करके इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई, जबकि मोहम्मद हारिस रन गति बढ़ाने के प्रयास में 12 गेंदों पर आठ रन बनाकर आउट हो गये। कप्तान बाबर आजम ने 32 रन बनाये लेकिन इसके लिये उन्होंने 28 गेंदें खेलीं। इसके अलावा शान मसूद ने 38 (28) जबकि शादाब खान ने 20(14) रन का योगदान दिया।

## विवो प्रो कबड्डी लीग ने परिवार की आर्थिक मदद करने में सहायता की : सचिन

**पुणे, एजेंसी।** पटना पाइरेट्स के प्रमुख रेडर सचिन विवो प्रो कबड्डी लीग सीजन 9 में शानदार फॉर्म में हैं। रेडर ने 12 मैचों में 114 अंक बटोरे हैं और अंक तालिका में पांचवें स्थान पर चढ़ने में अपनी टीम की मदद की है। पाइरेट्स टूनार्मेंट में सबसे अच्छी शुरूआत नहीं कर पाए, अपने पहले पांच मैचों में से चार हार गए। लेकिन इसके बाद पाइरेट्स ने सात मैचों में लगातार जीत दर्ज की।



टर्नअराउंड के बारे में बोलते हुए, सचिन ने कहा, हमने अपने पहले कुछ मैचों में की गई गलतियों पर काम किया है और हम उन गलतियों को सुधारने के बाद मैच जीतने में सक्षम हैं। मुझे लगता है कि हम अपने पहले कुछ मैचों में डिफेंडरों का एक अच्छा संयोजन नहीं बना सके। एक बार हमने ऐसा कर लिया, तो हम टीम के लिए शानदार परिणाम हासिल करने में सफल रहे हैं।

यह पूछे जाने पर कि वह कबड्डी के खेल में कैसे आए, रेडर ने कहा, मैं कबड्डी परिवार से आता हूं। मेरे बड़े भाई और चाचा कबड्डी खेलते थे। मेरा भाई दीपक कुमार, जो सीजन 2 में बंगाल वारियर्स टीम का हिस्सा था। मुझे मैदान पर ले गया और मुझे सिखाया कि खेल कैसे खेलना है। दुर्भाग्य से, मेरे भाई को चोट लग गई और वह विवो पीकेएल खेल नहीं खेल सका। इसलिए, मैंने विवो प्रो कबड्डी लीग में खेलकर उसके सपने को जीवित रखा है।


राजस्थान के एक किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले सचिन ने यह भी कहा कि जब वह मैट पर नहीं होते हैं तो वह सब इंस्पेक्टर की भूमिका निभाते हैं, उन्होंने कहा, जब मैं कबड्डी नहीं खेल रहा होता हूं, तो मैं राजस्थान पुलिस बल में जयपुर में सब इंस्पेक्टर के रूप में काम करता हूं।

## शाहीन की चोट ने हमें मैच से बाहर कर दिया: बाबर आजम

**मेलबर्न, एजेंसी।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने टी20 विश्व कप 2022 के फाइनल में रविवार को इंग्लैंड के हाथों हारने के बाद कहा कि शाहीन शाह अफरीदी की चोट ने उन्हें मैच से बाहर कर दिया।

इंग्लैंड की पारी के 13वें ओवर में हैरी ब्रूक का कैच लेते हुए शाहीन के घुटने में चोट लग गई थी। शाहीन विश्व कप से पहले ही अपने घुटने की चोट से उभरकर टीम में वापस आए थे।

बाबर ने मैच के बाद कहा, ह्न इंग्लैंड को बधाई, उन्होंने अच्छी लड़ाई की। हमें यहां घर जैसा महसूस हुआ, हर मैदान पर जबरदस्त प्यार मिला। समर्थन के लिये आपका (प्रशंसकों का) शुक्रिया। मैंने लड़कों से कहा कि वह अपना स्वाभाविक खेल खेलें, लेकिन हम 20 रन कम बना पाए। फिर भी लड़कों ने गेंद से शानदार संघर्ष किया। हमारी गेंदबाजी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमणों में से एक है। दुर्भाग्यवश, शाहीन की चोट ने हमें मैच से बाहर कर दिया लेकिन यह



खेल का हिस्सा है।

इंग्लैंड ने दूसरी बार टी20 विश्व चैंपियन बनने के लिये फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराया। रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 138 रन का लक्ष्य दिया था, जिसे इंग्लैंड ने बेन स्टोक्स (52 नाबाद) के अर्द्धशतक की मदद से छह गेंदें रहते हुए हासिल कर लिया।

## पीकेएल 2022: यू मुंबा ने रोमांचक तरीके से पुनेरी पलटन को 34-33 से हराया

**पुणे, एजेंसी।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 71वें मुकाबले में यू मुंबा ने रोमांचक तरीके से पुनेरी पलटन को 34-33 से हराया और अंक तालिका में जबरदस्त छलांग लगाते हुए सातवें से तीसरे स्थान पर पहुंच गए। 12 मैचों में यह यू मुंबा की सातवीं जीत है, वहीं पुनेरी पलटन की यह 13वें मैच में चौथी हार है और वह पहले स्थान पर कायम हैं। पहले हाफ के बाद स्कोर 15-15 से बराबर था। शुरूआती 10 मिनट में मैच काफी धीमा रहा और दोनों ही टीमों ने ज्यादा अटैक नहीं किया, लेकिन इसके बाद यू मुंबा ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए लगातार काफी पॉइंट लिए लेकिन जर्सी पुलिंग के चक्कर में वह पुनेरी पलटन को ऑल आउट करने से चूक गए और इसके बाद सुपर टैकल की मदद से पुनेरी पलटन ने 12-10 की बढ़त हासिल कर ली। हालाँकि 18वें मिनट में पुनेरी पलटन को यू मुंबा ने ऑल आउट कर ही दिया और स्कोर को अपने पक्ष में 15-13 कर दिया, लेकिन हाफ खत्म होने से पहले पुनेरी पलटन ने स्कोर को 15-15 की बराबरी पर ला दिया। पहले 20 मिनट में यू मुंबा की तरफ से गुमान सिंह ने सबसे ज्यादा 7 रेड पॉइंट लिए, वहीं सुरिंदर सिंह




की गैरमौजूदगी में आज टीम की कप्तानी कर रहे रिंकू ने डिफेंस में तीन टैकल पॉइंट लिए। पुनेरी पलटन की तरफ से मोहित गोयत ने 6 पॉइंट (4 रेड प्लस 2 टैकल) और असलम इनामदार ने 5 पॉइंट (4 रेड प्लस 1 टैकल) लिए।

दूसरे हाफ में पुनेरी पलटन ने बढ़िया प्रदर्शन करते हुए स्कोर को 19-16 कर दिया था, हालाँकि एक सुपर टैकल की मदद से यू मुंबा ने स्कोर को 19-19 से फिर बराबर कर दिया। मोनू गोयत ने एक रेड में दो पॉइंट लेकर स्कोर को 22-19 कर दिया। इसके बाद 31वें मिनट में पुनेरी पलटन ने यू मुंबा को ऑल आउट भी किया और ब्रेक के समय वह 25-20 से आगे हो गए। ब्रेक के बाद यू मुंबा ने फिर से वापसी की और 35वें मिनट में उन्होंने पुनेरी पलटन की बढ़त को सिर्फ एक पॉइंट का कर दिया था और स्कोर 26-25 था। इस दौरान गुमान सिंह ने अपना सुपर 10 भी पूरा किया। 38वें मिनट में यू मुंबा ने पुनेरी पलटन को ऑल आउट किया और स्कोर 30-30 से बराबर हो गया। अगले मिनट में यू मुंबा ने मैच में एक बढ़त भी ले ली। आखिरी रेड से पहले स्कोर 33-33 से बराबर हो गया था, लेकिन अंतिम डू और डाई रेड में आशीष ने एक पॉइंट लेकर टीम को रोमांचक जीत दिला दी।

## बार्कले को आईसीसी चेयरमैन का दूसरा कार्यकाल

### वित्त-वाणिज्यिक मामलों की समिति प्रमुख होंगे जय शाह

**मेलबर्न, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के ग्रेग बार्कले को शनिवार को सर्वसम्मति से दूसरे कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का चेयरमैन चुना गया।

बोर्ड बैठक में बार्कले के अलावा बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) सचिव जय शाह को आईसीसी की ताकतवार वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति का प्रमुख चुना गया।

बार्कले का कार्यकाल दो वर्ष का होगा। जिम्बाब्वे के तावेंग्वा मुकुहलानी के नाम वापस लेने के बाद बार्कले को निर्विरोध चुना गया।

आईसीसी बोर्ड ने बार्कले के पूर्ण समर्थन की पुष्टि की। बार्कले ने फिर से अपनी नियुक्ति पर कहा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का फिर से चेमरमैन चुना जाना सम्मान की बात है और मैं अपने साथी आईसीसी निदेशकों को उनके समर्थन के लिये शुक्रिया करना चाहूंगा।

बार्कले को नवंबर 2020 में आईसीसी चेयमरैन बनाया गया था। वह इससे पहले न्यूजीलैंड क्रिकेट के चेमरमैन और 2015 में आईसीसी पुरूष क्रिकेट विश्व कप के निदेशक थे।

उन्हें निर्विरोध चुना गया जिसका मतलब है कि 17 सदस्यीय बोर्ड में उन्हें बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) का भी समर्थन प्राप्त था।

शाह को आईसीसी की सबसे महत्वपूर्ण समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। यह समिति सभी बड़े वित्तीय नीतिगत फैसले करती है जिसके बाद



आईसीसी बोर्ड इन्हें मंजूरी देता है।

आईसीसी सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, प्रत्येक सदस्य ने जय शाह को वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति के प्रमुख के तौर पर स्वीकार कर लिया। आईसीसी चेयरमैन के अलावा यह समान रूप से ताकतवर उप समिति है।

इस समिति के काम में सदस्य देशों के बीच राजस्व साझा करना शामिल है। वित्त एवं वाणिज्यिक मामलों की समिति का प्रमुख हमेशा आईसीसी बोर्ड सदस्य होता है और शाह का चुना जाना स्पष्ट करता है कि वह आईसीसी बोर्ड में बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस समिति के प्रमुख का पद एन श्रीनिवासन के दौर में भारत का हुआ करता था लेकिन शंशाक मनोहर के आईसीसी चेयरमैन के कार्यकाल में बीसीसीआई की ताकत काफी कम हो गयी थी।

## द्रविड़ को सबसे छोटे प्रारूप में भारतीय टीम का कोच नहीं होना चाहिए : दानिश कनेरिया

**नई दिल्ली/ एजेंसी।** टी-20 विश्व कप 2022 से भारत के बाहर होने के बाद पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने कहा है कि राहुल द्रविड़ को सबसे छोटे प्रारूप में भारतीय टीम का कोच नहीं होना चाहिए। कनेरिया का मानना है कि द्रविड़ में टी20 विश्व चैंपियन बनाने के लिए भारतीय टीम का मार्गदर्शन करने के लिए आवश्यक मानसिकता का अभाव है।

2021 टी20 विश्व कप के बाद रवि शास्त्री के पद छोड़ने पर बाद द्रविड़ को भारतीय टीम के कोच की



भूमिका सौंपी गई। कोच की भूमिका संभालने के बाद से, द्रविड़ ने भारतीय टीम में विशेष रूप से बल्लेबाजों में एक नई शैली स्थापित करने की कोशिश की है। लेकिन, उनका यह प्रयास असफल रहा और टीम टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से हारकर बाहर हो गई।

कनेरिया ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में भारत की टी20 टीम के कोच के रूप में द्रविड़ की साख पर सवाल उठाया। पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर को नहीं लगता कि उसके पास भारतीय टीम को सबसे छोटे प्रारूप में सफल बनाने के लिए आवश्यक आक्रामकता है।

कनेरिया ने कहा, यदि आपने ऋषभ पंत को चुना है, तो आपको उसका उपयोग करना चाहिए था। केएल राहुल के आउट होने के बाद उसे बल्लेबाजी क्रम में ऊपर बल्लेबाजी करने के लिए भेजा जाना चाहिए था। वह 19वें ओवर में बल्लेबाजी करने आया था। वह क्या कर सकता है फिर भारत को मानसिकता बदलनी होगी। राहुल द्रविड़ को अपनी मानसिकता बदलनी होगी। एक क्रिकेटर के रूप में, राहुल द्रविड़ टेस्ट प्रारूप में उत्कृष्ट थे। उन्हें केवल टेस्ट में भारत का कोच होना चाहिए, लेकिन टी20ई में नहीं।

कनेरिया ने कहा, द्रविड़ में कोई आक्रामकता नहीं है। वह नहीं जानते कि दबाव को कैसे संभालना है। वह एक शांत क्रिकेटर थे जो पूरे दिन क्रीज पर रह सकते हैं। लेकिन, यह टी 20 क्रिकेट है। यहां, आपको दबाव को संभालना होता है। लेकिन, आप टी20 में दबाव को नहीं संभाल सकते। कनेरिया ने टीम से राहुल तेवतिया, मोहम्मद सिराज, उमरान मलिक आदि जैसे कई खिलाड़ियों की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाया।

## फ्रैक्चर के बाद अनिश्चितकाल के लिये टीम से बाहर हुए मैक्सवेल



**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के विस्फोटक बल्लेबाज और हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल पैर में फ्रैक्चर होने के कारण अनिश्चितकाल के लिये टीम से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि एक जन्मदिन की पार्टी में फिसलकर गिरने से उनके बाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया जिसके बाद उनकी सर्जरी की गई। मैक्सवेल टी20 विश्व कप 2022 के ठीक बाद इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं और ऐसी आशंकाएं हैं कि वह ऑस्ट्रेलिया के पूरे ग्रीष्म सत्र में क्रिकेट से दूर रह सकते हैं। उनकी अनुपस्थिति में, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 17 नवंबर से शुरू होने वाली श्रृंखला के लिये शॉन एबॉट को एकदिवसीय टीम में शामिल किया है।ऑस्ट्रेलिया के चयन प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा, ह्लग्लेन अच्छी स्थिति में हैं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना थी। हमें ग्लेन के लिए बुरा महसूस हो रहा है क्योंकि वह अपने पिछले कुछ मैचों में अच्छी लय में थे। ग्लेन हमारी सफेद गेंद टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हम उनके इलाज और रिहैब के माध्यम से उनका समर्थन करना जारी रखेंगे।

# डिलीवरी के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज हुई आलिया भट्ट








फिल्म अभिनेत्री आलिया भट्ट हाल ही में एक प्यारी सी बेटी की माँ बनी हैं। उन्होंने रविवार को मुंबई के गोरेगांव स्थित एच.एन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल में एक बेटी को जन्म दिया है। वहीं गुरुवार को आलिया भट्ट को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। इसी बीच आलिया भट्ट और रणबीर का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में रणबीर, आलिया भट्ट और अपनी बेटी को कार में घर ले जाते नजर आ रहे हैं।

सामने आये इस वीडियो में रणबीर अपनी नन्हीं सी बेटी को मीडिया से छुपाते नजर आ रहे हैं। वहीं, आलिया भट्ट ब्लैक कलर की ड्रेस में दिखाई दे रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो नीतू कपूर अपनी लाडली बहू आलिया भट्ट का स्वागत करने रणबीर के घर पहुंच गई हैं। वहीं फैंस भी आलिया और रणबीर की बेटी की झलक पाने के लिए बेताब हैं।

उल्लेखनीय हैं रणबेलिया के नाम से मशहूर रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने इसी साल 14 अप्रैल को शादी रचाई थी। इसके कुछ समय बाद ही आलिया ने फैंस को अपनी प्रेग्नेंसी की भी जानकारी दी थी। वहीं अब आलिया भट्ट और रणबीर कपूर अपने पहले बच्चे के रूप में एक प्यारी सी बेटी के माता-पिता बन चुके हैं। बेटी के जन्म के बाद से ही कपल को लगातार बधाइयाँ मिल रही है, वहीं कपूर और भट्ट परिवार में भी खुशी की लहर है।

# यामी गौतम अभिनीत लॉस्ट का इफ्फी में प्रीमियर





बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम की आगामी फिल्म लॉस्ट का प्रीमियर एशियन प्रीमियर गाला के लिए भारत के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) में होगा। अनिरुद्ध रॉय चौधरी द्वारा अभिनीत, लॉस्ट एक मनोरंजक खोजी ड्रामा थ्रिलर है जो एक उच्च खोज, सहानुभूति और अखंडता के खोए हुए मूल्यों की खोज को दशार्ती है।

निर्देशक अनिरुद्ध रॉय चौधरी ने साझा किया, मुझे खुशी है कि फिल्म को विभिन्न फिल्म समारोहों में इस तरह के जबरदस्त स्वागत के लिए खोला गया और मैं अब आईएफएफआई जैसे प्रतिष्ठित मंच पर फिल्म के भव्य प्रीमियर के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं।

सच्ची घटनाओं से प्रेरित, लॉस्ट एक उत्साही युवा महिला क्राइम रिपोर्टर की कहानी है जो एक युवा थिएटर एक्टिविस्ट के अचानक गायब होने के पीछे की सच्चाई की अथक खोज में है।

दिलचस्प नाटक में एक शक्तिशाली कलाकार है - यामी के साथ, फिल्म में पंकज कपूर, राहुल खन्ना और नील भूपालम, पिया वाजपेयी और तुषार पांडे सहित युवा प्रतिभाओं का एक समूह प्रमुख भूमिकाओं में होगा।

जी स्टूडियोज के सीबीओ, शारिक पटेल ने कहा, लॉस्ट निश्चित रूप से एक अनूठी फिल्म है, एक थ्रिलर की आड़ में मानवता की कहानी है। हम त्योहार में इसके स्वागत और फिर भारत में इसकी नाटकीय रिलीज के लिए तत्पर हैं।

कहानी श्यामल सेनगुप्ता और अनिरुद्ध रॉय चौधरी द्वारा लिखी गई है, पटकथा श्यामल सेनगुप्ता द्वारा लिखी गई है और संवाद रितेश शाह द्वारा लिखे गए हैं। फोटोग्राफी के निदेशक अविक मुखोपाध्याय हैं।

संगीत शांतनु मोइत्रा द्वारा रचित है, और गीत स्वानंद किरकिरे द्वारा लिखे गए हैं। लॉस्ट का निर्माण जी स्टूडियो, शरीन मंत्री केडिया, किशोर अरोड़ा, सैम और इंद्राणी मुखर्जी ने किया है।

नमः पिक्र र्स के निमार्ता शारीन मंत्री केडिया ने कहा - आईएफएफआई वास्तव में लॉस्ट को प्रदर्शित करने के लिए एक प्रतिष्ठित मंच है। हमने हमेशा सम्मोहक कहानियों को सामने लाने और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समारोहों में फिल्म के उत्साहजनक स्वागत के बाद विश्वास किया है।




# कार्तिक ने फिल्म फ्रेडी के लिए बढ़ाया 14 किलो वजन

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अपनी आने वाली फिल्म फ्रेडी के लिये 14 किलोग्राम वजन बढ़ाया है। कार्तिक आर्यन जल्द फिल्म 'फ्रेडी' में नजर आने वाले हैं। शशांक घोष के निर्देशन में बनी थ्रिलर फिल्म 'फ्रेडी' में कार्तिक के साथ अलाया एफ भी नजर आएंगी। फिल्म 'फ्रेडी' डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

कार्तिक आर्यन ने फिल्म फ्रेडी के लिए अपना बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन किया है।बताया जा रहा है कि कार्तिक आर्यन ने फ्रेडी के लिये 14 किलो वजन बढ़ाया है। कार्तिक ने बेहद स्ट्रिक्टली नियमों और डाइट प्लान को फॉलो करते हुए कुछ दिनों में ही अपना वेट बढ़ा लिया। कार्तिक आर्यन ने कहा, मेरे लिए फ्रेडी का किरदार काफी दिलचस्प और आश्चर्यजनक स्क्रिप्ट में से एक है। जब मैंने देखा कि इस कैरेक्टर के लिए मुझे वजन बढ़ाने की जरूरत होगी, तो मैंने अन्य तैयारियों के साथ इसकी तैयारी भी शुरू कर दी। क्योंकि मैं इस किरदार को निभाने के लिए बेहद एक्साइटेड था।






# विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली फिल्म दा वेक्सीन वॉर की घोषणा की

फिल्म निमार्ता विवेक अग्निहोत्री ने बृहस्पतिवार को अपनी अगली फिल्म दा वेक्सीन वॉर की घोषणा की। निर्देशक ने अपनी आखिरी फिल्म दा कश्मीर फाइल्स की सफलता के बाद नई फिल्म के लिए ट्वीटर पर जानकारी साझा की।

उन्होंने लिखा, दा वेक्सीन वॉर एक ऐसे युद्ध की कहानी को बयां करती है जो आप नहीं जानते। भारत ने यह युद्ध लड़ा और अपने विज्ञान, साहस और महान भारतीय मूल्यों के साथ जीता।

अग्निहोत्री ने कहा कि फिल्म अगले साल 15 अगस्त को ग्यारह भाषाओं - हिंदी, अंग्रेजी, गुजराती, पंजाबी, भोजपुरी, बांग्ला, मराठी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, उर्दू और असमिया में रिलीज होगी।

उन्होंने कहा, दा वेक्सीन वॉर स्वतंत्रा दिवस पर ग्यारह भाषाओं में रिलीज होगी। हमें आशीर्वाद दें।

निर्देशक ने फिल्म का पोस्टर भी जारी किया।

फीचर प्रोजेक्ट का निर्माण अग्निहोत्री की अभिनेत्री पत्नी पल्लवी जोशी की आई एम बुद्धा प्रोडक्शंस और अभिषेक अग्रवाल, अपने बैनर अभिषेक अग्रवाल आर्ट्स के माध्यम से करेंगे।

जोशी ने कहा, दा वेक्सीन वॉर चिकित्सा कर्मियों और वैज्ञानिकों के असीम समर्थन और समर्पण के लिए श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म हमारे उत्कृष्ट वैज्ञानिकों की जीत का जश्न मनाती है।

# प्रशांत मिस्त्री ने दोस्ताना में जॉन अब्राहम को दी ट्रेनिंग को किया याद



जॉन अब्राहम, अभिषेक बच्चन और प्रियंका चोपड़ा-स्टारर फिल्म दोस्ताना को 14 साल पूरे होने वाले हैं, तो ऐसे में सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर प्रशांत मिस्त्री ने जॉन के साथ काम करने वाले उस समय को याद किया।

उन पलों को याद करते हुए प्रशांत कहते हैं, मैं उनके जुनून से प्यार करता था और जॉन के साथ काम करने का आनंद लेता था क्योंकि वह धार्मिक रूप से काम करते थे और बहुत समय के पाबंद थे। मैंने उन्हें स्क्रीन के लिए वांछित परिणाम तक पहुंचने के लिए छह महीने तक प्रशिक्षित किया।

तरुण मनसुखानी द्वारा निर्देशित और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, दोस्ताना, 2008 की एक रोमांटिक कॉमेडी है, जिसमें अभिषेक बच्चन, जॉन अब्राहम और प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह जॉन और अभिषेक द्वारा चित्रित दो दोस्तों की कहानी थी, जो ऑन-स्क्रीन चरित्र प्रियंका चोपड़ा के साथ एक फ्लैट साझा करने के लिए फिल्म में समलैंगिक होने का नाटक करते हैं। यह फिल्म 14 नवंबर 2008 को रिलीज हुई थी।

प्रशांत को मंदिरा बेदी, सारा जेन डायस और आदित्य पंचोली की बेटी सना पंचोली को ट्रेनिंग देने के लिए जाना जाता है। वह उनके जुनून और छह महीने में सिक्स-पैक एब्स और एक टोंड बॉडी पाने के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए उनकी सराहना करते हैं।

आगे प्रशांत ने साझा किया, दोस्ताना के प्रशिक्षण के दिनों में, मैंने जॉन के हर काम के लिए जुनून देखा। वह युवाओं के लिए सही उदाहरण हैं। जॉन ने बहुत मेहनत की और मैंने उनकी कड़ी मेहनत तब देखी जब हम अपने लक्ष्य तक पहुँच गए।



# पठान में दीपिका पादुकोण को उनके सबसे हॉट अंदाज में दिखाया जाएगा : सिद्धार्थ आनंद



शाहरुख खान की बहुचर्चित फिल्म पठान के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद का कहना है कि फिल्म दीपिका पादुकोण को उनके सबसे अच्छे रूप में पेश करेगी और अभिनेत्री अपनी उपस्थिति से सभी को मंत्रमुग्ध कर देंगी जैसा पहले कभी नहीं हुआ।

सिद्धार्थ कहते हैं, दीपिका पादुकोण हिंदी सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़े सुपरस्टार के साथ हैं। और हमें पता था कि हमने पठान में उनके लिए एक ऐसी भूमिका लिखी है जो न केवल लुभावनी है और उनके सुपरस्टारडम को भी दिखाती है। पठान अभिनेत्री को शायद अपने सबसे हॉट और साथ ही सबसे कूल अंदाज में दिखाएगी।

ओम शांति ओम, चेन्नई एक्सप्रेस और हैप्पी न्यू ईयर जैसी शानदार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को देखते हुए शाहरुख और दीपिका भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी ऑन-स्क्रीन जोड़ियों में से एक हैं। शाहरुख और दीपिका की हाल ही में पठान के सेट से कुछ तस्वीरें भी सामने आई, जिसमें दोनों मस्ती करते नजर आ रहे हैं। सुपर-हॉट जोड़ी के बारे में, सिद्धार्थ कहते हैं, दीपिका और शाहरुख खान की ऑन-स्क्रीन जोड़ी शायद भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे बड़ी जोड़ियों में से एक है, जो अतीत में उनकी अविश्वसनीय सफलताओं को देखते हुए है पठान में हमने प्रस्तुत किया है। शाहरुख और दीपिका एक तरह से अभूतपूर्व हैं।

वह आगे कहते हैं, उनकी एक-दूसरे के साथ इलेक्ट्रिक केमिस्ट्री है और वे एक साथ इतने हॉट लगते हैं। उनकी जैसी जोड़ी को ढूंढना दुर्लभ है और उनकी जोड़ी पठान के लिए एक बड़ी यूएसपी है। पठान 25 जनवरी, 2023 को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी।

# बिग बॉस 16: इस बार वीकेंड एपिसोड में उतरेगी सितारों की भीड़



बॉलीवुड एक्टर सलमान खान द्वारा होस्ट किए जाने वाले बिग बॉस 16 के आगामी सप्ताहांत एपिसोड में वरुण धवन, कृति सनोन, सनी लियोनी और अर्जुन बिजलानी जैसी हस्तियां अतिथि के रूप में दिखाई देंगी। सनी और अर्जुन सबसे पहले शो में शामिल होंगे क्योंकि वे युवा आधारित रियलिटी शो स्प्लिट्सविला के अपने आगामी सीजन का प्रचार करेंगे। फिर वरुण और कृति अगले एपिसोड में अपनी आगामी कॉमेडी कॉमेडी भेड़िया का प्रचार करते नजर आएंगे। गौरतलब है कि, बिग बॉस 16 में अर्चना गौतम को तड़के 3.00 बजे घर से बाहर निकलने का रास्ता दिखाया गया, जब उनका साथी हाउसमेट शिव ठाकरे से झगड़ा हो गया। सोशल मीडिया पर इसको लेकर कई सारे चर्चें हो रहे हैं। इस हफ्ते घर से बेघर होने के लिए सुंबुल तौकीर और प्रियंका चौधरी के साथ गौरी को नॉमिनेट किया गया था। हालांकि, यह साफ नहीं है कि लड़ाई के बाद अर्चना के शो से बाहर होने के बाद एविक्शन होगा या नहीं।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।